मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.2 | 27.5 |
| जमशेदपुर | 35.1 | 25.7 |
| डालटनगंज | 35.4 | 24.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, रविवार 07 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 02 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 89 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### चैंबर के सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में हेमंत ने कहा- झारखंड का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता

# अब स्टार्ट अप पर जोर

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में जो भी उद्योग हैं और जो भी नए उद्योग आने वाले हैं, उनके प्रति सरकार की सकारात्मक सोच है. राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो. अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों. हमारी सरकार उद्योगों और उद्योग स्थापित करने वालों को पूरा सहयोग करेगी. सीएम शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य बोल रहे थे.

उन्होंने कहा कि झारखंड में कई उद्योग हैं जो पुराने हैं. उद्यमियों की पीढ़ी-दर-पीढ़ी यहां व्यवसाय कर रही. वे आर्थिक- सामाजिक और भौगोलिक स्थितियों से वाकिफ हैं. वे अच्छी तरह इस राज्य को समझ सकते हैं. दूसरे नहीं समझ सकते हैं. ऐसे में आपके साथ मिल कर राज्य का सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य है. उन्होंने कहा, युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए अब सरकार स्टार्टअप पर पूरा जोर लगाएगी. कान्क्लेव में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सचिव परेश गट्टानी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे.



मुख्यमंत्री को सम्मानित करते चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री. साथ में सांसद महुआ माजी भी हैं.

### देश के नीति- निर्धारकों ने समझा था राज्य की अहमियत को

सीएम ने कहा कि आजादी के बाद देश के नीति-निर्धारकों ने इस राज्य की अहमियत को समझा था. इसी का नतीजा था कि हमारे राज्य में कई बड़े उद्योग स्थापित हुए. टाटा और बिरला जैसे कई उद्योग समूहों ने अपने उद्योग लगाए. इसी राज्य में कोल इंडिया की सबसे ज्यादा गतिविधियां संचालित हो रही है. देश का पहली फर्टिलाइजर इंडस्ट्री लेकर माइनिंग इंस्टीट्यूट एवं उद्योग जगत की जननी से मशहूर हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) भी हमारे राज्य में स्थापित है. लेकिन, जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया और परिस्थितियों कुछ ऐसी बनती गई कि यहां के कई उद्योग -धंधे बंद हो गए. जिन उद्योगों का विस्तार होना था, वे सिमटते गए. इस वजह से लोग बेरोजगार भी हुए. लेकिन, हमारी सरकार उद्योगों की ऐसी बुनियाद डालना चाहती है, जिसका लाभ लोगों को पीढ़ी-दर- पीढ़ी मिल सके. इसमें झारखंड चैंबर्स का जो भी सुझाव होगा, उस पर सरकार सकारात्मक अमल करते हुए पूरा सहयोग करेगी.

**बोले सीएम**

- उद्योग और उद्योगपतियों के प्रति सरकार की है सकारात्मक सोच
- अधिक से अधिक रोजगार सृजन के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- युवा स्टार्टअप शुरू करें, राज्य सरकार करेगी पूरा सहयोग

### स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के लिए सरकार करेगी सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी बनाई है. हालांकि, इस राज्य में स्टार्टअप को जितना बढ़ावा मिलना चाहिए था, उसमें थोड़ा पीछे हैं. लेकिन, सरकार जल्द ही स्टार्टअप को मजबूती और बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाएगी. स्टार्टअप के जरिए युवा रोजगार से जुड़े और दूसरों को भी रोजगार दें, इस सोच के साथ सरकार आगे बढ़ेगी.

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज



**नेत्रदान के साथ भाई-बहन संग भगवान जगन्नाथ ने दिए दर्शन :** नेत्रदान अनुष्ठान के बाद शनिवार की शाम दर्शन मंडप में भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग विराजे भगवान जगन्नाथ और भगवान की स्तुति कर जयघोष करते पुरोहित और श्रद्धालु. भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आज निकाली जाएगी. **(फोटो : सैयद जावेद रमीज)**

### विश्वासमत से पहले सत्ता पक्ष के विधायकों की आज बैठक, कल की बनेगी रणनीति

## कोई दिक्कत नहीं, हम एकजुट: ठाकुर

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा में सोमवार को विश्वास मत हासिल करने से पहले गठबंधन में शामिल दलों के विधायकों की बैठक रविवार को होगी. इस बैठक में फ्लोर टेस्ट के लिए रणनीति तय की जाएगी. फ्लोर टेस्ट के बाद उसी दिन कैबिनेट का विस्तार भी प्रस्तावित है. बैठक कांके रोड में सीएम आवास में होगी. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया, रविवार को फ्लोर टेस्ट में रणनीति तय करने के लिए सीएम आवास में बैठक बुलाई गई है. हम लोग पूरी तरह एकजुट हैं.

**बीजेपी ने उठाए सवाल | हेमंत में नहीं है हिम्मत कि विश्वास मत से पहले कर लें कैबिनेट का विस्तार**

इधर, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सीएम पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि हेमंत में हिम्मत नहीं है कि वे विश्वास मत से पहले कैबिनेट का विस्तार कर लें. नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन तो बस मुखौटा हैं. उनके पीछे सत्ता चलाने वालों से कुछ दिन भी रुका नहीं गया और उन्होंने तख्ता पलट करवा दिया. उन्होंने एक्स पर लिखा- सदन में विश्वास मत हासिल करने से पूर्व मंत्रिमंडल विस्तार आखिर क्यों नहीं? मैं चुनौती देता हूं कि चंपाई के साथ किए गए दुर्व्यवहार के बाद ऐसा करने की हेमंत हिम्मत भी नहीं कर पाएंगे. जिस तरह से चंपाई सोरेन को हटाकर वे राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं, वो न्यायसंगत नहीं है. इस तरह का अनुचित कदम उठाने के बाद हेमंत सोरेन में इतना साहस नहीं रह गया है कि वो विश्वास मत से पहले किसी को मंत्री बना सकें. जिस प्रकार चंपाई सोरेन को बेइज्जत किया गया, उस पर सोरेन परिवार के प्रति पूरे राज्य भर से बेहद ही खराब प्रतिक्रिया आ रही है.

**सूचना**

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर विशेष आयोजन देखें पेज 9 पर. आज आनेवाला 'आखर' पेज अब मंगलवार को आएगा.

**ब्रीफ खबरें**

### केजरीवाल षडयंत्र के शिकार: सुनीता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल को गहरी साजिश का शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान पर उन्हें गिरफ्तार किया. उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने केजरीवाल को तेदेपा के सांसद के बयान पर गिरफ्तार किया था. तेदेपा सत्तारूढ़ एनडीए का घटक दल है. सुनीता केजरीवाल ने लोगों से अपने पति का समर्थन करने का अनुरोध किया.

### हाथरस भगदड़ कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)।** यूपी के हाथरस में दो जुलाई को मची भगदड़ के मामले में मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को हाथरस पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार कर लिया है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी.

### बसपा नेता की हत्या में आठ पकड़े गए

**चेन्नई।** बसपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या के सिलसिले में कम से कम आठ संदिग्धों को पकड़ा गया है. इस बीच, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने नेता की मौत पर गहरा दुख दुख व्यक्त किया है.

### कश्मीर में आतंकी मुठभेड़, सैनिक शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया. सेना पूरे इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश में जुट गयी है.

### मैं चुनावी दौड़ से बाहर नहीं: बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई पहली बहस में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें मुकाबले से बाहर होने के लिए राजी कर सकते हैं. -पेज 12 भी देखें

### 1,84,268 कर्मी दूसरे स्थानों से, निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण लागू करना चुनौती

## राज्य के निजी क्षेत्रों में कार्यरत 2,30,156 कर्मचारियों में सिर्फ 45,887 ही स्थानीय

**संडे खास**

रवि भारती। रांची


झारखंड के निजी क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों में से दो तिहाई बाहरी हैं. मात्र एक तिहाई लोग ही स्थानीय हैं. संख्या के हिसाब से बात करें, तो राज्य की विभिन्न कंपनियों काम कर रहे कुल 2,30,158 कर्मचारियों में से मात्र 45,887 कर्मचारी ही स्थानीय हैं. बाकी बचे 1,84,268 कर्मचारी दूसरे स्थानों के हैं.

बता दें कि राज्य सरकार ने निजी क्षेत्र की कंपनियों और प्रतिष्ठानों में नौकरी के लिए 75 फीसदी आरक्षण स्थानीय लोगों को देने के लिए एक्ट बनाया है, लेकिन इस नियम का पालन कहीं नहीं हो रहा है. जबकि यह नियम 12 सितंबर 2022 से राज्य में लागू है. इस नियम के तहत प्रावधान है कि वैसी निजी कंपनियां या प्रतिष्ठान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन कंपनियों और प्रतिष्ठानों को झारनियोजन के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना आनिवार्य है. अगर इन संस्थानों में कोई भी वैकेंसी निकाली जाती है, तो 40 हजार तक के पदों पर नियुक्ति में 75 फीसदी स्थानीय को ही नियुक्त करना है.

### झारखंड में हैं कुल 6998 नियोक्ता

बता दें कि झारखंड में कुल 6998 नियोक्ता हैं. इन नियोक्ताओं ने मौजूदा समय में सिर्फ 45,887 स्थानीय लोगों को ही नौकरी दी है. इसमें 36,677 स्थानीय पुरुष कर्मचारी हैं, जबकि महिला स्थानीय कर्मचारियों की संख्या 9210 ही है. बात करें दूसरे राज्यों के कर्मचारियों की, तो इस कटेगरी में पुरुष कर्मचारियों की संख्या 1,60,458 है. जबकि दूसरे स्थानों की महिला कर्मचारियों की संख्या 23,003 है.

**निजी क्षेत्रों में किस साल कितने को मिली नौकरी**




**झारखंड के निजी क्षेत्रों में कैसा रहा है सैलरी का ट्रेंड**

| कैटेगरी | कर्मचारी |
|---|---|
| 12 हजार से अधिक | 81,234 |
| 14 से 16 हजार | 33,937 |
| 16 से 18 हजार | 19,848 |
| 18 से 20 हजार | 13,309 |
| 20 से 25 हजार | 16,585 |
| 25 से 30 हजार | 14,973 |
| 30 से 35 हजार | 9,719 |
| 35 से 40 हजार | 6,010 |



**क्या है निजी उद्योगपतियों का तर्क**

निजी क्षेत्र में स्थानीय नियोजन में 75 फीसदी आरक्षण नियम को लेकर उद्योगपतियों के अपने तर्क हैं. इस नियम की वजह से कुशल मजदूर मिलने में कठिनाई हो रही है. नियम की वजह से लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों में छंटनी का डर सताने लगा है. जिससे ऐसे संस्थानों का कामकाज प्रभावित हो रहा है. स्थानीय कर्मचारी ज्यादा दिन तक श्रम कानूनों के मुताबिक काम नहीं करते हैं. जब तक झारखंड कुशल मजदूर तैयार करने में सक्षम नहीं होता, तब तक 75 फीसदी स्थानीय मजदूर रखने की बाध्यता शिथिल होनी चाहिए.

### 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री



**नयी दिल्ली।** देश में 18वीं लोकसभा के गठन के बाद अब मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करने जा रही है. केंद्रीय बजट 2024 की तारीखों का ऐलान भी हो गया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में बजट पेश करेंगी. दरअसल, 18वीं लोकसभा का पहला सत्र समाप्त हो चुका है. इसमें नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण हुआ और संसद की संयुक्त बैठक हुई थी, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया था.

- तारीखों का हुआ ऐलान, 22 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का बजट सत्र

अब सबकी निगाहें बजट सत्र पर टिकी हैं. 22 से 12 अगस्त तक संसद सत्र चलेगा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट सत्र की जानकारी एक्स हैंडल पर दी. उन्होंने बताया, सरकार की संस्तुति पर राष्ट्रपति ने बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. केंद्रीय बजट 2024-25, 23 को लोकसभा में पेश किया जाएगा.

बजट से इसलिए भी अधिक उम्मीदें हैं क्योंकि राष्ट्रपति ने संसद के अपने संयुक्त संबोधन में कहा था कि इस बार कई ऐतिहासिक कदम देखने को मिलेंगे. उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में तेजी से सुधार होने की भी बात कही थी.

### अहमदाबाद में प्रतिपक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## अयोध्या में हराया, गुजरात में भी भाजपा को हराएंगे: राहुल

एजेंसी। अहमदाबाद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को यहां कहा कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव में भाजपा को उसी तरह हराएगी, जैसे उसने हालिया लोकसभा चुनाव में अयोध्या में उसे हराया. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की.

गांधी ने कहा, भाजपा ने हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचा कर हमें चुनौती दी है. मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिल कर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे, जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है. यह लिख कर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेंद्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था. उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में जीतेगी और इस राज्य से वह एक नयी शुरुआत करेगी. बता दें कि अहमदाबाद के पालडी इलाके में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव गांधी भवन के बाहर दो जुलाई को कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों के बीच उस समय झड़प हो गई थी, जब भाजपा की युवा शाखा के सदस्य हिंदुओं के बारे में गांधी की टिप्पणी का विरोध करने के लिए वहां पहुंचे थे. राहुल ने इसी घटना का जिक्र करते हुए यह बात की.



### राम मंदिर के कार्यक्रम में अडानी-अंबानी दिखे लेकिन आडवाणी नहीं

राहुल ने कहा, आपने भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को रथयात्रा में रथ पर देखा था, मोदी ने मदद की थी, ये कहा जाता है. मैं पार्लियामेंट में सोच रहा था कि राम मंदिर के कार्यक्रम में अडानी-अंबानी दिखे, लेकिन गरीब नहीं दिखे. आडवाणी नहीं दिखे. मंदिर से भाजपा ने राजनीति की शुरुआत की, पर अयोध्या हार गए. मुझे बताया गया कि अयोध्या में बहुत लोगों से जमीन ली गई, दुकानें तोड़ी और उन्हें मुआवजा नहीं मिला. एयरपोर्ट बना, किसानों की जमीन गई, सही मुआवजा नहीं मिला. अयोध्या की जनता को गुस्सा आया कि राम मंदिर के उद्घाटन में अयोध्या का कोई नहीं था.

**विडंबना** एनसीआईएसएम ने आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्धा और सोवा-रिग्पा के लिए 'नेक्स्ट' परीक्षा का निर्णय लिया है

## मेडिकल एजुकेशन के साथ लाखों छात्रों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

डॉ अनुज कुमार

एक जरूरी खबर, जो मेन स्ट्रीम मीडिया से लगभग गायब है. पढ़िये और समझिए कि मेडिकल एजुकेशन के साथ-साथ लाखों छात्रों के भविष्य के साथ कैसे मनमाने ढंग से खेला जा रहा है. नेशनल कमिशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) ने आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्धा और सोवा-रिग्पा के छात्रों के लिए 'नेक्स्ट' परीक्षा का निर्णय लिया है. यानी अपनी ग्रेजुएशन की सारी पढ़ाई पूरी कर लेने के बाद, फाइनल परीक्षा पास करने के बाद छात्रों को फिर से एक परीक्षा देनी होगी, ताकि वो प्रैक्टिस कर सकें या पीजी में एडमिशन ले सकें. किसी भी अन्य कोर्स में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है.ऐसे में ...



- **पहला सवाल** यह है कि मेडिकल एजुकेशन में ही छात्रों पर यह अतिरिक्त परीक्षा का बोझ क्यों?
- **दूसरा सवाल** कि अपने नोटिफिकेशन में एनसीआईएसएम ने कहा है कि जिन छात्रों ने अपनी इंटर्नशिप 20 दिसंबर 2023 को या इसके बाद शुरू की, उन्हें ये परीक्षा देनी होगी. इसका मतलब ये हुआ कि 2016/ 2017 / 2018 बैच के कुछ छात्र 'नेक्स्ट' परीक्षा देंगे और कुछ नहीं. यानी एक ही बैच के छात्रों पर दो अलग-अलग नियम लागू होंगे. ये कैसे तर्क संगत है. क्या एनसीआईएसएम के पास इसका जवाब है? **तीसरा सवाल** कि इन सारे बैच के छात्रों ने जब एडमिशन लिया, तो उन्हें कुछ और जानकारी थी कि जिस कोर्स में उन्होंने एडमिशन लिया, उसमें क्या-क्या परीक्षाएं उन्हें देनी होंगी. छात्रों के एडमिशन लेने के बाद उनके माथे पर एक और परीक्षा को जबरन ला के रख दिया गया. ये नैसर्गिक न्याय नहीं. अगर परीक्षा लेनी ही थी, तो नये सत्र से क्यों नहीं लागू किया जा रहा? एनसीआईएसएम को अचानक इतनी क्या जल्दी आ पड़ी कि पिछले सत्र के छात्रों पर भी इसे लागू कर दिया. किसी कोर्स में जब कोई छात्र एडमिशन ले रहा है, तभी उसे स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए कि उसे क्या-क्या परीक्षा देनी है. अचानक सरकार जागती है और बीच सत्र में इतना बड़ा परिवर्तन कर देती ही. ये कैसे उचित है?
- **चौथा सवाल** कि एमबीबीएस के छात्रों पर भी 'नेक्स्ट' परीक्षा लागू होनी थी, लेकिन उसे टाल दिया गया. पर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन में इसको आनन-फानन में लागू कर दिया गया. इसकी वजह क्या है? क्या यह वजह है कि बड़े-बड़े अधिकारियों और मंत्रियों के बच्चे अल्टरनेटिव मेडिसिन में नहीं, बल्कि एमबीबीएस का कोर्स करते हैं. मेडिकल एजुकेशन में एक समान नियम सरकार क्यों नहीं ला पा रही है? इसकी क्या वजह है?
- **पाचवां सवाल** कि सारा बोझ बच्चों पर क्यों? अगर किसी कॉलेज के 50 फीसदी से ज्यादा बच्चे 'नेक्स्ट' परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होते हैं, तो एनसीआईएसएम उस कॉलेज पर क्या कर्रवाई करेगा? क्या एनसीआईएसएम ने इसको लेकर कोई रूपरेखा बनायी है? अगर नहीं बनायी है, तो इसका मतलब स्पष्ट है कि इस परीक्षा का उद्देश्य शिक्षा के स्तर को सुधारना नहीं, बल्कि मात्र एक खानापूर्ति है, जो सिर्फ छात्रों की मानसिक और आर्थिक परेशानी को बढ़ायेगा. सरकार को चाहिए कि इस नोटिफिकेशन को तत्काल रद्द करे. अगर इसे लागू करना भी है, तो नये सत्र से करे और वो भी इस परीक्षा के सही उद्देशों को स्पष्ट करने के बाद. मेडिकल एजुकेशन और हेल्थ पॉलिसी को लेकर सरकार को और काफी ज्यादा सजग और संजीदा होने की आवश्यकता है.

**(डॉ. अनुज कुमार पेशे से एक मैक्सिलोफेशियल सर्जन और पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट हैं.)**

## नीट यूजी की काउंसलिंग टली जल्द घोषित होंगी नई तिथियां

एजेंसी। नयी दिल्ली

नीट यूजी काउंसिलिंग को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है. एनटीए ने शनिवार को होने वाली काउंसलिंग टाल दी. शिक्षा मंत्रालय जल्द ही नई संशोधित तारीखों की घोषणा करेगा. यह स्थगन तब हुआ, जब सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग में देरी करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि यह कोई खुली और बंद प्रक्रिया नहीं है. कोर्ट ने दोहराया था कि नीट यूजी काउंसलिंग को रोका नहीं जाएगा. सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई सोमवार करेगा. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस असदुद्दीन इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं.

इससे पहले शुक्रवार को केंद्र ने परीक्षा रद्द न करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था. सरकार ने कहा था नीट की परीक्षा रद्द नहीं की जा सकती, इससे लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों के भविष्य पर उल्टा प्रभाव पड़ेगा.

**सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को मामले की सुनवाई**

### कांग्रेस ने कहा-पीएम और शिक्षा मंत्री असंवेदनशील

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित होने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, पूरा नीट यूजी मामला हर दिन बदतर होता जा रहा है. इससे साफ होता है कि प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री इस मामले में कितने अक्षम और असंवेदनशील हैं. हमारे लाखों युवाओं का भविष्य उनके हाथों में बिल्कुल सुरक्षित नहीं है.

# दूसरे राज्यों में छिप नहीं पाएंगे क्रिमिनल, हवाई जहाज से जाकर दबोचेगा जांच दल

प्रमुख संवाददाता। रांची

गृह, कारा व आपदा प्रबंधन विभाग ने अपराध पर नियंत्रण, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने और व्यापक न्यायहित में समय की बचत के लिए हाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था. प्रस्ताव में कहा गया था कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपराधों की जांच करने वाली पुलिस टीमों को वायुयान यात्रा की अनुमति दी जाए. इस पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि इस सुविधा का उपभोग तभी किया जाय, जब यात्रा का गंतव्य बिंदू सड़क मार्ग से 400 किलोमीटर से अधिक हो, बशर्ते हवाई यात्रा से पूर्व विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान संचिव या सचिव से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा.



**क्या था गृह विभाग का प्रस्ताव**

गृह, कारा व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रस्ताव दिया गया था कि राज्य में विभिन्न अपराध की घटनाओं में दर्ज किए गए मामलों की संख्या के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी के मामले में भारी वृद्धि हुई है. अपराधी द्वारा सिम कार्ड उपयोगकर्ता बैंक खाताधारक और आईपी पते द्वारा देश के विभिन्न स्थानों से साइबर अपराध किया जाता है. डिजिटल डाटा को आसानी से हेरफेर किया जा सकता है या मिटाया जा सकता है. विभिन्न अपराध के अपराधियों को दूर-दराज एवं भीड-माड वाली जगहों से सड़क या रेल मार्ग से ट्रांजिट रिमांड पर लाना असुरक्षित और जोखिम भरा है. लंबी यात्रा में अतिरिक्त पुलिस बल और अधिक खर्च की संभावना रहती है. देश के अन्य हिस्सों में अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने पर स्थानीय मजिस्ट्रेट द्वारा अनिच्छा से अक्सर 24-48 घंटे से अधिक लंबी अवधि का ट्रांजिट रिमांड दिया जाता है, जिससे गिरफ्तार अभियुक्त को वापस लाना मुश्किल होता है.

- 400 किलोमीटर से अधिक दूर जाने पर मिलेगी हवाई यात्रा की सुविधा
- अविलंब गिरफ्तारी और सजा दिलाने में होगी समय की बचत
- **हवाई यात्रा की सुविधा देश की सीमा के अंदर ही अनुमान्य होगी**
- गृहकारा-आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव पर लगी मुहर, संकल्प जारी

### वर्तमान में हवाई यात्रा के ये हैं हकदार

- लेवल 15, लेवल 16 एवं लेवल I 17 का वेतनमान प्राप्त करने वाले सरकारी अफसर एक्जेक्यूटिव श्रेणी में यात्रा के हकदार
- लेवल 12, लेवल 13, लेवल 13ए एवं लेवल 14 का वेतनमान प्राप्त करने वाले इकोनोमी श्रेणी में यात्रा के हकदार होंगे
- लेवल 10 व लेवल 11 का वेतनमान प्राप्त करने वाले सरकारी सेवकों को वायुयान से इकोनोमी श्रेणी में यात्रा की अनुमति विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव के द्वारा शर्तों के अधीन दी जा सकेगी. जिसमें इस प्रावधान का उपयोग अत्यंत ही विशेष परिस्थिति में किया जाय. यात्रा व्यय मद में उपबंधित राशि को भी ध्यान में रखा जाय. स्वीकृति आदेश में अत्यंत विशेष परिस्थिति को स्पष्ट किया जाय

### इन शर्तों पर मिली है हवाई यात्रा की स्वीकृति

- विभिन्न अपराधों से संबंधित वादों की जांच के लिए पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं गिरफ्तार आरोपी व अभियुक्त को वायुयान से यात्रा के लिए महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी प्रमुख व निगरानी प्रमुख से अनुमति अनिवार्य होगी
- वायुयान से यात्रा की सुविधा का उपयोग केवल तभी किया जाएगा, जब ऑपरेशनल जस्टिफिकेशन सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमोदित किया गया हो
- इस तरह की यात्रा की अनुमति देने वाले प्राधिकार यह सुनिश्चित करेंगे कि जांच के लिए गठित पुलिस टीम में आवश्यकता के अनुरूप व न्यूनतम व्यक्ति अनुमान्य किए जाय
- हवाई यात्रा देश की सीमा के अंदर ही अनुमान्य होगी
- वायुयान से यात्रा की अनुमति के पूर्व प्रारंभिक जांच से संतुष्ट होकर ही अनुमति दी जाए
- वायुयान यात्रा के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा कि समान परिस्थितियों में न्यूनतम किराया वाली हवाई यात्रा का चयन किया जाय

## ब्रीफ खबरें

### सीएम हेमंत से मिलीं डॉ. अजिता भट्टाचार्य



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग की सदस्य डॉ. अजिता भट्टाचार्य ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी.

### 10वीं व 12वीं की पूरक परीक्षा की तिथि जारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10 वीं और 12 वीं की पूरक परीक्षाओं की तिथि की घोषणा कर दी है. 10 वीं की पूरक परीक्षा नौ से 13 जुलाई तक चलेगी. वहीं 12 वीं की पूरक परीक्षा नौ से 16 जुलाई तक चलेगी. 10वीं और 12वीं की परीक्षा दो पालियों में होगी. पहली पाली की परीक्षा सुबह सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी.

**10वीं की पूरक परीक्षा नौ से 13 जुलाई तक चलेगी. नौ से 16 जुलाई तक होगी12वीं की पूरक परीक्षा**

### सचिव ने 18 जुलाई को समीक्षा बैठक बुलायी

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव ने सभी जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 जुलाई को बुलायी है. बैठक में खेल निदेशक, पर्यटन निदेशक और सांस्कृतिक निदेशक भी शामिल रहेंगे. इस बैठक में 12 बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी. इनमें स्वीकृत / निर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम की डिटेल रिपोर्ट, जहां रिपेयरिंग/रेनोवेशन की जरूरत हो, उससे जुड़ा प्रस्ताव, सिदो कान्हू युवा क्लब निबंधन की मौजूदा स्थिति, जहां-जहां प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है, उसके प्रस्ताव की समीक्षा की जाएगी. इस संबंध में विभाग ने पांच जुलाई को पत्र जारी किया है.

### सत्र के दौरान अफसर रहें उपस्थित : दादेल

**रांची।** कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने आदेश जारी कर कहा है कि आठ जुलाई को होने वाले विधानसभा के 16वां सत्र के दौरान सभी पदाधिकारियों को दिन के 11 बजे उपस्थित रहना अनिवार्य है. विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी सदन की दीर्घा में मौजूद रहेंगे. बताते चलें कि आठ जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वासमत हासिल करेंगे.

### चैंबर के स्टार्टअप कॉन्क्लेव मों कैश डॉटकॉम के सीईओ ने कहा

# युवा, स्टार्टअप करें रिस्क लें सफलता हर हाल में मिलेगी

रेहान अहमद। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान पर शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में झारखंड में स्टार्टअप के क्षेत्र में बेहतर इकोसिस्टम स्थापित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व राज्यसभा सांसद महेशपोद्दार, स्टार्टअप के चेयरमैन अमित अग्रवाल, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, आईटी सचिव विपरा भाल, इंद्रजीत यादव, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. कैश डाटकाम के सीईओ सुजाता बसु ने कहा कि जॉब छोड़ कर नौकरी कर रहा हूं. मुंबई में ऑफिस है. जिन्होंने तय कर लिया स्टार्टअप करना है, तो रिस्क लेना है, बिना रिस्क के कोई सक्सेस नहीं मिल सकता है. महेंद्र सिंह धौनी ने रिस्क लिया तो आज उनसे रांची व झारखंड की अलग पहचान है, वे एक ब्रांड एंबेस्डर हैं. वे एक बड़े हीरो हैं. उसी तरह हम आप सभी को सक्सेस के लिए रिस्क लेने की जरूरत है.

**2023 झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी बनी है : आईटी सचिव**

आईटी सचिव विपरा भाल ने कहा कि 2023 झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी बनी है. यह पॉलिसी पूरी तरह से ट्रांसपैरेंट होगा और फ्रेंडली होगी, जिससे स्टार्टअप करने वालों को रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे.

**युवाओं को लाभ होगा, राज्य विकास की ओर अग्रसर होगा : किशोर**

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा कार्यक्रम चैंबर की पहल पर राज्य में आयोजित किया गया. नौकरी कराना नहीं, नौकरी देने के लिये प्रयास किया है. यहां के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर दें, इस पर स्टार्टअप कॉन्क्लेव के आयोजन में कई सुझाव निकल कर आये हैं. इससे युवाओं को लाभ होगा और राज्य विकसित मार्ग की ओर अग्रसर होगा.

**झारखंड में नए युग की शुरुआत हुई : अमित अग्रवाल**

स्टार्टअप के चेयरमैन अमित अग्रवाल ने कहा कि झारखंड में नये युग की शुरुआत हुई है. सरकार ने 2023 पॉलिसी बनायी है. 10,000 वर्गफीट में उद्योग सेंटर बनेंगे. इस तरह बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा जायेगा.

**चैंबर की अच्छी पहल : महेश**

पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि चीन में स्टार्टअप से बहुत विकास हुआ है, पूरे भारत में जोश का माहौल है, सभी में कुछ ना कुछ करने का हौसला है. स्किल में बदलाव हुआ है. रोजगार को बढ़ाने का अवसर है. चैंबर की यह बहुत अच्छी पहल है.

**स्टार्टअप की एडवाइजरी पर करते हैं पूरा सपोर्ट : आशीष**

मुंबई एचडीएफसी बैंक के हेड आशिष अग्रवाल ने कहा कि स्टार्टअप से संबंधित ऑफर देते हैं. लीगल हैंड बुक तैयार किया है, इसमें इसकी जानकारी से लोग अवगत होते हैं. 15-20 सॉफ्टवेयर यूज करनी होती है. यदि कोई स्टार्टअप की एडवाइजरी के लिए आते हैं, तो उन्हें हम पूरा सपोर्ट करते हैं.

**बेसिक प्रॉब्लम ढूंढ़ कर दूर करेंगे, तो सक्सेस मिलेगी : गर्ग**

ग्रीप के फाउंडर (सीईओ) सनी गर्ग ने कहा कि बेसिक प्रॉब्लम ढूंढ़ कर उसे करना चाहिए. दिल्ली में 1 पीची हॉस्टल, फ्लैट ढूढने में लोग बहुत परेशान होते थे. हम लोगों ने इस प्रोबलम पर 20 बेड से 2017 में शुरुआत की. ढाई साल में 600 बेड हो गये. हमारी टीम ने लोन लिया, ढाई साल में चुका भी दिया. इस तरह हम आगे से आगे बढ़ते गये. उन्होंने कहा कि कॉलेज के युवा 18 से 26 की उम्र में स्टार्टअप शुरू करने का अवसर होता है. तभी सक्सेस मिलेगा.





कॉन्क्लेव में शामिल सीएम हेमंत सोरेन और कंपनियों के पदाधिकारी.

### बस लोग अपने स्टार्टअप को पहचानें और आगे बढ़ें : डॉ उरांव

इस अवसर पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रोजगार, नौकरी 2 सेक्टर होते हैं. गारमेंट सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर होते हैं. आजादी से पहले गारमेंट सेक्टर में बहुत नौकरियां थीं, तब प्राइवेट सेक्टर नहीं थे. लेकिन इस समय प्राइवेट सेक्टर अन लिमिटेड नौकरियां हैं. बस लोग अपने स्टार्टअप को पहचानें और आगे बढ़ें. मौके पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. मौके पर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, उत्तर प्रदेश, कोलकाता समेत अन्य राज्यों के बिजनेस मैन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में अपने विचार साझा किये. मौके पर बड़ी संख्या में राजधानीवासी शामिल थे.

### दूसरी जगह काम के लिए जाते हैं, उन्हें रोकें : डॉ महुआ

राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने कहा कि अपने झारखंड राज्य के लोग दूसरे जगह काम के लिए जाते हैं. उन्हें यहां रोका जाये और यहां कैसे रोजगार प्रदान करें, इस पर कार्य होने चाहिए. इस तरह अपना राज्य और तेजी से बढ़ेगा. कोलकाता में पूजा पंडाल में सजावट के निर्माण के लिए गांव की महिलाएं साल भर घर में उससे तैयार करती हैं, एक-एक पंडाल को तैयार करने में 30 से 35 लाख तक का खर्च आता है. झारखंड के गांव से दुर्गा पूजा के समय काम लिये जाये तो ये काम के लिए बाहर नहीं जाएंगे, उन्हें अपने राज्य में रोजगार मिल जाएगा. इस दिशा में पहल करने की जरूरत है.

### कुछ बनाने के लिए पैसे नहीं हिम्मत जरूरी : प्रभास

फिलिप कारबन के फाउंडर प्रभास निर्भय ने कहा कि 2014 में फिलिप कार्ड कंपनी शुरू किया. 2022 में झारखंड एंगल्स की शुरुआत की. कुछ बनाने के लिए पैसे नहीं हिम्मत की जरूरत होती है, हार्ड वर्क की नहीं स्मार्ट वर्क की जरूरत है. यदि हम सोचें की हम क्या दे सकते हैं, सिर्फ लेने वाली इच्छा को दूर करना होगा. हम खुद क्या कर सकते हैं, जब यह अपने में आ जाएगा तो सक्सेस मिल जाएगा.

### अपने क्षमता को समझें, फोकस करें : कुणाल

बैमडर के फाउंडर कुणाल प्रसाद ने कहा कि 2010 से काम शुरू किया. बीआईटी मेसरा से मैकेनिकल की पढ़ाई की. आप अपनी क्षमता को समझें, क्या कर सकते हैं, उसी पर फोकस करें, आप को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है. मैकेनिकल की पढ़ाई के बाद भी मैंने एग्रीकल्चर में फोकस किया और सक्सेस मिला, क्योंकि मेरा यही लक्ष्य था और उसे मैंने अच्छी तरह समझा. इसके लिये अच्छी टीम भी जरूरी है, जुनून है, तो परेशानी दूर होगी नहीं तो खुद दूर हो जाएंगे.

## कोर्ट की खबरें

### ईडी कंप्लेन केस में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर सीएम हेमंत की याचिका पर 15 को सुनवाई

संवाददाता। रांची

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन पर ईडी (इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट) द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में अब 15 जुलाई को सुनवाई होगी. एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तिथि तय की है.

**प्रथम दृष्टया कोर्ट ने माना कि हेमंत ने ईडी के समन का उल्लंघन किया :** एमपी एमएलए के विशेष कोर्ट में चल रही सुनवाई में कोर्ट ने प्रथम दृष्टया (प्राइमा फेसी) यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का उल्लंघन किया है. दरअसल जमीन घोटाला से जुड़े मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को अलग-अलग तारीख को 10 बार समन जारी किया था. लेकिन हेमंत सोरेन सिर्फ दो समन पर पेश हुए थे. आठ समन पर वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे,जिसे समन की अवहेलना माना गया है. इस मामले में हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट का भी रुख कर चुके हैं.

### आलमगीर ने विस सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी

**रांची।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस के विधायक आलमगीर आलम ने विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी है. इसे लेकर आलमगीर ने अपने अधिवक्ता के जरिये रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई होगी. टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने आलमगीर आलम को 15 मई को गिरफ्तार किया था. फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं. ईडी उनके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है, जिसपर कोर्ट जल्द संज्ञान ले सकता है.

### मोदी सरनेम केस : राहुल के खिलाफ 29 जुलाई को पेश की जाएगी गवाही

**रांची।** रांची एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से जुड़े एक मामले में गवाही की तिथि निर्धारित कर दी गयी है. शनिवार को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ केस करने वाले शिकायतकर्ता को गवाह प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. अब इस मामले में कोर्ट 29 जुलाई को सुनवाई करेगा. दरअसल रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है. जिसपर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है.

### शाह मामले में राहुल के खिलाफ दायर याचिका पर कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज केस में रांची सिविल कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई. पिछली सुनवाई में रांची के एमपीएमएलए विशेष कोर्ट ने राहुल के खिलाफ समन जारी किया था. अब तक कोर्ट को यह जानकारी नहीं मिली है कि राहुल गांधी को समन सर्व हुआ है या नहीं, क्योंकि कोर्ट को समन की सर्विस रिपोर्ट नहीं मिली है. राहुल के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने केस दर्ज कराया था.

### संजीव लाल की बेल पर अब 13 को सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब 13 जुलाई को सुनवाई होगी. पिछली सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था. शनिवार को न्यायालय में सुनवाई नहीं होने के कारण अगली सुनवाई के किए तिथि मिली है.संजीव लाल ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है.

# दुबई-हांगकांग में बैठकर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

सौरभ सिंह। रांची

दुबई और हांगकांग में रहकर झारखंड में ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआईडी ने लुकआउट नोटिस जारी किया है. दरअसल झारखंड में बीते कुछ महीने के दौरान हुई साइबर ठगी की वारदातों में विदेशी कनेक्शन सामने आया है. साइबर अपराधी विदेश में बैठकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं. ऐसे में सीआईडी ने विदेश में बैठे 12 साइबर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया है, ताकि ये अपराधी अगर देश के किसी भी हिस्से के एयरपोर्ट पर नजर आयें, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सके.

- विदेश में बैठकर झारखंड में ठगी कर रहे साइबर अपराधी
- सीआईडी ने 12 साइबर अपराधियों का लुकआउट नोटिस जारी किया

**सीआईडी साइबर क्राइम ब्रांच को एयर सर्विस भी करायी जा रही मुहैया :** देश के अलग-अलग हिस्सों से हाल के दिनों में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है. इसके लिए सीआईडी की ओर से साइबर क्राइम ब्रांच को एयर सर्विस भी मुहैया करायी जा रही है, ताकि साइबर अपराधियों तक पहुंचने में देर ना हो. झारखंड पुलिस अब यूपी, असम, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी छापेमारी कर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है. सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार, विदेश में बैठकर जितनी भी ठगी की जा रही है, उनमें से अधिकांश को टेलीग्राम ऐप द्वारा अंजाम दिया जा रहा है.

**संकल्प जारी** झारखंड सेवा संहिता के नियम 21 के तहत हुई घोषणा

# पेंशन, सांस्थिक वित्त, अंकेक्षण निदेशालय के हेड होंगे निदेशक

रवि भारती। रांची

झारखंड सरकार के वित्त विभाग के अधीन गठित निदेशालयों के हेड ऑफ डिपार्टमेंट निदेशक ही होंगे. बताते चलें कि वित्त विभाग को पुनर्गठित करते हुए तीन निदेशालयों पहला, पेंशन व लेखा निदेशालय दूसरा कोषागार एवं सांस्थिक वित्त निदेशालय और तीसरा अंकेक्षण निदेशालय का गठन किया गया है. इन तीनों निदेशालयों के निदेशकों को विभागाध्यक्ष घोषित करने की आवश्यकता है, ताकि निदेशालय के निदेशक द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों का प्रयोग किया जा सके. इस आवश्यकता को देखते हुए पेंशन एवं लेखा निदेशालय, कोषागार एवं सांस्थिक वित्त निदेशालय तथा अंकेक्षण निदेशालय के निदेशकों को झारखंड सेवा संहिता के नियम 21 के तहत विभागाध्यक्ष घोषित किया गया है. वित्त विभाग ने इसका संकल्प जारी कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार निदेशकों को झारखंड सेवा संहिता, झारखंड वित्त नियमावली एवं झारखंड सरकार के अन्य नियमों एवं संहिताओं में प्रदत्त विभिन्न शक्तियों (प्रशासनिक एवं वित्तीय आदि) का प्रयोग करने की अनुमति दी गयी है.

### वित्तीय प्रबंधन प्रणाली में भी हो चुका है संशोधन

इससे पहले वित्त विभाग वित्तीय प्रबंधन प्राणाली में संशोधन कर चुका है. नयी वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत नेक्स्ट जेन इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (आइएफएमएस) सरकार द्वारा इस्तेमाल किया जाएगा. यह एक वेब-आधारित समाधान है. इसे राज्य में वित्तीय नियोजन और खर्च नियंत्रण में दक्षता लाने के लिए डिजाइन किया गया है. इस अत्याधुनिक पोर्टल ने विभिन्न हितधारकों जैसे वित्त विभाग, कोषागार, प्रशासनिक विभाग, महालेखाकार, आरबीआई और बैंकों को भूमिका आधारित स्मार्ट डैशबोर्ड के साथ एक प्लेटफॉर्म में आ जाएंगे.



क्लासिफाइड


















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, रविवार 07 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 89 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### महिला की मौत, निजी अस्पताल में हंगामा



**झरिया।** शनिवार को झरिया के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला चंद्रावती देवी सहित नवजात की मौत पर परिजनों का गुस्सा फुट पड़ा.अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया. घटना के बाद से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में भी अफरा- तफरी मच गई. सूचना पर झरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाया-बुझाकर शांत कराया.

### केंदुआ मछली पट्टी की दुकान में आग

**केंदुआ।** केंदुआ मछली पट्टी में शनिवार की शाम सन्ध्या साढ़े चार बजे शॉर्ट सर्किट से देवा इलेक्ट्रॉनिक्स में भयंकर आग लग लगी.आगलगी में करीब दो लाख रुपये से ज्यादा का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जल गया.इसमें एक दर्जन रिपेयरिंग के लिए रखे टीवी,10 से ज्यादा पंखे, कूलर,आयरन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स समान जल गए.दुकान की छत का एस्बेस्टस विस्फोट के साथ ध्वस्त हो गया. आग बुझाने में दुकान के मालिक देवानन्द शर्मा के शरीर के कई हिस्से जल गए. स्थानीय लोगों की तत्परता से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.

### संदिग्ध को पकड़कर लोगों ने बांधा

**धनबाद।** हिल कॉलोनी में एक मानसिक विक्षिप्त से स्थानीय लोग परेशान हैं. हिल कॉलोनी के रहने वाले भुक्तभोगी उपेंद्र राम ने बताया उनका बच्चा घर में पढ़ाई कर रहा था, पढ़ाई करते करते सो गया.इसके बाद विक्की रवानी जो भिस्तीपाड़ा का रहने वाला है, पीछे के रास्ते से घर में घुसकर घर में रखा मोबाइल लेकर भाग गया. बाद में स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ और बांध दिया. कुछ लोगों का मानना है कि वह मानसिक विक्षिप्त है. उसका सार्टिफिकेट बनाए हुए है.

### पुलिस की निरसा में छापेमारी, भारी मात्रा में जाली लॉटरी टिकट, प्रिंटर्स व पेपर कटिंग मशीन जब्त

# धनबाद में प्रतिदिन करोड़ों की लॉटरी खेल का भंडाफोड़

**संवाददाता। मैथन**

धनबाद में लॉटरी के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार दबिश बनाए हुए हैं. निरसा में लगातार छापेमारी की जा रही है. पुलिस कारोबारियों को पकड़ रही है. निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला एवं निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार की देर रात निरसा थाना क्षेत्र के वृंदावनपुर के समीप स्थित बंद ऑक्सफोर्ड स्कूल के कमरे में छापेमारी कर भारी मात्रा में जाली लॉटरी टिकट, तीन पेपर कटर मशीन, 8 प्रिंटर, लैपटॉप, सीपीयू, डायरी जिसमें हिसाब किताब लिखा हुआ है एवं अन्य सामग्री जब्त किया है. वहीं जाली लॉटरी के टिकट की छपाई करने वाले अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. इस संबंध में पुलिस ने 7 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. यह जानकारी निरसा थाना में शनिवार शाम को आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने दी.



#### छापेमारी दल में यह थे शामिल

जाली लॉटरी टिकट जब्ती के लिए गठित छापेमारी टीम में एसआई विकास कुमार, महिला पुलिस एएसआई डॉक्टर शिल्पी भगत, ललिता कुमारी सोरेन, सिपाही मुकेश कुमार महतो, बच्चन राम, अशोक सोरेन, राजेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने बताया कि एसएसपी को प्राप्त गुप्त सूचना एवं उनके निर्देश पर पुलिस दल गठित कर मेरे एवं निरसा थानेदार मनजीत कुमार के नेतृत्व में वृंदावनपुर के बंद ऑक्सफोर्ड स्कूल पर छापेमारी की गई. वह मकान निरसा विद्यासागर कॉलोनी निवासी कुंदन कुमार का है. पुलिस ने जब छापेमारी की तो वहां से भारी मात्रा में छपाई किए गए जाली लॉटरी की टिकट एवं उपरोक्त सामान जब्त किए गए. विद्यासागर कॉलोनी निवासी कुंदन कुमार, श्रीकांत प्रसाद, नंदकिशोर साव, निरसा थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निवासी पिंटू साव, कुमारधुबी मोड़ निवासी आकाश बर्मन, निरसा कांटा निवासी विपिन सिंह एवं निरसा थाना क्षेत्र के मासूम अंसारी पर नामजद प्राथमिक की दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

#### इन कंपनियों के लॉटरी टिकट बरामद

छापेमारी के दौरान पुलिस ने डियर द्वारका, डियर गोगी, डियर यमुना, डियर फिंच, डिअर सैंड, डियर टूकोन, डियर नर्मदा आदि नाम के जाली टिकट बरामद किया गया है. जाली लॉटरी के टिकट नदियों एवं पक्षियों के नाम पर हैं. दरअसल ये लॉटरी धनबाद जिले के अवैध लॉटरी कारोबारियों के ही ब्रांड हैं. इन्हें यहां के कारोबारी अपने-अपने ब्रांड के अनुसार छपवाकर बिकवाते हैं.

### नीरज हत्याकांड का कथित शूटर चंदन सिंह गंभीर रूप से बीमार

**धनबाद ।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में जेल में बंद कथित शूटर चंदन सिंह जेल में गंभीर रूप से बीमार है. सुरक्षा की दृष्टि कोण से चंदन सिंह को जिला प्रशासन द्वारा धनबाद मंडल से राजमहल जेल शिफ्ट किया गया था. राजमहल जेल में अचानक चंदन सिंह की तबीयत बिगड़ गई. राजमहल जेल प्रशासन द्वारा धनबाद मंडल कारा के माध्यम से तत्काल अदालत को सूचित किया तथा अदालत से चंदन सिंह का उच्च संस्थान में बेहतर इलाज करने की अनुमति मांगी. जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने जेल प्रशासन को विचाराधीन बंदी चंदन सिंह को तत्काल रिम्स शिफ्ट करने का निर्देश दिया है. अदालत के आदेश के बाद चंदन सिंह को राजमहल जेल से रिम्स शिफ्ट किया जाएगा.

# महिला वार्ड में पुरुषों की उपस्थिति पर भड़की एडीएम

### लावारिस वार्ड में गंदगी देख इंचार्ज को फटकार

- डीसी के बाद एडीएम लॉ एंड आर्डर ने किया एसएनएमएमसीएच अस्पताल का औचक निरीक्षण

**संवाददाता। धनबाद**

एसएनएमएमसीएच में डीसी के औचक निरीक्षण के बाद गुरुवार को एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने शनिवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में कई पुरुष उपस्थित दिखे जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान को इन मामलों पर ध्यान देने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि महिला वार्ड में पुरुष नहीं रुके, इसका ख्याल रखें. वहीं लावारिस वार्ड में गंदगी को देखते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने वार्ड के इंचार्ज को फटकार लगाते हुए अच्छी देखरेख एवं समुचित इलाज की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया.



इस दौरान उन्होंने ओपीडी, लावारिस वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, पोइजन वार्ड, वाह्य विभाग, शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष, समेत विभिन्न विभाग एवं सेंटर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना. साथ ही उन्होंने मरीज से बातचीत कर राउंड पर डॉक्टर के आने, नर्स द्वारा समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ सफाई की व्यवस्था, चादर बदलने, साफ सफाई समेत दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की. मरीज ने समय पर डॉक्टर के राउंड पर आने पर सहमति जताई. निरीक्षण के उपरांत एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सह अधीक्षक डॉक्टर ज्योति रंजन से वार्ता कर अस्पताल के विधि व्यवस्था, मरीजों को बेहतर इलाज एवं सुविधा प्रदान करने, साफ सफाई का ध्यान रखने समेत अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, प्राचार्य सह अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन, सुरक्षा व्यवस्था के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर शेखर सुमन , सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत कई वरीय डॉक्टर मौजूद रहे.

### अवैध बालू लदा हाईवा व ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद।** खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार की सुबह राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा हाइवा और ट्रैक्टर जब्त किया है .उक्त अभियान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर चलाया गया.इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश पर राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच की गई. जांच के दौरान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से लगभग 500 घनफीट अवैध बालू लदा हाईवा संख्या जेएच10बीपी- 4506 तथा राजगंज थाना क्षेत्र से लगभग 100 घनफीट अवैध बालू लदा बिना नंबर का ट्रैक्टर बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया.जांच दल को देखते ही दोनों वाहनों के चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गये. दोनों वाहनों के विरूद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है. जांच दल की अगुवाई खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक कर रहे थे. वहीं जांच दल में खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं पुलिस बल शामिल थे.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अमितेश सहाय ने दी बधाई



**संवाददाता। धनबाद**

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमितेश सहाय ने उनसे मिलकर बधाई दी. शनिवार को रांची स्थित सीएम आवास में मुख्यमंत्री से मिलकर अमितेश ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की. इसके साथ ही कोयलांचल में गठबंधन की बेहतर स्थिति से अवगत कराया. इस पर सीएम ने विधानसभा चुनाव को लेकर कई दिशानिर्देश दिए ताकि यहां छह विधानसभा सीटों पर गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो सके. सहाय ने बताया कि यह हेमंत सोरेन की कुशल रणनीति के कारण ही उनके जेल में रहने के बावजूद लोकसभा चुनाव में पार्टी व गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया है. अब जेल से बाहर आने के बाद उनमें काफी जोश और हौसला दिख रहा है. यह हौसला यकीनन विधानसभा चुनाव में गठबंधन को बहुमत दिलाएगा. उन्होंने बताया कि धनबाद के विभिन्न मुद्दों पर भी सीएम से विस्तृत चर्चा हुई.

# सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों पर आईजी ने जताई चिंता

### बोकारो आईजी की पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक

- पोक्सो, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट में दर्ज कांडों की समीक्षा की

**संवाददाता। धनबाद**

शनिवार को बोकारो के जोनल आईजी माइकल राज धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचे. उन्होंने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली. आईजी ने शहर में घटित वाहन चोरी, पोक्सो व एनडीपीएस एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट में दर्ज कांडों की समीक्षा भी की. संगठित अपराध करने वाले अपराधियों व गैंग्स से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए सभी गैंगस्टर की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया. सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही. उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर लॉटरी, जुआं, सट्टा, अवैध शराब व मादक पदार्थो की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए. बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन, पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार समेत जिले के सभी डीएसपी व एसडीपीओ उपस्थित थे.



### 45 अधिकारियों को माइंस सेफ्टी अवार्ड

**धनबाद ।** कोलकाता में आगामी 28 जुलाई को माइंस सेफ्टी अवार्ड का कार्यक्रम का आयोजन होगा. कार्यक्रम में कुल 45 अधिकारियों को खान सुरक्षा अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा.जानकारी के अनुसार पूरे कार्यक्रम को कोल इंडिया द्वारा आयोजित किया जाएगा. साथ में वर्किंग कमिटी में बीसीसीएल को जिम्मा दिया गया है. वर्किंग कमिटी के चेयरमैन बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता के अलावा बीसीसीएल के 11 अधिकारी शामिल हैं. जिसमें मुख्य रूप से जीएम (जीएमपी) फूल झा, संजय कुमार अग्रवाल जीएम, किशोर यादव सीनियर मैनेजर, उदय वीर सिंह जनसंपर्क अधिकारी, नित्यानंद कुजूर, कुमार रजनीकांत, सिद्धांत संजय, कनिष्क फूल, कनन बंसल , डी महथा को शामिल किया गया है.

# कैश वैन पलटा, चालक सहित तीन घायल

### पुलिस ने कैश को दूसरे वाहन से भिजवाया

**संवाददाता। मैथन**

निरसा थाना क्षेत्र के रंगामाटी गांव के समीप विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश डालने वाली वैन शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि रंगामाटी निवासी मोहम्मद अंसारी के घर की दीवार को तोड़कर पलट गई. दुर्घटना में वैन चालक सहित तीन लोग घायल हो गए हैं. वैन चालक गंभीर रूप से जख्मी है. स्थानीय लोगों ने उसे निजी वाहन से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भिजवाया. घटना की सूचना पाकर निरसा थानाप्रभारी मंजीत कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेंद्र कुमार एवं निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार मौके पर पहुंचे तथा दुर्घटनाग्रस्त वैन को हटवाया. बीडीओ ने तत्काल गृह स्वामी को 10 हजार रुपये दिया तथा इंश्योरेंस से मिलने वाले लाभ दिलवाने का वादा किया.





जानकारी के अनुसार कैश वैन (जेएच 01 ईडब्लू 2282) बेनागोड़िया से निरसा की ओर आ रही थी. रंगामाटी सिंह टोला के समीप मोड़ में घूमने के दौरान मोहम्मद अंसारी की दीवार से जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी, कि दीवार टूट गया. यह तो गनीमत थी कि उसे वक्त घर के बरामदे के समीप कोई नहीं था, नहीं तो बड़ी घटना घटित होने से इनकार नहीं किया जा सकता. दुर्घटना में वैन चालक रायगंज निवासी को सर में गंभीर चोटें आई है. वही वैन में सवार दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हो गए. दुर्घटनाग्रस्त कैश वैन में कैश मौजूद था. स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस के पहुंचने तक वैन के अंदर किसी को प्रवेश नहीं करने दिया. बाद में पुलिस ने दूसरे वाहन से कैश को भेजवाया.

**समारोह** दामोदर घाटी निगम का 77 वां वर्षगांठ समारोह आज

# 77 वें स्थापना दिवस की तैयारियों में जुटा डीवीसी

**संवाददाता। मैथन**

डीवीसी का 7 जुलाई रविवार को 77 वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया जाएगा. कार्क्रिम की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. इस मौके पर डीवीसी मैथन परियोजना के विभिन्न कार्यालयों को दुधिया रोशनी व बैलून से सजाया गया है. स्थापना दिवस पर रविवार के सुबह मैथन डैम स्थित शहीद मीनार पर डीवीसी के अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत कर्मी एवं अन्य लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी. फिर वहीं से मैराथन दौड़ शुरू होगी. इसके बाद मैथन प्रशासनिक भवन स्थित रामानुज भवन प्रांगण में मैथन परियोजना प्रमुख द्वारा झंडोतोलन किया जाएगा और उनका संबोधन होगा. डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया जाएगा. पौधे भी लगाए जाएंगे. देर शाम वेलफेयर सेंटर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. डीवीसी अधिकारी व कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहेंगे. रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा. साथ ही मैत्री फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें डीवीसी के कर्मचारी, अधिकारी, सीआईएसएफ, कैजुअल कर्मी खेलेंगे. कार्यक्रम में डीवीसी के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ-साथ जिला प्रशासन, सांसद, विधायक को भी आमंत्रित हैं.



### रक्तदान शिविर में 36 यूनिट रक्त संग्रह

**मैथन।** डीवीसी के 77 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को बीपी नियोगी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. कंपनी के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत लगाए गए इस शिविर में कुल 36 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. शिविर का उद्घाटन मैथन परियोजना के वरीय महाप्रबंधक संजय शर्मा और एग्यारकुंड के प्रखण्ड प्रमुख संगीता महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया. मौके पर सीएसआर के प्रबंधक डॉ. कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है. रक्तदान करने से जो ब्लड संग्रह किया जाता है, उससे किसी मरीज की जान बचाई जाती है. विज्ञान के इतनी तरक्की के बावजूद भी हमलोग रक्त के लिए एक-दूसरे पर आश्रित हैं. डॉ. संघमित्रा नंदी एवं डॉ. उमेश कुमार ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांति और इससे होने वाले फायदे के बारे में बताया. शिविर में एग्यारकुंड प्रखण्ड प्रमुख संगीता महतो, डीजीएम धर्मदास त्रिपाठी, उप मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस गोस्वामी, प्राणमिता चंद्र, सीआइएसफ के समादेष्टा अनिल कुमार, उप कमांडेंट उमेश सिंह, डीवीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों, सीआईएसएफ जवानों, अस्पतालकर्मियों समेत अन्य लोगों ने रक्तदान किया.

# लाला हत्याकांड के आधा दर्जन आरोपी साक्ष्य के अभाव में रिहा

**संवाददाता। धनबाद**

जमीन कारोबारी सरफुल हसन उर्फ लाला खान की हत्या के मामले में शनिवार को अदालत ने आधा दर्जन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने मामले के आरोपी विवेक कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, पुणा पासवान, डब्लू अंसारी, मशिर सिद्धकी तथा राजू झाड़ी उर्फ अशरफ अली को रिहा करने का आदेश दिया है। सभी आरोपी जमानत पर जेल से बाहर थे.अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी राजू झाड़ी एवं दानिश पर घटनास्थल पर मौजूद होने का आरोप लगाया था जबकि अन्य आरोपियों पर हत्याकांड में शामिल होने का आरोप था परंतु अभियोजन पक्ष द्वारा अदालत के समक्ष जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, वह संदेह के घेरे में थे इसलिए अदालत ने आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए रिहा करने का निर्देश देती है. इस मामले के एक आरोपी दानिश अदालत से फरार चल रहा है.उसकी ओर से अदालत में किसी प्रकार की पैरवी नहीं की गई थी.

#### भाई ने कोर्ट में कहा था किसने चलाई गोली नहीं जानता

लाला खान की हत्या के मामले में उसके भाई शाहबाज आलम के बयान के आधार पर बैंकमोड थाना में दानिश, मिस्टर, मिस्टर का भाई, राजू झाड़ी ,डब्लू अंसारी एवं अन्य दो-तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज हुई थी .आरोप में शाहबाज आलम द्वारा बताया गया था कि 12 मई 2021 के दिन 3 :15 बजे अब्दुल जब्बार मस्जिद के पास आरोपियों द्वारा गोली मारकर लाला खान की हत्या कर दी गई थी. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 5 अगस्त 2021 को आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था. पुलिस ने इस मामले में अमन सिंह को भी अभियुक्त बनाते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था. अन्य आरोपियों के खिलाफ अभी भी पुलिस का अनुसंधान जारी है. मामले का वादी लाला खान का भाई ने अदालत में आरोपियों को पहचानने से इनकार किया था तथा यह भी कहा था कि गोली किसने मारी उसे इस बात की जानकारी नहीं है.




# तोपचांची प्रखंड कार्यालय पर आजसू का हल्ला बोल

## बिजली आपूर्ति नहीं होने से क्षेत्र की जनता को समस्याओं का करना पड़ता है सामना

संवाददाता ।तोपचांची

केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार आजसू पार्टी की तोपचांची प्रखंड कमेटी की ओर से शनिवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया. हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान दर्जनों की संख्या में आजसू नेता उपस्थित रहे. आजसू पार्टी नेता संतोष महतो ने कहा कि पंचायत से लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालय तक पैसा बोलता है. जो रिश्वत देते हैं उनका काम होता है और जो नहीं देते हैं, उनको परेशान किया जाता है. तोपचांची प्रखंड कार्यालय में जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. प्रखंड कार्यालय के अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी दाखिल खारिज के ढेर मामले पड़े हुए हैं. इनका निष्पादन समय पर नहीं किया जा रहा है और ना ही पंजी 2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का निष्पादन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं होने के कारण जरुरतमंद व निर्धन परिवार योजना से वंचित हैं. मनरेगा योजना के अंतर्गत संचालित, सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान नहीं हो रहा है. अंचल कार्यालय में छात्र-छात्राओं के जाति,आय व आवासीय मामले महीनों से लंबित पड़े हुए हैं. इस कारण छात्र-छात्राओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. निर्धन परिवार के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं. प्रखंड में 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं होने से क्षेत्र की जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. आजसू पार्टी के नेताओं ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार को ज्ञापन सौंप कर जल्द कारवाई की मांग की है. मौके पर सदानंद महतो, निरंजन मंडल, प्रमोद महतो, दुर्गा प्रसाद यादव, इकरामुल अंसारी, रामचन्द्र ठाकुर, गीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

### धनबाद प्रखण्ड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन



**पुटकी।** राज्यव्यापी आंदोलन के तहत आजसू ने व्याप्त भ्रस्टाचार के खिलाफ व जनहित के 17 सूत्री मांगों के समर्थन में गरभूडीह स्थित धनबाद प्रखण्ड कार्यालय पर हल्ला बोला. पार्टी के धनबाद जिला छात्र इकाई के महासचिव नीतीश महतो के नेतृत्व में प्रखण्ड के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया व बीडीओ के अनुपस्थिति में उनके अधीनस्थ को ज्ञापन सौंपा. नीतीश ने कहा कि प्रखण्ड व सीओ कार्यालय में अराजकता की स्थिति है. युवाओं के जाति, आवासीय व जनता का राशन कार्ड नहीं बन रहा. जमीन का दाखिल खारिज व रसीद नहीं कट रहा. प्रखण्ड कार्यायल बिजली ,पानी,बाउंड्री के अभाव में खुद असुरक्षित है. बीडीओ व सीओ जनहित की समस्या का अविलम्ब निदान करे. पार्टी सदस्यों ने एक मांग देकर प्रखण्ड स्तर पर उच्चतम तकनीकी व्यवसायिक संस्था खोलने,पंचायत प्रतिनिधि जिप सदस्य,प्रमुख,मुखिया,उप मुखिया,पंसस,सेविका,सहायिका,स्वास्थ्य सहिया के मानदेय में बढ़ोतरी,छात्रों को छात्रवृत्ति,नियमित बिजली, राशन ,पेंशन देने,स्वास्थ्य सुविधा,अबुआ आवास में पारदर्शिता,किसानों को खाद,बीज देने आदि की मांग की गई ।हल्ला बोल में संजय महतो,हीरा लाल महतो,सुदामा पासवान,उमेश महतो,डॉ डी कुमार,विवेक कुमार,उदय महतो,लालू बाउरी, भीम पासवान,कृष्णा भईया आदि प्रमुख रूप से शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### पश्चिमी झरिया में राजभाषा कार्याशाला

**धनबाद।** बीसीसीएल के पश्चिमी झरिया क्षेत्र में शनिवार को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन जीएम अरिंदम मुस्तफी ने किया. इस दौरान बीसीसीएल मुख्यालय से आए अधिकारी दिलीप सिंह संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को राजभाषा की महत्ता पर जोर दिया गया.उन्होंने कहा कि विभाग के कार्यों और पेपर वर्क में अधिक से अधिक हिंदी भाषा की उपयोग होनी चाहिए .इसके साथ कार्यशाला के माध्यम से राजभाषा संबंधित कुछ जरूरी टास्क भी करवाया गया.

### विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से जल भंडारण प्रभावित

**झरिया।** जामाडोबा जल संयंत्र में शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहने से यहां के दो फिल्टर प्लांट में जल भंडारण कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा. इस वजह से झरिया व आसपास के क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति हुई. झमाडा कर्मियों ने बताया कि शनिवार को शाम 3 बजे से देर शाम तक जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 11 केवी विद्युत सब स्टेशन में खराबी आने से जलापूर्ति बाधित रही. हालांकि शनिवार की देर शाम इसे ठीक होने की संभावना है. इसके बाद झरिया, डिगवाडीह, पाथरडीह क्षेत्र में मरम्मत के बाद जलापूर्ति की जाएगी.

### समाजसेवी तुफ्फू के बड़े भाई का निधन

**धनबाद ।** नया बाजार स्थित भठ्ठा मोहल्ला निवासी समाजसेवी सह धनबाद फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष शब्बीर आलम उर्फ तुफ्फू के बड़े भाई महताब आलम का अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है. वे 52 वर्ष के थे. वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गए. परिजनों का रो-रो कर कर बुरा हाल है. महताब आलम की मौत की खबर से शोक की लहर दौड़ गई. तुफ्फू ने बताया की रविवार को उनके बड़े भाई महताब आलम की जनाजे की नमाज डेढ़ बजे नया बाजार ईदगाह मस्जिद में अदा की जाएगी.

### भाजपा कतरास मंडल ने लगाए पेड़

**कतरास ।** भारतीय जन संघ के संस्थापक शिक्षाविद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा कतरास मंडल की ओर से एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मंडल उपाध्यक्ष बबलू बनर्जी के नेतृत्व में रानी बाजार के राजेंद्र नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया. मंडल उपाध्यक्ष बबलू बनर्जी ने कहा कि वृक्षारोपण से समाज एवं प्राकृतिक का संतुलन बना रहेगा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए. मौके पर अधिवक्ता अमित भगत, बलबीर सिंह, दीपू दास बुलेट ठाकुर, आदि मौजूद थे.

## चिरकुंडा टाउन हॉल में भाजपा ने किया अभिनंदन समारोह का आयोजन

# झारखंड में है लूट-खसोट वाली सरकार : ढुल्लू महतो

### सांसद को 101 किलो का फूलों की माला पहनाकर किया अभिनंदन



संवाददाता ।मैथन

चिरकुंडा टाउन हॉल में शनिवार को भाजपाइयों ने सांसद ढुल्लू महतो का अभिनंद किया. निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सांसद का स्वागत 101 किलो फूलों की माला पहनाकर किया गया. कार्यक्रम में निरसा विधानसभा क्षेत्र के सभी 528 बूथों के कार्यकर्त्ता शरीक हुए. ढुल्लू महतो ने लोकसभा चुनाव में बूथों पर भाजपा को बेहतर बढ़त दिलाने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करना है. बाकी बूथों के कार्यकर्ताओं का भी हौसला बढ़ाया. राज्य की गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लूट-खसोट व घोटालेबाजों की सरकार है. समारोह में देवघर विधायक नारायण दास भी शरीक हुए. मौके पर धनबाद जिला ग्रामीण के प्रभारी शैलेंद्र सिंह, डब्ल्यू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, अनिल यादव, बापी सेनगुप्ता, सफीर खान, मनु तिवारी, विजय सिंह, रंजीत मोदी, दारा बाउरी, काजल नाग, संजय महतो, बृहस्पति पासवान, मधुरेंद्र गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

### समारोह में महिला नेत्री से बदसलूकी



**धनबाद ।** महिला सम्मान का दम्भ भरने वाली पार्टी के कार्यक्रम में ही महिला के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है. सांसद ढुलू महतो के सम्मान समारोह में भाजपा नेत्री दीपा दास ने लगाया बदसलूकी का आरोप. रोती बिलखती दीपा ने बताया कि उन्होंने संगठन के लिए दिन रात एक कर काम किया है. इसके बावजूद पार्टी के कुछ कार्यकर्ता सांसद के नाम पर धमकाने का काम कर रहे हैं. दीपा ने बताया कि सम्मान समारोह में जब वह सांसद को भेंट देने गई तो निरसा के ही दो तीन कार्यकर्ताओं ने उन्हें धक्का देकर हटा दिया. कहा कि सांसद ने उन्हें फूल पावर दे रखा है. दीपा ने कहा कि पार्टी में दलालों के बोलबाला हो गया है. दीपा ने स्थानीय विधायक पर भी हमला बोलते हुए कहा कि एक महिला के साथ बदसलूकी होती देख कर भी महिला विधायक चुपचाप वहां से चली गई. एक बार भी उन्होंने विरोध नहीं किया.

## प्रबंधन दिहाड़ी मजदूरों के भविष्य के साथ कर रहा खिलवाड़

# मांगें नहीं माने जाने पर संयुक्त मोर्चा ने पीओ कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



संवाददाता ।झरिया

झरिया। तीन सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शनिवार को लोदना एरिया-10 अंतर्गत लोदना पीओ कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया. इस दौरान जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गए. संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन साजिश के तहत दिहाड़ी मजदूरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. संयुक्त मोर्चा ने तीन सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को एक जुलाई को सौंपा था. मांग पत्र में न्यू लोडिंग प्वाइंट में स्थानीय लोगों को कार्य में प्राथमिकता देने, कार्यरत कर्मियों को नियमितीकरण, सभी कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत करने की मांग शामिल है. एक सप्ताह बीतने को है, लेकिन प्रबंधन अभी तक मांगों को नहीं माना है. इसे लेकर मजदूरों में आक्रोश है. आक्रोशित मजदूरों ने शनिवार को धरना-प्रदर्शन किया. अगर समय रहते प्रबंधन मांगों को नहीं मानेगा तो आने वाले दिनों में लोदना एरिया-10 के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा.धरना प्रदर्शन में जनता श्रमिक संघ के अजय पासवान व छोटू सिंह, मासस के सपन पासवान के अलावा बबलू रजक, आलोक मिश्रा, गोपाल चौधरी, संजय यादव, सुरेंद्र पासवान, संजय पासवान, रोहित बिंद, रविकांत पासवान, नागेशर पासवान, छोटू मंडल, सूरज निषाद, कुंदन पासवान, चंपा देवी, संजय चौहान, अंजली देवी, बेबी देवी समेत बड़ी संख्या में मजदूर शामिल थे.

# कुष्ठ कॉलोनी में सामग्री का वितरण

संवाददाता ।झरिया

**झरिया।** भौंरा पूर्वी झरिया क्षेत्र में दीक्षा महिला मंडल की आकांक्षा महिला समिति ने कुष्ठ कॉलोनी में जरुरतमंद महिला, पुरुष और बच्चों के बीच रोजमर्रा के सामानों का वितरण किया. आकांक्षा महिला समिति की अध्यक्ष बबीता मित्तल ने जरूरतमंदों से कहा कि अपने परिवेश को साफ-सुथड़ा रखना जरूरी है. आप लोग अपने घर के आस-पास बरसात का पानी जमा न होने दें. पानी उबालकर पिएं. कुष्ठ छुआछूत की बीमारी नहीं है, कुष्ठ रोगियों से घृणा नहीं कर सहानुभूति दिखाना चाहिए.उन्होंने कहा कि आज इस कॉलोनी के कई बच्चे पढ़ लिख कर अच्छे-अच्छे काम कर रहे हैं. आकांक्षा महिला समिति आप सभी के सहयोग के लिए हमेशा तैयार है. इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कुष्ठ कॉलोनी स्थित घरों का भी निरीक्षण किया. मौके पर बबीता मित्तल के अलावा पुष्पलता, गरिमा देव, तंद्रा मंडल, सुजाता कुमार समेत समिति से जुड़ीं अन्य महिलाएं मौजूद थीं.

# कलशयात्रा के साथ चिरकुंडा में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

## सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर सुन्दर नगर स्थित बराकर नदी पहुंचीं



**खास बातें**

- राम भरोसा धाम में द्वितीय वर्ष के उपलक्ष्य में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आज से प्रारम्भ

संवाददाता ।मैथन

**मैथन।** चिरकुंडा क्षेत्र के तीन नंबर चढाई स्थित श्री श्री राम भरोसा धाम में शनिवार को कलशयात्रा के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. सुबह सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं हाथों में 151 कलश लेकर नंगे पांव ढोल-नगाड़ों व गाजेबाजे के साथ सुन्दर नगर स्थित बराकर नदी पहुंचीं, जहां मंदिर के मुख्य पुजारी रामरतन पाण्डेय एवं अन्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा. फिर महिलाओं ने कलश लेकर वापस श्रीराम भरोसा धाम मंदिर पहुंची, जहां पुजारी व पुरोहितों ने विधिवत कलश स्थापना की. मौके पर वृंदावन से आए कथावाचक माधव महाराज ने कहा कि प्रत्येक सनातनियों को भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए. भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य का कल्याण होता है. लोग शांति के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं, परंतु शांति धन में नहीं सत्संग में होता है. इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भागवत कथा कर श्रवण अवश्य करना चाहिए. आयोजनकर्ता सदस्य माणिक गोराई ने बताया कि श्री श्री राम भरोसा धाम में द्वितीय वर्ष के उपलक्ष्य में आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आज से प्रारम्भ हुआ है और 13 जुलाई को महाभण्डारे के साथ समापन होगा. इस दौरान प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से वृंदावन से आए कथावाचक माधव जी महाराज द्वारा प्रवचन करेंगे. क्षेत्र के सभी भक्त आपने परिवार के साथ आएं और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें.

# मथुरा, जलेश्वर ने की महाप्रबंधक से वार्ता



- बांसजोड़ा 12 नम्बर बस्ती लोगों के विस्थापन सहित अन्य समस्याओं पर बातचीत

संवाददाता ।तेतुलमारी

बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच के क्षेत्रीय कार्यकाल में शनिवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी जलेश्वर महतो व राजकुमार महतो,असलम मंसूरी की अगुवाई में बांसजोड़ा 12 नम्बर बस्ती के लोगों के पक्ष से महाप्रबंधक चितरंजन कुमार से वार्ता हुई. नेताओं ने नए पदभार लिए महाप्रबंधक को बांसजोडा 12 नंबर की वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि क्षेत्र पूरी तरह अग्नि प्रभावित है. वहां रह रहे लोगों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है. लोगों को जल्द से जल्द विस्थापित करने की जरूरत है.सभी बिंदुओं से अवगत होकर महाप्रबंधक ने 15 दिन की समय मांगते हुए कहा कि आप लोगों की बातों को ध्यान में रखते हुए समस्या की समाधान की दिशा में पहल की जाएगी. मौके पर मौजूद बिट्टू कुमार, संतोष बाउरी ,शिवनारायण पासवान, शंभू नाथ भुईया,अशोक भुईया, अर्जुन साहू,संजीव कुमार सिंह ,कृष्ण कुमार दास ,एवं अन्य कोई ग्रामीण मौजूद थे.

# हंगामेदार रही कांग्रेस की समीक्षा बैठक



**खास बातें**

- बालमुचू ने दिया विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होने का निर्देश

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव के बाद शनिवार को कांग्रेस की समीक्षा बैठक काफी हंगामेदार रही. जिला कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पार्टी पर जाति विशेष को महत्व देने का आरोप लगाया. झरिया अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इम्तियाज अली ने कहा कि मुस्लिम का सिर्फ वोट लिया जाता है लेकिन उन्हें टिकट देने के समय उपेक्षित किया जाता है. आगामी विधानसभा चुनाव में यदि पार्टी ने पिछड़ों, दलित एवं अल्पसंख्यक को बराबरी का मौका नहीं दिया तो जो हश्र धनबाद लोकसभा चुनाव में हुआ. वही विधानसभा चुनाव में भी होगा. एक नेता ने बताया कि धनबाद में पार्टी राजपूतों को ही विशेष महत्व दे रही है. यहां बीससूत्री उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी सभी राजपूत ही है. जिससे पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों में नाराजगी है. जिसका लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिला. धैया स्थित पंचशील भवन में आयोजित समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई. जिसमें झारखंड चुनाव परिणाम समीक्षा समिति के अध्यक्ष डा प्रदीप कुमार बालमूचु, पूर्व सांसद सदस्य प्रदीप तुलसयान, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे. बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया. मौके पर झारखंड चुनाव परिणाम समीक्षा समिति के माननीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस संगठन बेहतर काम कर रही है. 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी नेता एवं सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ सक्रिय रूप से काम किया है. जिससे चुनाव में वोट की वृद्धि हुई है. आगे उन्होंने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में मजबूती के साथ जूट जाने का आह्वान किया .आगे उन्होंने संगठन में अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है. उन्होंने जिला के तमाम सभी नेताओं एवं प्रखंड नगर अध्यक्षों लोकसभा चुनाव संबंधित विस्तृत चर्चा की. बंद कमरे में सभी नेताओं से बारी-बारी से रायशुमारी की. कांग्रेस के सभी नेताओं का कार्यकर्ताओं को चुनाव में मेहनत करने के लिए सराहना किया. उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी नेताओं कार्यकर्ताओं से मजबूती के साथ जुट जाने का आह्वान किया.

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक

संवाददाता ।बाघमारा

बाघमारा। विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखण्ड कार्यालय बाघमारा में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए धनबाद के राजीव कुमार ने सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बाघमारा डा. सुषमा आनन्द सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बाघमारा रवि भूषण प्रसाद सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी तोपचांची संजय कुमार सिंह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिमला कुमारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर और सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव कुमार ने हाउस टू हाउस एवं फार्म 6,7, और 8 पर बीएलओ सुपरवाईजर से रिपोर्ट लिया गया, जिसके काम में लापवाही देखी गई, उन्हें डांट फटकार लगाई गई. जो बीएलओ चुनाव संबंधित कार्य करने में लापरवाही करेगी वैसे बीएलओ पद के अलावे मूल पद से भी हटाने के लिए कार्रवाई की जाएगी. सभी कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया. इसके अलावे विकास कार्य में तेजी लाने के लिए पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ भी बैठक कर कई निर्देश दिये. बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डा० सुषमा आनन्द प्रमाणिक आदि उपस्थित थे.

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण ही कश्मीर में भारतीय संविधान लागू हुआ : राज सिन्हा

संवाददाता ।धनबाद



भारतीय जनता पार्टी बरटाँड मंडल के तत्वाधान में रणधीर वर्मा चौक स्थित जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई. इस अवसर पर उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए अपना जीवन अर्पित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी देश के अमर नायक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण ही आज जम्मू कश्मीर में भारतीय संविधान पूरी तरह से लागू हो पाया है. उन्होंने ही देश विभाजन के समय प्रस्तावित पाकिस्तान में से बंगाल और पंजाब के विभाजन की मांग उठाकर वर्तमान बंगाल और पंजाब को बचाया था. आगे विधायक ने कहा कि गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के अनुरोध पर वह आजाद भारत के पहले मंत्रिमंडल में गैर कांग्रेसी उद्योग मंत्री के रूप में शामिल हुए किंतु उनके राष्ट्रवादी चिंतन के कारण अन्य नेताओं से मतभेद बराबर बने रहे. फलतः राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया. इसके बाद जनसंघ की स्थापना की. जो बाद में भाजपा हुआ. सिन्हा ने सभी उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से उनके बताए मार्ग पे चलने का आह्वान किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल, अशोक पाल, रणविजय सिंह, मनोज मालाकार, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, मंडल महामंत्री टुन्ना सिंह, मनोज रिंकू, शंभु सिंह, बबलू फरिदी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव, अमित सिंह, बृजनंदन शर्मा, लोहा सिंह, संजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

▼ ब्रीफ खबरें

## बोकारो का पॉलिटेक्निक छात्र डूबा, मौत

**साहिबगंज।** स्थानीय गंगा घाट में स्नान के क्रम में शनिवार को बोकारो निवासी साहिबगंज पॉलिटेक्निक का छात्र डूब गया. आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार धनबाद व बोकारो के कई छात्र साहिबगंज पॉलिटेक्निक के समेस्टर 4 का फॉर्म भरने आये थे. इस दौरान दर्जन भर छात्र गंगा स्नान के लिए मुक्तेश्वर धाम घाट पहुंचे. यहां बोकारो निवासी रामनाथ यादव का पुत्र लगभग 19 वर्षीय अहम राज सुमन स्नान के क्रम में डूबने लगा. उसे बचाने के लिए उसके मित्र यश कुमार व अन्य आगे बढ़े. जिसके बाद 5 युवक डूबने लगे. एक मित्र विक्रम कुमार ने गमछा फेंका, जिसके बाद 4 युवक तो गमछे के सहारे बच निकले. लेकिन अहम राज डूब गया. जिससे उसकी मौत हो गई.

## प्रबंधन समिति का चुनाव रद्द करने की मांग

**गावां (गिरिडीह)।** प्रखंड स्थित उमवि उर्दू गावां के अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव में मनमानी का आरोप लगाकर इसको रद्द करने की मांग की है. बीईईओ तितुलाल मंडल को दिए आवेदन में कहा गया है कि चुनाव के दौरान पर्यवेक्षक के द्वारा मनमानी किया गया है. ग्रामीणों ने जांच कर फिर से चुनाव करवाने की मांग की है. आवेदन में वार्ड सदस्य रेशमा प्रवीण समेत कई लोगों के हस्ताक्षर हैं.

## एसडीपीओ ने व्यवसायियों के साथ की बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने सभी ज्वेलर्स, पेट्रोल पंप व सीएसपी संचालकों के साथ बैठक की. बैठक में थाना प्रभारी महेश चंद्र भी उपस्थित थे. बैठक में सभी दुकान संचालकों को अपने-अपने प्रतिष्ठाण में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया. बैठक में सुरक्षा और अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने, लूट कांड व छिनतई आदि मामलों से सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर विचार विर्मश किया गया. बैठक में एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने कहा कि सीसीटीवी सभी दुकानदारों को कैमरा लगाना अति आवश्यक है. ताकि आपराधिक कांड होने पर उसकी पहचान करने और पुलिस के छानबीन में सहयोग मिल सके.

## बाल संसद का गठन प्रीति बनी पीएम

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा में शनिवार को बाल संसद का गठन हुआ. विद्यार्थियों ने सर्व सम्मति से कक्षा 10वीं की छात्रा प्रीति कुमारी को बाल संसद का प्रधानमंत्री व छात्र दीपक राणा को उप प्रधानमंत्री चुना. इसी प्रकार लक्ष्मी कुमारी शिक्षा मंत्री, चांदनी कुमारी कला एवं सांस्कृतिक मंत्री तथा अनुराधा कुमारी को पर्यावरण मंत्री चुना गया. कुल 10 विद्यार्थियों को मंत्री पद के लिए चुना गया है. प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार ने बाल संसद के मंत्रियों व सदस्यों को उनके कर्तव्य व दायित्व से अवगत कराया. कहा कि विद्यालय के विकास में बाल संसद के सदस्यों का सहयोग आवश्यक है. विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रोजेक्ट इम्पैक्ट व प्रोजेक्ट रेल को लागू किया है. साथ ही इको क्लब का भी गठन किया गया है.

## मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड अंतर्गत बादीडीह के देवी मंदिर सह शनि देव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है. इसको लेकर नौ दिवसीय श्री शतचंडी हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा. महायज्ञ से पहले मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया. इस दौरान हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर गांव भ्रमण किया. नवनिर्मित देवी मंदिर सह शनिदेव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर से कलश यात्रा की शुरुआत हुई, जो बादीडीह, नगवां, पटना बगदेडीह होते हुए जल भरकर गांव भ्रमण करते हुए फिर महायज्ञ स्थल पर पहुंची. यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद नौ दिवसीय महायज्ञ का अनुष्ठान प्रारंभ किया गया. मौके पर पंसस अशोक यादव, सुरेश मण्डल, छोटू मिस्त्री, बासदेव मिस्त्री, महेंद्र यादव, आशीष कुमार, भैरो यादव, पंकज मिस्त्री समेत समस्त बादीडीह वासियों का सहयोग रहा.

# निमियाघाट पुलिस ने पेश की मानवता की मिशाल

### भुखमरी का दंश झेल रहे परिवार को पहुंचाई मदद, पीड़ित परिवार के मुखिया ने कर ली थी आत्महत्या



संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी प्रखंड के निमियाघाट थाना की पुलिस ने एक बार फिर से मानवता की मिशाल दिखाई है. आपको बताते चलें कि बीते 1 जुलाई को निमियाघाट थाना क्षेत्र के खेतको के रहने वाले प्रदीप कुमार विश्वास ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दी थी लेकिन प्रदीप के मौत के बाद परिजनों के सामने भूखमरी की नौबत आ गई थी. जिसको देखते हुए पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए मृतक प्रदीप के पत्नी को मदद के रूप में 25 किलो चावल, 10 किलो आटा सहित खाद्य सामग्री के साथ कुछ नगद रुपये की मदद पहुंचाई है. जिसके बाद परिवार के लोग सहित ग्रामीण पुलिस की इस मदद की प्रशंसा कर रहे हैं. बताया जाता है कि मृतक प्रदीप कुमार विश्वास का निमियाघाट स्टेशन के समीप अपना मकान हुआ करता था लेकिन किसी परेशानी में आकर मृतक प्रदीप ने मकान बेच दिया और परिजनों के साथ खेतको में आकर एक भाड़े के मकान में रहने लगे. लेकिन आर्थिक परेशानी को देखते हुए प्रदीप ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. फिलहाल उसके गुजरने के बाद परिवार में मृतक की मां पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं. वहीं इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है और परिजन सरकार से मदद की गुहार लगा रहें है. इस दौरान निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह सहित निमियाघाट पुलिस के एएसआई निकोलस सोरेन मौजूद रहे.

## पुलिस ने शराब लदा वाहन किया जब्त

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना की पुलिस ने अवैध शराब लोड वाहन को करीब 30 किमी तक पीछा करते हुए घंघरीकुरा गांव के समीप जब्त कर लिया. हालांकि इस दौरान वाहन के चालक चाभी लेकर भागने में कामयाब रहा. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को एक कार में अवैध शराब लोड कर बिहार जाने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ने के लिए तिसरी पुलिस ने जाल बिछा रखा था. हालांकि इसकी भनक शराब माफियाओं को लग गई और लोकाय के पास से पुलिस को देख शराब माफिया होंडा सिटी कार संख्या बीआर03क्यू 0045 को लेकर वापस भागने लगे. इस दौरान तिसरी चौक पर भी उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वे तेज रफ्तार में कार लेके घंघरीकुरा की ओर भागने लगा. घंघरीकुरा के समीप बीच सड़क पर जेसीबी वाहन लगाया गया, जिसके बाद उक्त वाहन में बैठे शराब माफिया कार को बीच सड़क पर छोड़कर भाग निकला. इस दौरान वे अपने साथ कार की चाबी भी ले गए. जिसके बाद पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया. कार लॉक होने के कारण उसके शीशे को तोड़कर देखा गया तो कार के भीतर अवैध अंग्रेजी शराब रखी हुई थी. हालांकि शराब की मात्रा का पता नहीं चल पाई है.

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का 'हल्ला बोल' प्रदर्शन

**कसमार (बोकारो)।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार व प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कसमार प्रखंड कार्यालय के समक्ष 'हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत जोरदार प्रदर्शन किया. तीन कोनिया चौक से रैली की शक्ल में कार्यकर्ता प्रखंड कार्यलय पहुंचे और मेन गेट के सामने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. अंत में बीडीओ अनिल कुमार को 11 सूत्री ज्ञापन भी सौंपा. कार्यक्रम में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र नाथ महतो, कमल किशोर कपरदार, दिलीप महतो, अशोक सिंह, मधु झा, दीपन महतो, विकास महतो, मंटू रजवार, सुमित महतो, धनलाल कपरदार, देवेन्द्र नाथ महतो आदि शामिल थे.

## केबी कॉलेज में मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**कथारा।** केबी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वन महोत्सव मनाया गया. जिसकी शुरुआत एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ शुरु की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने किया. वन महोत्सव सप्ताह एक जुलाई से लेकर सात जुलाई तक प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है. देश के प्रधानमंत्री के मन की बात के दरमियान एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई. इसके अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में बरगद, पीपल, नीम, अशोक, सागवान, आम आदि पांच दर्जन से अधिक पौधे लगाते हुए एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत की गई.

## जन्मतिथि के लिए मैट्रिक को आधार बनाए बीएसएल प्रबंधन

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने प्रबंधन को पत्र लिख कर आश्रित कोटे से नियुक्त कर्मचारियों का जन्म तिथि विवाद को हल कराने की मांग की है. जब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि हर हालत में जन्म तिथि का आधार माध्यमिक प्रमाण पत्र मे अंकित जन्म तिथि है तो उसके विपरित बोकारो इस्पात संयंत्र में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पर्सनल विभाग, सेल कारपोरेट कार्यालय द्वारा आश्रित कोटे से अनुकंपा का तहत नियुक्त कर्मिकों का जन्मतिथि पर जारी सर्कुलर का अनुपालन नहीं कर अपने ही कर्मिकों के साथ न्यायिक मुकदमाबाजी कर रहा है. बीएकेएस के कार्यकारिणी सदस्य संजु कुमार ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि बोकारो प्रबंधन अपने ही कर्मिकों का विरुद्ध न्यायालय में लड़ाई लड़ रही है. उसमें भी सेल कारपोरेट का सर्कुलर तथा सर्वोच्च न्यायालय का आदेश को भी नहीं माना जा रहा है. जन्मतिथि विवाद, स्थांतरण विवाद, यूनियन चुनाव विवाद, बायोमेट्रिक विवाद जैसे मुद्दे स्वतः हल हो जाने चाहिए थे, लेकिन कंपनी कर्मचारियों का पैसा वकीलों और मुकदमेबाजी में खर्च किया जा रहा है.

## डीसी ने चेकनाका समेत कई योजनाओं का किया निरीक्षण

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने मंडरो प्रखण्ड के मिर्जाचौकी में बने बिहार की सीमा पर स्थापित चेकनाका का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में जिला के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा चेकनाका में पंजी संधारण की जांच की गई. साथ ही चेकनाको पर लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया. उन्होंने एसडीओ एवं प्रखण्ड के पदाधिकारियों को समय-समय पर चेकनाकाओं का औचक निरीक्षण का निर्देश दिया एवं साथ ही दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक वाहनों की भी संघनता से जांच करने का निर्देश दिया. उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय श्री राम चौकी महादेवगंज का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की साफ-सफाई, कक्षाओं में लाईट की कमी, शौचालय की स्थिति देखकर संबंधित प्रधानाचार्य को निर्देशित किया. इसके साथ ही उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय कन्या मंडरो का भी निरीक्षण किया. उपायुक्त ने तत्पश्चात आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिर्जा चौकी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मंडरो का निरीक्षण किया.

## नन्हें विद्यार्थियों में किताब, स्कूल बैग वितरित

**बोकारो।** समाज के अभिवंचित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो के तत्वावधान में संचालित स्कूल 'दीपांश शिक्षा केंद्र' के कक्षा एक के विद्यार्थियों में शनिवार को स्कूल बैग के साथ किताबें और स्टेशनरी किट का वितरण किया गया. प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने दीपांश की फर्स्ट एसेंबली में इसका वितरण किया. इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने शिक्षकों, माता-पिता व श्रेष्ठजनों का सदैव सम्मान करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि हरेक बच्चा अपने-आप में प्रतिभावान होता है। बच्चे दूसरों से अपनी तुलना न करें.

## कलश यात्रा के साथ राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत के दासडीह गांव में शनिवार को तीन दिवसीय श्री-श्री 108 राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ किया गया. कलश यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू होकर दासडीह, मोहनडीह, गांडेय पुराना बाजार होते हुए लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय करके दासडीह गांव स्थित ठाकुर अहरा पहुंची. जहां आर्चाय राम कृष्ण पांडेय ने विधि-विधान से मुख्य यजमान को कलश की पूजा अर्चना करवाई और कलश में जल भरा गया. पुनः यह कलश यात्रा यज्ञ मंडप में पहुंच कर समाप्त हो गई. कलश यात्रा में लगभग 201 कन्याकुमारी और महिलाएं शामिल थी.

## नीति आयोग ने की संपूर्णता अभियान की शुरूआत

**जमुआ (गिरिडीह)।** नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड जमुआ में शनिवार को प्रखंड सभागार में एक कार्यशाला आयोजित कर "संपूर्णता अभियान" की शुरुआत की गई. मौके पर नीति आयोग के एएसओ शिवांश शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष जुन्नैद आलम, उप प्रमुख रब्बुल हशन रब्बानी, जमुआ बीडीओ कमलेन्द्र कुमार, सीओ संजय पांडेय एवं नीति आयोग के रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ किया. मौके पर नीति आयोग के एएसओ शिवांग शर्मा ने कहा कि इस अभियान मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में निर्धारित मानकों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना है. यह अभियान 4 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा.

# पिकअप वैन और टाटा मैजिक में टक्कर, एक दर्जन छात्र घायल

### गंभीर रूप से घायल चालक समेत चार छात्र धनबाद रेफर









संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

जमुआ-कोडरमा मुख्य मार्ग स्थित पेटहंडी गांव के पास छात्रों से भरी एक प्राइवेट टाटा मेजिक की टक्कर मछली लदी पिकअप वैन से हो गई. टक्कर में टाटा मैजिक के पलट जाने से उसमें सवार फिरदौस आलम, उम्र 11 वर्ष, मो अली, उम्र 10 वर्ष, अर्जुन कुमार, उम्र 5 वर्ष, अरविंद कुमार, उम्र 6 वर्ष, माही कुमार, उम्र 6 वर्ष, मो अमन अंसारी, उम्र 12 वर्ष, उस्मान अंसारी, उम्र 10 वर्ष, मो मिस्टर, उम्र 10 वर्ष, मो शाहिद, उम्र 12 वर्ष, मो हुसैन, उम्र 10 वर्ष समेत करीब 12 छात्र जख्मी हो गए.

जख्मी छात्र को आनन फानन में जमुआ के एक निजी नर्सिंग होम में ईलाज के लिए ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद मो मिस्टर, मो अल्ली, मो शहीद, मो हुसैन को बेहतर ईलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया. इन छात्रों के माथा में चोट बताया जा रहा है. बाकी बच्चों को जमुआ के एक नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया. घटना में टाटा मैजिक वाहन के चालक मो शायदुल के भी घायल होने की सूचना है. उसे भी बेहतर ईलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है. सभी छात्र जमुआ में संचालित इंपीरियल ऑफ़ लर्निंग स्कूल के छात्र कक्षा 3, 4, एवं 6 के छात्र बताए जा रहे हैं. इधर जमुआ पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर थाने ले गई है.

## रोटरी का जादू सर्वश्रेष्ठ सेवा की देता है प्रेरणाः अजय

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने अपना 23 वां पदस्थापना समारोह सेक्टर वन स्थित हंस एजेंसी के सभागार में आयोजित किया. कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. रांची से आए रोटरी जिला 3250 के पूर्व जिला पाल अजय छाबड़ा ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई एवं प्रकाश अग्रवाल, पूर्वी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, रितु अग्रवाल को नए सदस्य के रूप में शपथ दिलवाई. अजय छाबरा में अपने संबोधन में कहा कि रोटरी का जादू हमें सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने को प्रेरित करती है. अजय छाबड़ा ने कहा कि स्वयं से ऊपर सेवा रोटरी का मुख्य ध्येय है. छावड़ा ने कहा कि हर रोटेरियन संगठन की शक्ति पहचान कर कार्य करें.निवर्तमान अध्यक्ष पूजा बैद ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य निष्पक्ष भाव से सेवा करना है और चास रोटरी सदैव इसके लिए तत्पर रहा. नव नियुक्त अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने पदभार ग्रहण के बाद कहा कि नए सत्र में हमारी टीम पूरी ऊर्जा के साथ सेवा कार्यों से रोटरी क्लब चास की एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफल होगी. बिनोद ने कहा कि रोटरी क्लब चास विधिवत कार्य योजना तैयार कर अभियान की तर्ज पर कार्य करेगी.

# एसपी ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी, दिये कई निर्देश

**खास बातें**

- रात्रि गश्ती में विशेष फोकस करें
- संदिग्ध लोगों की जांच करने का निर्देश

संवाददाता। साहिबगंज

पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सीसीटीएनएस कक्ष में शनिवार को मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई. इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने की. अपराध गोष्ठी में पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने सभी थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण गोष्ठी संबंधी में टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की ज़रूरत है. किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें. साथ ही नशा उत्पादों पर रोक लगाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करें. गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें. चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें. हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें. चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर विशेष नजर बनाए रखें. उन्होंने सभी थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. वहीं पुलिस कप्तान ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे, अवैध पत्थर खनन कारोबार, बालू पर नकेल कसने का भी निर्देश दिया. उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया.

इस मौके पर सदर मुख्यालय एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, सदर इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर प्रभाग इंस्पेक्टर, पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाडी ओपी प्रभारी अनीश कुमार पांडे, मुफ्फसिल थाना प्रभारी शशि सिंह, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी, रांगा थाना प्रभारी, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे.

# चिन्मय विद्यालय बोकारो में अंतर सदन कबड्डी प्रतियोगिता

### अपने-अपने आयु वर्ग में अग्नि, जल, पृथ्वी एवं वायु बना विजेता



संवाददाता। बोकारो

चिन्मय विद्यालय बोकारो में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में इंटर-हाउस कबड्डी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने खेल का महत्व बताते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. बालक वर्ग में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं से जल सदन 49 ने विजय प्राप्त की तो वहीं वायु सदन 40 उपविजेता रहा. कक्षा दसवीं एवं नौवीं में वायु एवं अग्नि सदन क्रमशः (25-19) विजेता एवं उपविजेता रहे. जूनियर वर्ग समूह छठी, सातवीं एवं आठवीं के अंतर्गत विजेता के रूप में पृथ्वी सदन और उपविजेता के रूप में जल सदन ने जीत हासिल की और स्कोर 36-16 रहा.

विद्यालय की बालिकाओं ने भी कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी सक्रिय प्रतिभागिता दर्ज की और पूरे उमंग के साथ भाग लिया. कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं वर्ग समूह से वायु सदन विजेता रहा तो उपविजेता जल सदन. वायु सदन की बालिकाओं ने फाइनल 42-22 से जीता. वहीं कक्षा छठी, सातवीं एवं आठवीं की टीम में अग्नि सदन में विजय प्राप्त की और वायु सदन उपविजेता रहा. अग्नि के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना फाइनल 31-24 से जीता.

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी एवं उप- प्रचार्य नरमेंद्र कुमार ने ढेरो बधाई दी.

कार्यक्रम का सफल संचालन शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष हरिहर पांडे के मार्गदर्शन में किया गया.

### लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ बीस सूत्री की बैठक में हंगामा

# जेई के नहीं पहुंचने पर मांगा स्पष्टीकरण

**खास बातें**

- विधायक फंड से निजी घर में चापानल लगाने का आरोप
- रिकॉर्ड आवास ले जाने पर जताई आपति



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को आयोजित बीस सूत्री की बैठक हो-हल्ला के बीच संपन्न हुआ. बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बारी-बारी से सभी विभाग की समीक्षा की गई. बैठक में पूर्व में लिए गए प्रस्ताव पर अमल नहीं होने पर कड़ी आपत्ति जताई गई. बैठक में थानेदार, जेई आदि की उपस्थिति नहीं होने पर स्पष्टीकरण मांगा गया. बैठक में मनरेगा और 15वें वित्त योजना की बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के द्वारा जांच करने का प्रस्ताव लिया गया. बैठक में सभी पंचायत भवन नियमित खोलने और रोजगार सेवक, पंचायत सेवक की शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया गया. बैठक में पंचायत भवन में योजनाओं का रिकॉर्ड न रखकर आवास ले जाने पर आपत्ति विरोध किया गया.

बैठक में विधायक फंड से 70% चापानल निजी घर में देने का आरोप लगाते हुए जेई से जवाब तलब किया गया. इस पर जेई ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही. वहीं चापानल मरम्मती में खानापूर्ति करने का आरोप लगाया गया.

बैठक में गदर हरिजन टोला मध्य विद्यालय में विद्या वाहिनी के खाते से अध्यक्ष द्वारा 3 लाख 51 हजार की निकासी कर लिए जाने के मामले में बीईईओ से सवाल जवाब किया गया. इसपर बीईईओ ने कहा कि प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है, कड़ी कार्रवाई होगी. वहीं शत प्रतिशत सरकारी विद्यालय में एमडीएम और अतिरिक्त पोषाहार का बच्चों के बीच वितरण नहीं होने पर कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया गया. बैठक में जेई की उपस्थिति नहीं होने व लचर बिजली के खिलाफ जमकर हंगामा की गई.

वहीं गदर पावर ग्रिड के ट्रांसमिशन का वन विभाग की ओर से एनओसी नहीं मिलने पर सवाल जवाब किया गया. इसपर वन विभाग की ओर जल्द ही एनओसी मिल जाने की बात कही गई.

मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष शक्ति रविदास, मरगूब आलम, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, विनोद मिष्टकार, रंधीर चौधरी, सोनू कुमार, एजाज अहमद, नंदू सिन्हा समेत कई उपस्थित थे.

# बिजली तार की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत



संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

जमुआ प्रखंड क्षेत्र के पोबी गांव में शनिवार को बिजली के तार की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत हो गई. मवेशी मालिक नारायण यादव ने कहा कि सुबह अपने मवेशियों को चराने के लिए खेत की ओर ले गया था, जहां खेत के पास नीचे गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से तीनों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई. मारे गए तीनों मवेशियों की कीमत एक लाख से अधिक बताई जा रही है. वहीं सूचना मिलते ही प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, मुखिया प्रतिनिधि लखन दास, बिजली विभाग के सरफ़राज़, पशुपालन विभाग के विनोद घटनास्थल पर पहुंचे.

वहीं प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव एवं मुखिया ने पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की. श्री यादव ने कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही की वजह से ऐसी घटना कई जगहों पर हो रही है. बिजली विभाग बिजली का काम दुरुस्त करें.


**शपथ पत्र**

मैं **फूलमती देवी FULMATI DEVI,** पति- मुकेश यादव, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवास ग्राम पश्चिमी साड़म भाट टोला, पोस्ट-साड़म, थाना -गोमिया, जिला- बोकारो, राज्य- झारखण्ड शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि -

1. यह कि मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।
2. यह कि आधार कार्ड संख्या **6573 5259 9704** में मेरा नाम **फूलमती देवी FULMATI DEVI** दर्ज है, जो सही व वास्तविक है।
3. यह कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा साड़म बाजार, थाना- गोमिया, जिला-बोकारो में मेरा एक बचत खाता है जिसका खाता संख्या 483610110003463 है, जिसमें मेरा नाम **PHULMATI KUMARI** दर्ज हो गया है जो गलत है।
4. यह कि यह शपथ पत्र में अपने उक्त बचत खाता संख्या 483610110003463 में अपना दर्ज गलत नाम **PHULMATI KUMARI** के स्थान पर सही वो वास्तविक नाम फूलमती देवी **FULMATI DEVI** दर्ज करने हेतु यह शपथ पत्र बना रही हूं।
5. यह कि उपरोक्त बातें मेरे कहने पर लिखी गई है जो सही व सत्य है अगर गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध सुंगत धाराओं में कार्यवाही किया जा सकता है।

**शपथ पत्र सं. 3390 दि. 29.06.24**

# ओडीएम ग्रुप ने छात्रों के लिए एआई कोर्स किया लॉन्च

## विशेषज्ञों और अनुभवी शिक्षकों की एक टीम ने बड़े ध्यान से किया तैयार

संवाददाता । दुर्गापुर

छात्रों को भविष्य की आवश्यकताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से एक क्रांतिकारी पहल में, ओडीएम एजुकेशनल ग्रुप ने कक्षा I-IX के छात्रों के लिए एक व्यापक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स लॉन्च किया है. यह अभिनव कार्यक्रम स्कूल पाठ्यक्रम में उन्नत प्रौद्योगिकी शिक्षा को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे छात्रों को 21वीं सदी के नौकरी बाजार की बदलती मांगों के लिए तैयार किया जा सके. यह एआई कोर्स, जो क्षेत्र में अपनी तरह का पहला है, ओडीएम



▪ मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क की मूल बातें से लेकर प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कंप्यूटर दृष्टि जैसे अधिक उन्नत विषयों तक की एक विस्तृत श्रृंखला है शामिल

सैफायर ग्लोबल स्कूल कैंपस, रांची में एक परीक्षण चरण में लॉन्च किया गया. ओडीएम एजुकेशनल ग्रुप के दूरदर्शी संस्थापक, डॉ. सत्यव्रत मिनाकेतन ने इस पहल के प्रति अपनी उत्तेजना व्यक्त की. हम ओडीएम सैफायर ग्लोबल स्कूल में अपने एआई कोर्स को पेश करने के लिए उत्साहित हैं. हमारा लक्ष्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं बल्कि व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करना है जो आज की डिजिटल दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है. एआई के बारे में सीखकर हमारे छात्र एक तकनीकी-संचालित समाज में योगदान करने और पनपने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे. कोर्स पाठ्यक्रम को एआई विशेषज्ञों और अनुभवी शिक्षकों की एक टीम द्वारा बड़े ध्यान से तैयार किया गया है. इसमें मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क की मूल बातें से लेकर प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कंप्यूटर दृष्टि जैसे अधिक उन्नत विषयों तक की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है. छात्रों को वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं पर काम करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें एआई उपकरणों और तकनीकों के साथ हाथों-हाथ अनुभव मिलेगा. कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता इसका नैतिक विचारों और एआई के सामाजिक प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करना है. यह घटक सुनिश्चित करता है कि छात्र केवल एआई प्रौद्योगिकियों में प्रवीण ही नहीं बनें, बल्कि इन उपकरणों का जिम्मेदारीपूर्वक और नैतिक रूप से उपयोग करने के महत्व को भी समझें. ओडीएम सैफायर ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल अमित सिंह ने नए कोर्स के लाभों पर प्रकाश डाला. हमारे पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करना एक दूरदर्शी कदम है जो समग्र शिक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन के साथ मेल खाता है. यह कार्यक्रम हमारे छात्रों के लिए नए रास्ते खोलेगा, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देगा. हम अगले पीढ़ी के नवोन्मेषकों और नेताओं को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. माता-पिता ने नई पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है. ओडीएम एजुकेशनल ग्रुप अपने तहत अन्य स्कूलों में भी एआई कार्यक्रम का विस्तार करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में एआई-साक्षर छात्रों का एक मजबूत नेटवर्क बनाना है. यह महत्वाकांक्षी विस्तार समूह की शैक्षिक नवाचार के मोर्चे पर बने रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

## ब्रीफ खबरें

### गौरांग मंदिर में रथ यात्रा की तैयारी पूरी

**बराकर ।** बराकर बेगुनिया स्थित गौरांग मंदिर में आयोजित होने वाले रथ यात्रा की अंतिम तैयारी में जुटे मंदिर प्रबंधक. बराकर शहर के बेगुनिया स्थित स्वर्गीय सीताराम बाबा द्वारा प्रतिष्ठित गौरांग मंदिर में भव्य तरीके से रथ पूजा का आयोजन किया जाता है. जहां शास्त्रोक्त विधि विधान से भगवान जगन्नाथ भाई बलराम और बहन सुभद्रा की पूजा की जाती है. इस अवसर पर गौरांग मंदिर के पुजारी हरे कृष्णा बाबा ने बताया कि वर्षों वर्ष से चली आ रही परंपरा के अनुसार रथ पूजा की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है.

### धनबाद धोखाधड़ी मामले की जांच शुरू: पुलिस

**सालानपुर।** धनबाद जिले के केंदुआडीह थाने ने एक धोखाधड़ी के मामले की जांच के लिए कार्रवाई शुरू की है, जिसमें सालानपुर के एक व्यक्ति पर 45 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है. पुलिस के मुताबिक, इस मामले में जामताड़ा, मिहिजाम और धनबाद के अन्य क्षेत्रों पर खोजबीन शुरू कर दी गई है. शिकायतकर्ता संजय दास ने बताया कि इस घटना में पश्चिम बंगाल के सालानपुर थाने के एक व्यक्ति का भी नाम शामिल है. उनके अनुसार इस धोखाधड़ी में दोनों राज्यों के कई लोग शामिल हैं. शिकायत में यह भी बताया गया है कि राकेश कुमार मिश्रा और उसके साथी ने एक्सिस बैंक की शाखा में नकली खाता खोलकर नौकरी पाने का जाल बुना था. वहां पर खाते में 20 लाख रुपये जमा हुए थे, जिन्हें बैंक ने अब फ्रीज कर दिया है. पुलिस ने बताया कि इस गिरोह की मौजूदगी कई जगहों पर है और उनकी गहन जांच जारी है. उनके अनुसार इस मामले में करोड़ों रुपये का लेनदेन हो चुका है और उन्होंने इस गतिविधि के लिए व्यक्तिगत विवरण भी जारी किए हैं.

### गायत्री परिवार ने किया कार्यशाला का आयोजन

**रानीगंज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में रानीगंज रोटरी क्लब हाल में कार्यशाला का आयोजन हुआ. हरिद्वार से आए संतों ने कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागरूकता के लिए तीव्र आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है. गायत्री परिवार जीवन जीने की कला के संस्कृति के आदर्श सिद्धांतों के आधार पर परिवार, समाज, राष्ट्रीय युग निर्माण करने वाले व्यक्तियों का एक संघ है. इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संरक्षक प्रदीप बाजोरिया ने कहा कि वर्तमान समय में सभी लोगों को आध्यात्मिक से जुड़ने की जरूरत है.

### शिक्षक के तबादले पर सम्मान समारोह

**रानीगंज।** वार्ड एजुकेशन हेल्थ कमिटी शिशु बगान जोन रानीगंज के प्रेसिडेंट एवं सेक्रेटरी को सम्मानित किया गया. वार्ड एजुकेशन हेल्थ कमिटी शिशु बगान जोन के प्रेसिडेंट नेहा साव, सेक्रेटरी देवाशीष बनर्जी एवं भूतपूर्व शिक्षक ऋषि कुमार के अन्य स्कूल में ट्रांसफर होने पर सबको श्री दुर्गा विद्यालय प्राथमिक विभाग की ओर से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान पर नृत्य की प्रस्तुति की.

## अवैध कोयला कारोबारियों पर नकेल कसने में सकरकार विफल

# अवैध कारोबार खुलेआम



**बड़े-बड़े कारखानों में कारोबारी पहुंचा रहें है भारी मात्रा में कोयला**

संवाददाता । बराकर

**बराकर ।** अवैध कोयला कारोबारियों पर नकल कसने के लिए सरकार के कई विभाग लगातार अभियान चला रही है, लेकिन बराकर में साइकिल, मोटरसाइकिल, स्कूटर आदि के सहारे अवैध कोयला का कारोबार धड़ल्ले से जारी है. इस संबंध में बताया जाता है कि अवैध कोयला कारोबारी पर नकेल कसने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है तथा अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है. लेकिन वहीं आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कुल्टी थाना अंतर्गत बराकर फांडी क्षेत्र में अवैध कोयला का कारोबार खुलेआम चल रहा है. यह कारोबार दिन के उजाले में साइकिल, स्कूटर तथा मोटरसाइकिल पर किया जा रहा है. इस दौरान देखा जाता है कि अवैध कोयला कारोबारी अपने इन वाहनों पर भारी मात्रा में कोयला लाद कर बड़े-बड़े कल कारखानों में पहुंचा देते हैं. जिससे इन कारखानों को यह अवैध कोयला बड़ी ही आसानी से मिल जाता है. लोगों का कहना है कि यह सब कार्य बिना मिली भगत के संभव नहीं है. इन सभी कार्यों में प्रशासन का सहयोग मिलना बहुत जरूरी है. इन सभी अवैध कोयला कारोबारियों को प्रशासन का सह है. जिसके बल पर यह लोग खुलेआम दिन के उजाले में अवैध कोयला का कारोबार कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 68 के बराकर गायत्री मंदिर के समीप चुपचाप बैठ जाने पर यह कोयला तस्करी का नजारा खुलेआम निरंतर दिखाई पड़ेगा. उन्होंने बताया कि यहां दर्जनों की संख्या में इस तरह के साइकिल स्कूटर और मोटरसाइकिल हैं. जिस के सहारे यह कारोबार निरंतर चलता रहता है. लोगों ने बताया कि पुलिस के गश्ती लगाने वाली गाड़ी भी इन्हें कुछ नहीं बोलता है. जिस कारण यह अवैध धंधा यहां भरपूर फल फूल रहा है और पुलिस प्रशासन चुपी साधे हुए है.

### मुख्यमंत्री के दबाव में भेजा गया नोटिस : कृष्नेन्दु

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल आसनसोल नॉर्थ थाना अंतर्गत आरएसएस कार्यालय को आसनसोल नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिस को लेकर भाजपा के राज्य स्तरीय नेता कृषनेन्दु मुखर्जी तृणमूल के खिलाफ तीखा वार किया है, उन्होंने कहा कि आसनसोल के एक तृणमूल विधायक के कहने पर तृणमूल सुप्रीमो सह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आसनसोल में स्थित एक हिंदू संगठन के कार्यालय के ऊपर ऊँगली उठाई है, संगठन के कार्यालय के भवन को उन्होंने एक तालाब पर निर्माण होने का दावा किया है. साथ में उन्होंने यह भी कहा है कि अगर अवैध निर्माण व अवैध कब्ज़ा के खिलाफ चल रही कार्रवाई में तृणमूल का कार्यालय तोड़ा जा सकता है तो आसनसोल में स्थित आरएसएस का भवन क्यों नही टूट सकता है. ममता के बयान के बाद आसनसोल नगर निगम की एक टीम दल-बल के साथ आरएसएस कार्यालय पहुँच गई और इलाके का जायजा लिया. साथ ही कुछ ही घंटे में निगम ने आरएसएस कार्यालय के बाहर एक नोटिस भी चिपका दिया.



### जामुड़िया में बारिश ने सड़कों को बिगाड़ा, स्थानीय लोगों और दुकानदारों को हो रही है परेशानी

**जामुड़िया।** हाल ही में हुई हल्की बारिश ने पश्चिम बर्दवान के जामुड़िया में सड़कों की स्थिति को खराब कर दिया है. इसके बाद नई सड़कों की निर्माण की गई थी, जिस पर अभी भी पानी जमा होने की समस्या बनी हुई है. यह समस्या विशेष रूप से बोगड़ा मोड़ से लेकर न्यू सातग्राम तक जाने वाली सड़कों पर प्रकट हो रही है. स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने इस मुद्दे को लेकर सड़क इंजीनियर और ठीकेदार को जिम्मेदार ठहराया है. वे इस मामले को गंभीरता से लेकर रहे हैं और जल्द से जल्द समस्या को हल करने की मांग कर रहे हैं. नई सड़कों के निर्माण के दौरान बोगड़ा मोड़ के पास एक कलवर्ट तैयार किया गया था, लेकिन इसकी व्यवस्था ठीक से नहीं होने से पानी सड़क पर ही जमा रह गया है. यह मुद्दा लोगों को सड़क पार करने में मुश्किलें उत्पन्न कर रहा है और दुकानदारों को अपने दुकानों में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है. इस मामले में स्थानीय लोग सरकार से इस समस्या को तुरंत हल करने की मांग कर रहे है, ताकि उनकी दिनचर्या पर कोई असर न पड़े. वे यह भी मांग कर रहे हैं कि इस पर कार्रवाई जल्दी से जल्दी की जाए और लोगों को आने वाली मौसमी बारिशों से पहले ही इस समस्या से निपटा जाए.

# अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की तारीख निर्धारित



संवाददाता । बराकर

आसनसोल नगर की ओर से कुल्टी के तीन बोरो क्षेत्र बराकर, कुल्टी, नियामतपुर में सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की तारीख निर्धारित की गई. कार्यवाही आने वाले आठ जुलाई से ग्यारह जुलाई तक दोपहर बारह बजे से की जाएगी. जिनमें आठ जुलाई को नियामतपुर मोड से लिठुरिया रोड, नो जुलाई को बराकर स्टेशन रोड से बैगुनिया मोड, दस जुलाई को नियामतपुर मोड से लक्षिपुर मोड, ग्यारह जुलाई की बैगुनिया मोड से बराकर बस स्टैंड तक कार्यवाही की तिथि निर्धारित की गई है. मालूम हो की राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पूरे पाचिम बंगाल में अवैध निर्माण बाजार अंचल में अवैध प्रकार से दुकान, बाजार हाट, सड़क पर अतिक्रण के खिलाफ सभी प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओं को फटकार लगाई थी. जिसके बाद से पूरे बंगला क्षेत्र में इस मुहिम को लेकर नगर निगम अवैध अतिक्रमण के खिलाफ रेस हुआ. जहां आसनसोल नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र में सड़क पर अवैध अतिक्रमण को लेकर निगम कार्यालय में सभी एमएमआईसी को लेकर विगत 27 जून और 02 जुलाई को एक बैठक कर निर्णय लिया गया . जिनमें कुल्टी के तीन बोरो, आठ, नौ, दस बोरो कार्यालय के बोरो चेयरमैन शामिल थे. इस मीटिंग में सड़क पर अवैध निर्माण के खिलाफ निगम अतिक्रमण करने वालों को सूचित करेगा. जिसके तहत विगत 26 जून से पूरे कुल्टी क्षेत्र में आसनसोल नगर निगम के आला अधिकारी सह सरकारी महकमा के अधिकारी द्वारा क्षेत्र मैकिंग कर सड़क पर अतिक्रमण और सड़क के किनारे ड्रेन के उपर से अतिक्रमण सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारियों को सूचित किया गया. जहा क्षेत्र में दो बार निगम की ओर से सूचना सार्वजनिक तौर पर दे दी गई है. लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों पर जूं तक नहीं रेंग रही है. मालूम हो कि बराकर बस स्टैंड में सैकड़ों की तादाद में अवैध निर्माण नेताओं के सह पर सलामी लेकर बैठ गई है.

### रेल प्रबंधक ने किया स्टेशनों का निरीक्षण

#### दुर्गापुर में यात्री सुविधाओं की जांच की

संवाददाता । आसनसोल

**आसनसोल।** आसनसोल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक चेतना नंद सिंह द्वारा शनिवार को आसनसोल मंडल के आसनसोल-गलसी सेक्शन का निरीक्षण किया गया. इस दौरान इस सेक्शन के कई महत्त्वपूर्ण स्टेशनों का निरीक्षण किया गया, जिसमें रानीगंज से शुरुआत की गई, जहां ईआई बिल्डिंग के निर्माण-कार्य की जांच की गई, यात्री सुविधाओं की समीक्षा की गई और जल-जमाव की समस्या पर चर्चा की गई.

इसी क्रम में आगे, दुर्गापुर में ट्रेन परिचालन सुविधाओं और यात्री सुविधाओं की जांच की गई. उक्त निरीक्षण कार्यक्रम की अगली कड़ी में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा गलसी स्टेशन पर पैनल रूम, रिले रूम और सिगनलिंग सिस्टम का निरीक्षण किया गया तथा स्टेशन के दक्षिण की ओर वाटर कूलर लगाने, पक्की संपर्क सड़क बनाने और वहां टिकट बुकिंग काउंटर खोलने के निर्देश दिए गए. आगे, पानागढ़ में अमृत स्टेशन योजना और ईआई बिल्डिंग के तहत पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई. पॉइंट और क्रॉसिंग, केबिन, यार्ड और कर्व का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य की बेहतरी के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए.

पानागढ़ स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम और यार्ड पर भी चर्चा की गई.

वहां अतिरिक्त पंखे लगाने का सुझाव दिया गया. तत्पशचात, चेतना नंद सिंह ने मैटिक्स साइडिंग में लोडिंग/अनलोडिंग सुविधा का निरीक्षण किया और इस प्लांट से लोडिंग संचालन में सुधार लाने वाले मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की. इस निरीक्षण कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक/आसनसोल के साथ नामित शाखा अधिकारी भी मौजूद थे.

## सिविक पुलिस पर लगा युवक की पिटाई करने का आरोप

### कई इलाके हैं संजय की दादागिरी से पीड़ित

संवाददाता । दुर्गापुर

**दुर्गापुर।** अंडाल थाने की सिविक पुलिस ने जॉय कुमार नामक युवक को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिसे इलाज के लिए दुर्गापुर महाकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया. 24 घंटे बाद भी आरोपी सिविक पुलिस के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किये जाने का आरोप विपक्ष ने लगाया . दुर्गापुर में एक निर्दोष युवक की पिटाई करना और उसका चेहरा और आँखें फाड़ना. उसका अपराध क्या है? उसका गुनाह था अपने दोस्त को बेगुनाह पीटते देखकर उसे बचाने की कोशिश करना? और उसके बाद उसे जानवरों की तरह जमीन पर पटक कर पीटा गया . इस घटना के मुख्य आरोपी है अंडाल थाने के सिविक पुलिस अधिकारी संजय सिंह. कई इलाके संजय की दादागिरी से पीड़ित हैं. लोगों ने बताया कि वे रेल कजोरा इलाके में निर्दोष लोगों पर बर्बरता करता है . मधुसूदनपुर क्षेत्र निवासी गैराज कर्मी जॉय कुमार ने अपने ऊपर हुए क्रूर अत्याचार का विरोध किया . विपक्षी दल की शिकायत सिविक पुलिस है जो खुद को एसपी, डीएसपी समझते हैं. कुछ घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी संजय सिंह के खिलाफ अंडाल पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, बाध्य होकर दुर्गापुर सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट के पास शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ा.

▪ विपक्षी दल की शिकायत है कि खुद को एसपी, डीएसपी समझती है सिविक पुलिस

# बराकर नदी में विस्फोट कर मछुआरे पकड़ रहे मछलियां

## बड़ी मछलियों के साथ ही छोटी मछलियां और उनके अंडे हो जाते हैं नष्ट

संवाददाता । सांकतोड़िया

**सांकतोड़िया :** वर्षा ऋतु के इस मौसम में भी अभी तक दामोदर नदी सुखी होने के कारण तटवर्ती मछुआरे नदी में जाल बिछाकर मछलियां पकड़ किसी तरह अपनी जीविका चला रहे हैं. हालांकि मछलियों के कम होने से काफी लोगों की यह जीविका छिन चुकी है. जाल बिछाने पर बहुत कम मछिलयां ही फंसती हैं. इस मामले में स्थानीय मछुआरों जीवन केवट, सतीश धीवर आदि का कहना है कि पहले यही नदी थी जब वर्षा का मौसम छोड़कर वर्ष के हर भाग में मछलियां पकड़कर परिवार की रोजी रोटी चल जाया करती थी



और खाने को भी मिल जाता था. पर अब तो नदी में मछलियों के कम पाए जाने से अन्य कार्य कर रोजी रोटी कमानी पड़ती है. मछुआरों का कहना है कि इस नए दौर में नए लोग नई तकनीक के जरिये विस्फोटक का व्यवहार कर मछलियां पकड़ने लगे हैं. विस्फोटकों के व्यवहार करने से बड़ी मछलियों के साथ ही छोटी मछलियां और उनके अंडे तक नष्ट हो जा रहे हैं. विस्फोट के कारण बड़ी संख्या में मछलियां तो जल के अंदर ही अंदर मरकर बह जाती हैं. विस्फोटक का व्यवहार कर मछलियां पकड़ने का सही लाभ तो उनको भी नहीं मिल पाता. पर हमारी जीविका तो छिन ही गई. जाल बिछाकर मछली पकड़ रहे मछुआरे ने बताया कि सामने ही देख रहे हैं कि इतनी मेहनतों के बाद जाल में दो चार छोटी मछलियां ही आई हैं. ऐसे भला कोई कैसे मेहनत करेगा? आज बैठा था तो चला आया, पर आकर मायूसी हुई.

## न्यूज अपडेट

### टोटो को अगस्त से नये नियमों का करना होगा पालन

अंडाल । अवैध ई-रिक्शा टोटो को खींचने के लिए आरटी के नये नियम लागू होने जा रहे हैं. ई-रिक्शा टोटो को सड़क पर चलाने के लिए वाहन का पंजीकरण और चालक का लाइसेंस होना चाहिए. जिन मार्गों पर बसें, मिनी बसें और वैध ई-रिक्शा चलते हैं, वहां एक अगस्त से अवैध ई-रिक्शा या टोटो को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी. ई-रिक्शा टोटो आरटीओ एवं एआरटीओ द्वारा निर्धारित रूट पर ही चल सकें. यह नया नियम 1 अगस्त से लागू होगा. नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा टोटो के मालिकों और चालकों पर आरटीओ ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया है. शनिवार को अंडाल थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अंडाल ट्रैफिक गार्ड पुलिस ने माइकिंग कर ई-रिक्शा व टोटो मालिकों व चालकों को नये नियमों के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया. अंडाल ट्रैफिक गार्ड के एक अधिकारी ने बताया कि नये नियमों से सभी को अवगत कराने के लिए क्षेत्र में लगातार माइकिंग करायी जायेगी. नए नियमों की जानकारी होने के बाद कुछ टोटो मालिक व चालक चिंतित हैं. कई टोटो मालिकों और चालकों ने टोटो पंजीकरण और चालक लाइसेंस कैसे प्राप्त करें, इसके बारे में पूछताछ करना शुरू कर दिया है.

### सोलहवें वार्षिक महोत्सव पर निकली कलश यात्रा



**बराकर।** श्री बैष्णवी शक्ति मंदिर नियामतपुर शांति नागर नया पारा में सोलहवा वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिन विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया. सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. कलश यात्रा में 14 महिला ढाकी ढ़ोल आकर्षक का केंद्र रहते. जिन्होंने यात्रा में चार चाँद लगा दिए. उसके वाद अयोध्या से आये श्री जय राम शास्त्री के नेतृत्व में झारखण्ड एवं बिहार से आये विद्धवानों द्वारा श्री शतचंडी पाठ कराया गया, वहीं शनिवार से बुधवार तक चलने वाला प्रतिदिन श्री मद भागवत कथा भी किया जाएगा.

### मारवाड़ी विद्यालय के 22 छात्रों का भविष्य अंधकार में

**बराकर ।** बराकर मारवाड़ी विद्यालय के साइंस विभाग में पढ़ने वाले 22 छात्रों का भविष्य अंधकार में है. इस संबंध में बताया जाता है कि बराकर शहर के कल्यानेश्वरी रोड स्थित बराकर श्री मारवाड़ी विद्यालय जहां क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का पहला पसंदीदा विद्यालय है. जहां माध्यमिक परीक्षा पास करके छात्र-छात्राएं यहां दाखिला लेने के लिए आते हैं . क्योंकि यह विद्यालय छात्र-छात्राओं के नजदीक का विद्यालय है . जिसको लेकर छात्र-छात्राओं में यहां दाखिला लेने की काफी उत्सुकता रहती है. लेकिन साइंस विभाग में पढ़ने वाले 22 छात्रों का भविष्य अंधकार में जाता दिखाई पड़ रहा है. नई शिक्षा नीति के तहत इस बार छात्रों के दाखिले के दौरान उक्त विद्यालय में केमिस्ट्री टीचर ना होने के कारण 22 छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा. हालांकि स्कूल ने 22 छात्रों को एडमिशन फॉर्म तो दिए पर अब केमिस्ट्री टीचर ना होने के कारण उनका रजिस्ट्रेशन अटक गया है. स्कूल का कहना है कि या तो अभिभावक अपने बच्चों को किसी दूसरे स्कूल जहां साइंस विभाग की पढ़ाई होती हो वहां ले जाएं या फिर उक्त विभाग के शिक्षक के आने का इंतजार करें .

### भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद का जन्म दिवस



**बराकर।** भारतीय जनता पार्टी कुल्टी मंडल के चारो मंडल कार्यालयों में भाजपा विधायक डॉक्टर अजय पोद्दार के नेतृत्व में भारत केसरी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया. सर्व प्रथम भाजपा कुल्टी के विधायक कार्यालय हनुमान चढ़ाई कुल्टी थाना स्थित कार्यालय झालबागान डीपीएस पार्टी कार्यालय में पार्टी सदस्य ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. इस दौरान भाजपा विधायक ने सांकतोड़िया ईसीएल अस्पताल में मरीजों के बीच फल, बिस्कुट वितरित किया गया और साथ ही पौधरोपण भी किया गया. इस दौरान कुल्टी के विधायक डॉ. अजय कुमार पोद्दार ने पार्टी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज डॉक्टर मुखर्जी के कारण हमारा बंगाल है. उन्होंने आज के दिन सभी को अपने पिता जी नाम पर एक वृक्ष लगाने की घोषणा की. इस दौरान भाजपा कुल्टी विधानसभा मंडल एक के अध्यक्ष संजू घोष, महासचिव राजू यादव, उपाध्यक्ष निशा चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ घोष, एसटी मोर्चा अध्यक्ष मामनी मुर्मू, संतोष झाल, भुवन मंडल, पार्थ मंडल, आशीष पाथर भाजपा मंडल दो के अध्यक्ष मनमोहन राय समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### जमुड़िया बाजार में निकाली गई कलश यात्रा



**रानीगंज।** जमुरिया बाज़ार अंतर्गत शाकम्बरी कुटुंब सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में मां शाकम्बरी सतचंडी नौ दिवस महायज्ञ की शुरुआत की गई हैं जो आगामी 15 जुलाई को पूर्णाहुति कर भक्तों में भंडारा भोग लगाया जाएगा. इसी उपलक्ष्य मे हटिया मंदिर प्रांगण से शोभा कलश यात्रा निकाली गईं. जहां महिलाओं ने अपने-अपने सर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकाली, जो बाज़ार परिक्रमा करते हुए सोनथालिया राइस मिल स्थित शाकम्बरी मंदिर जाकर समाप्त हुई. गुप्त नवरात्रा को देखते हुए माता का चंडी पाठ का आयोजन किया जा रहा हैं. इस मौके पर राजेंद्र सोनथालिय, चिंटू सोनथलिया, निरंजन सोनथलिया सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चौथे भाव में चन्द्र शुक्र है. सुख के सामान एकत्र होंगे, पर माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें. किसी से विवाद होगा, पर पराक्रम में वृद्धि करेगा. पर कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बताएं.

**वृषभ** समय शुभ है. धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करना होगा. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे.

**मिथुन** धन का आगमन से मन प्रसन्न हो जाएगा. उत्सा-हवर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. आपके कार्य और प्रभाव से व्यापार ठीक चलेगा.

**कर्क** समय सामान्य है, पर रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**सिंह** कोई धार्मिक या सामाजिक यात्रा हो सकता है. खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** आय और नया कार्य के लिए दिन बहुत ही शुभ है. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ रहेगा. पितरों के नाम से अन्न दान करें.

**तुला** सरकारी कार्य में गति आएगी. न्यायालय से लाभ मिलता दिख रहा है. कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन हो सकता है. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. ससुराल से कोई लाभ का योग है. धर्म में मन लगेगा. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. अन्न दान करें.

**धनु** कुछ मानसिक तनाव वाला दिन होगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. अन्न और जल पक्षियों को दें.

**मकर** जीवनसाथी के साथ सम्बंध मधुर होगा. कारोबार मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा. पर भाग्य का साथ रहेगा. शिव मंदिर में झाड़ू का दान करें.

**कुंभ** मौसमी बीमारियों से बचाव आवश्यक है. परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है.

**मीन** शिक्षा में स्वास्थ्य को लेकर बाधा हो सकती है. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा.

## वायु सेना के अधिकारी पहुंचे खूंटी

**खूंटी ।** भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर एपी रेड्डी और कमांडिंग ऑफिसर 10 एयर मैन चयन केंद्र भर्ती अधिकारी विरेंद्र रेड्डी शनिवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी पहुंचे और कॉलेज के सभागार में विद्यार्थियों के साथ बैठक कर भारतीय वायु सेना में जाने के प्रोत्साहित किया. वायु सेना के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भर्ती प्रकिया की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है. भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु पद में भर्ती के लिए उम्मीदवार आठ जुलाई 2024 सुबह 11 बजे से 28 जुलाई 2024 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं. भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा के विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला और वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय पर 50 फीसदी अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है.

## इस्कॉन निकालेगी भव्य रथयात्रा

**पलामू।** हरे कृष्णा निवास डालटनगंज से रविवार दोपहर दो बजे इस्कॉन द्वारा भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी. इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है. शनिवार को इस सिलसिले में इस्कॉन मायापुर धाम के संकीर्तन डिपार्टमेंट प्रमुख गौरधाम प्रभु की अध्यक्षता में बैठक करने के बाद पत्रकारों को जानकारी दी गयी. मौके पर प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, सुंदर माधव दास (संजय पांडे) मौजूद रहे. गौरधाम प्रभु ने बताया गया कि कोई भी मनुष्य रथ पर सवार जगन्नाथ जी का दर्शन करते हैं तो उनका पुनर्जन्म नहीं होता एवं उनके दर्शन मात्र से ही पापों से मुक्त हो जाते हैं. प्रभु जी ने पूरे शहरवासियों को आमंत्रित किया तथा प्रसाद के माध्यम से कृपा पाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि 15 दिन अज्ञातवास के बाद शनिवार शाम में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा दर्शन देंगे. नेत्र उत्सव मनाया जायेगा. आकर्षक तरीके से श्रृंगार होगा. रविवार की सुबह विशेष आरती-पूजा के बाद रथयात्रा निकाली जायेगी.

### नव निर्वाचित सांसद जोबा मांझी शनिवार को जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचीं, महागठबंधन के नेताओं ने किया स्वागत, बोलीं

# जगन्नाथपुर समेत पूरे झारखंड से भाजपा का होगा सफाया : जोबा मांझी

सुकेश कुमार। चाईबासा

सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी शनिवार को जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचीं. सांसद के साथ चाईबासा के विधायक सह पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ भी मौजूद थे. आभार यात्रा सह अभिनंदन कार्यक्रम की शुरुआत मोंगरा पंचायत से हुई. यहां पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, अभिषेक सिंकू के नेतृत्व में जोबा माझी और दीपक बिरुवा का जोरदार स्वागत किया गया. इसके बाद जगन्नाथपुर बाजार में महागठबंधन के नेताओं ने स्वागत किया. कार्यकर्ता और समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार किया. सांसद जोबा माझी ने जगन्नाथपुर विस क्षेत्र समेत सिंहभूम के तमाम मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि चुनाव में जनता ने सूझबूझ से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें चुना है, उसे व्यर्थ नहीं जाने देंगी. हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रहेंगी. आगामी विस चुनाव में भी महागठबंधन के प्रति विश्वास और समर्थन बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि जगन्नाथपुर समेत पूरे झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा. इसके बाद झारखंड का विकास होगा. उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रोजगार के मुद्दे पर वह बेहद गंभीर हैं. जरूरत पड़ी तो लोकसभा में खदानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाएगी. मोंगरा, जगन्नाथपुर बाजार, कासिरा, पोकाम, जैंतगढ़, सियालजोड़ा, कलैया, डांगुवापोसी, नोवामुंडी आदि इलाकों में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ. मौके पर झामुमो के जिला सचिव सोनाराम देवगम, अभिषेक सिंकू, इजहार राही, लक्ष्मी नारायण लागुरी, सुभाष बनर्जी, नवाज हुसैन, इकबाल अहमद, आसमान सुंडी, जगत माझी, डोगर हुसैन, अजीत लागुरी, राजू कुंकल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.



आभार यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करतीं सांसद जांबा मांझी.

### खास बातें

- विभिन्न प्रखंडों में सांसद जोबा मांझी का हुआ स्वागत
- पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ ने भी समारोह में भागीदारी निभाई

### सांसद बंद खदानों का मामला सदन में उठाएं : दीपक

आभार यात्रा सह अभिनंदन समारोह में चाईबासा के विधायक सह पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि क्षेत्र की खदानें बंद होने से यहां के लोगों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हुई है. उन्होंने स्थानीय लोगों की तरफ से सांसद से आग्रह किया कि संसद में खदानों का मामला उठायें. इसके साथ ही दीपक बिरुआ ने कहा कि आने वाले विस चुनाव में भी भाजपा को सबक सिखाना है. पूर्व मंत्री ने राज्य सरकार की सर्वजन पेंशन योजना और 200 यूनिट बिजली मुफ्त का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड और यहां के लोगों के हित में कई योजनाएं चला रही हैं.

### कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से बनेगी हमारी सरकार

# पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि, वही लड़ता है जमीनी लड़ाई : मरांडी

प्रमुख संवाददाता। रांची/हजारीबाग

प्रदेश भाजपा ने विजय संकल्प सभा के जरिए अपनी ताकत झोंक दी है. यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक विधानसभा वार चलेगा.शनिवार को हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प सभा और कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम हुआ. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की पूंजी कार्यकर्ता ही है. पार्टी के नेता तो मंच, माला माइक से जुड़े रहते हैं लेकिन एक सामान्य कार्यकर्ता चुपचाप पार्टी के लिए असाधारण कार्य करता है. जमीनी लड़ाई बूथ का साधारण कार्यकर्ता ही लड़ता है. चाहे पन्ना प्रमुख हो या बूथ की समिति, सभी अभिनंदन के पात्र हैं. कदम कदम पर जनता के सवालों का जवाब कार्यकर्ता ही देता है, घर-घर संपर्क कार्यकर्ता ही करता है. इसलिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देना पार्टी का धर्म है.

**तीसरी बार मोदी सरकार कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का फल :** मरांडी ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का फल है, जिसे आज कांग्रेस झामुमो सहित इंडी एलायंस के लोग पचा नहीं पा रहे. चाय वाले का बेटा तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बने यह उन्हें बर्दाश्त नहीं. लोकसभा चुनाव में इंडी एलायंस ने झूठ और दुष्प्रचार का सहारा लिया।तरह तरह के अफवाह फैलाए, लेकिन देश की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया. केवल केंद्र में मोदी सरकार ही नहीं बनायी, बल्कि कई प्रदेशों में भाजपा एनडीए की सरकारें बनी. झारखंड में भी एनडीए को 81लाख वोट मिले, नौ सीटों पर विजय मिली जबकि इंडी ठगबंधन 66 लाख वोट के साथ पांच सीटों पर सिमट गया.



विजय संकल्प सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद दीपक प्रकाश, मनीष जायसवाल व अन्य नेतागण.

### ध्वस्त है विधि व्यवस्था

आज राज्य की स्थिति बद से बदतर होती जा रही. विधि व्यवस्था ध्वस्त है. व्यवसायियों को अपराधियों के कॉल आते हैं, रंगदारी मांगी जाती है. एक भी उद्योगपति उद्योग लगाने को तैयार नहीं. पुलिस पदाधिकारियों ने वसूली में महारत हासिल कर लिया है। युवाओं की प्रतियोगिता परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही. नौकरियों को लाखों में बेंचा जा रहा.

### बदल रही डेमोग्राफी

संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही. 1951 से 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार आदिवासियों की आबादी तेजी से घटती ही जा रही और मुस्लिम आबादी दिनोंदिन अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही. ऐसा लगता है कि कुछ दिनों में संथाल परगना से आदिवासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा. ऐसे हालात में जनता आशा भरी निगाहों से भाजपा और एनडीए की ओर देख रही.

### बयानों में दिखने लगी है चंपाई की पीड़ाः बाबूलाल

**रांची।** चंपाई सोरेन को हटाकर हेमंत सोरेन के सीएम बनने पर झारखंड में सियासत गर्म है. विपक्षी पार्टी भाजपा लगातार झामुमो और हेमंत सोरेन पर हमलावर हो रही है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी निशाना साधते हुए कहा है कि पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की पीड़ा बयानों में दिखने लगी है. मरांडी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि हेमंत सोरेन में असुरक्षा की भावना इस कदर घर कर गयी है कि उन्हें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों पर भरोसा नहीं रहा. हेमंत सोरेन और उनका परिवार झामुमो के आदिवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सिर्फ दरी बिछाने और झंडा ढोने के योग्य समझता है. चंपाई सोरेन ने धीरे-धीरे ही सही लेकिन सकारात्मक राजनीति की ओर कदम बढ़ाया था. पार्टी कैडरों के बीच चंपाई की बढ़ती स्वीकार्यता देख हेमंत विचलित हो उठे. चंपाई के प्रकरण को देखकर अब उम्मीद है कि जल-जंगल-जमीन और झारखंड राज्य का आंदोलन करने वाले आदिवासी नेता और कार्यकर्ता झारखंड की अस्मिता और यहां के संसाधनों को किसी बदमिजाजी, सनकी और परिवारवादी व्यक्ति के हाथ में नहीं सौंपेंगे.

### नियुक्ति में बाधा डालना सरकार की संस्कृति बन गयी है

बाबूलाल ने अपने दूसरे एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले 5 सालों से जानबूझकर युवाओं की नियुक्ति में बाधा डालना जेएमएम-कांग्रेस सरकार की संस्कृति बन गयी है. नौकरी के लिए कोर्ट-कचहरी से लेकर सड़क पर आंदोलन करते-करते राज्य के लाखों परीक्षार्थी हताश और निराश हो चुके हैं. जनवरी में संपन्न हुई जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा हेमंत सरकार के संरक्षण में पेपर लीक होने की वजह से रद्द हो गयी थी.

## फॉरेस्ट की रेस्क्यू टीम ने दो खतरनाक सांपों को पकड़ा

संवाददाता। लातेहार

लातेहार वनों के क्षेत्र कार्यालय द्वारा गत शुक्रवार की देर शाम शहर के जुबली एवं माको मुहल्ला में दो खतरनाक कोबरा सांपों का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया. वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के नेतृत्व में गठित रेस्क्यू टीम में जय जयेंद्र कुमार प्रभारी वनपाल लातेहार, पिंटू कुमार वनरक्षी एवं आशीष कुमार झा वनरक्षी की टीम ने बखूबी खतरनाक कोबरा सांपों का सफल रेस्क्यू किया. जानकारी के अनुसार जुबली रोड स्थित कार्निवल होटल के पास एक खतरनाक कोबरा फन फैलाकर इधर-उधर घूम रहा था. उसे देखकर लोग काफी भयभीत थे. लोगों ने वनों के क्षेत्र पदाधिकारी श्री मेहता को गत शुक्रवार की रात्रि 8:30 बजे इसकी सूचना दिया. श्री मेहता ने 10 मिनट के अंदर दलबल के साथ स्थल पर पहुंचकर बहुत मशक्कत से फन फैलाये कोबरा को जीवित पकड़ने में सफलता पाया. पकड़ने के बाद रेस्क्यू टीम द्वारा ललमटिया जंगल में उक्त सांप को छोड़ा गया. तब तक शहर के माको मोहल्ले में सांप होने की सूचना श्री मेहता को मिली पुनः रेस्क्यू टीम माको मोहल्ला जाकर सांप को रेस्क्यू किया. जिसकी पहचान खतरनाक कोबरा के रूप में की गई. रेस्क्यू के उपरांत जलता जंगल में उक्त सांप को छोड़ा गया. बताया जाता है कि वन विभाग सांपों की रेस्क्यू के लिए विशेष प्रशिक्षित दल को तैयार किया है.खतरनाक सांप को भी बहुत ही आसानी से रेस्क्यू कर इस टीम को काफी उपलब्धियां मिल रही है.

## महिला की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। खूंटी

पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हत्या के आरोपित कंदरू तिग्गा उर्फ कंदरू उरांव (45) को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया. इस संबंध में खूंटी पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग 10.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डुमारी गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई है. इसके आलोक में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर तोरपा के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया. छापामारी दल ने डुमारी गांव स्थित मृतक अमृता देवी के शव को कब्जे में लिया तथा घटना में प्रयुक्त लकड़ी के टुकड़े को भी जब्त कर लिया. छापामारी दल ने डुमारी स्थित आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल से अभियुक्त कंदरू उरांव को गिरफ्तार कर लिया. घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहनी हुई खून लगी शर्ट को भी जब्त कर लिया. इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है.



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

### आजसू का अंचल कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम

## झारखंड सरकार सिर्फ राज्य को लूटने में मस्त है : चंद्र प्रकाश चौधरी

संवाददाता। रामगढ़

आजसू पार्टी रामगढ़ प्रखंड, छावनी परिषद, रामगढ़ सदर, कमेटी ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शामिल हुए. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित हुए.

हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ से सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, बड़कगांव विधान सभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ से सुभाष चौक, बिजुलिया होते हुए जुलूस रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचा. अंचल कार्यालय पहुंचकर पार्टी नेताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित किया. मौके पर मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सिर्फ लूटने में मस्त है,जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है. पूरे प्रदेश भर में भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी कर रखी है. हर क्षेत्र में इस सरकार के और सरकार के शासन प्रशासन में भ्रष्टाचारी कूट कूट के भरी हुई है. वहीं विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि ये जेएमएम की सरकार जो कहती है कि हम आदिवासियों-मूलवासियों की पार्टी है वही हेमंत सोरेन जो लूट खसोट भ्रष्टाचारी के चलते पांच महीना जेल की सलाखों के पीछे चले गए.

### डीवीसी के स्थापना दिवस पर विशेष

## ...और बंगाल का शोक बन गया देश की शान

रंजीत सिंह/शेष नारायण सिंह । धनबाद

देश में ऊर्जा के क्षेत्र में दामोदर घाटी निगम यानी डीवीसी लगभग आठ दशक से महत्वपूर्ण योगदान निभाता आ रहा है. आजादी के बाद पूरे देश में सबसे पहला डैम बनने का खिताब भी डीवीसी के नाम है. आजादी के एक वर्ष बाद 1948 से ही बहुउद्देशीय उद्देश्य के साथ बिजली, पानी ,रोजगार समेत कई आयामों के साथ आगे बढ़ा और आज भी अग्रसर है. दामोदर घाटी निगम की स्थापना सात जुलाई 1948 को भारतीय जनमानस की धरोहर दामोदर नदी पर डैम बनाने के साथ शुरू हुई थी. तब से लेकर आज तक देश की शान बनकर अविरल बिजली बनाने से लेकर सिंचाई रोजगार आदि उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी डीवीसी बखूबी निभा रहा है.

### प्रलय के तूफान से ऐसे निकली कल्याण की राह

बंगाल का शोक कहे जानेवाले दामोदर नदी के प्रलय कारी प्रवाह को रोकने और उसके पानी से बहुद्देशीय परियोजना खोलने की परिकल्पना 1943 में आए भयंकर बाढ़ के बाद की गई थी. क्योंकि दामोदर नदी में हर साल बाढ़ आने के बाद बंगाल में भयंकर तबाही होती थी. 1943 में दामोदर नदी के प्रवाह ने ऐसा प्रलय मचाया कि पश्चिम बंगाल के इतिहास में इसे काला अध्याय माना जाता है. तब दामोदर में आई बाढ़ ने हजारों लोगों कको मौत की नींद सुला दिया था और लाखों लोग बेघर हो गए थे. इसे देखते हुए पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल ने बर्दवान के महाराज व भौतिक विज्ञानी मेघनाद साहा के नेतृत्व में बतौर जांच टीम गठित की थी. उसमें तय किया गया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के टेनेसी घाटी प्राधिकरण की तर्ज पर दामोदर नदी पर भी बांध बनाकर न सिर्फ प्रलय कारी प्रवाह को रोका जा सकता है बल्कि इसी धारा से कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जा सकती है. इसके लिए अमेरिका से टेनेसी घाटी प्राधिकरण के सीनियर इंजीनियर डब्ल्यूएल बुरदईन को देश बुलाया गया. उन्हें दामोदर नदी की भौगोलिक हालात से रूबरू कराया गया. 1944 में डब्ल्यू एल बुरदईन ने दामोदर नदी पर एकीकृत दामोदर घाटी निगम के साथ सिंचाई के अलावा बहुउद्देशीय परियोजना के रूप में स्थापना करने का सुझाव दिया. इस मशवरे के बाद दामोदर घाटी निगम की स्थापना का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया, फिर बिहार ,पश्चिम बंगाल व केंद्र सरकार ने मिलकर योजना बनाई. आखिरकार 7 जुलाई 1948 को दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई. फिर दामोदर की प्रलयकारी प्रवाह को कल्याण की दिशा में मोड़ दिया गया. डीवीसी के अंतर्गत फिलहाल मैथन, पंचेत, तिलैया ,कोनार डैम हैं.




**चिंताजनक** वर्ष 2025 में यहां का उत्पादन लक्ष्य घटकर एक मिलियन टन से भी कम हो जाने की उम्मीद

# सेल मेघाहातुबुरु ने उत्पादन लक्ष्य घटाकर 2.5 मिलियन टन किया

शैलेश सिंह। किरीबुरु

सेल की मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान में लौह अयस्क का भंडार खत्म होने के बाद निरंतर बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर प्रबंधन ने खदान का उत्पादन लक्ष्य 3.7 मिलियन टन से घटाकर 2.5 मिलियन टन कर दिया है. मेघाहातुबुरु खदान में सबसे अधिक 4.4 मिलियन टन उत्पादन होता था. खदान की खराब होती स्थिति के बाद 3.7 मिलियन टन व अब 2.5 मिलियन टन किया गया. अगर यही स्थिति रहा तो वर्ष 2025 में यहां का उत्पादन लक्ष्य घटकर एक मिलियन टन से भी कम हो जाएगा, अर्थात बंदी के कगार पर होगा. लक्ष्य घटाने के बाद सेलकर्मियों की चार रविवार की ड्यूटी में से दो की कटौती की गयी. प्रबंधन महीना में पहले और तीसरे रविवार को ड्यूटी देने पर राजी हुआ. अगर किसी महीना में पांच रविवार आता है, तो अंतिम रविवार को भी ड्यूटी देने की बात कही गई है. इससे प्रत्येक सेलकर्मियों को कम से कम 5-7 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा.



मेघाहातुबुरु खदान गेट की तस्वीर

### खास बातें

- सेलकर्मियों को दो रविवार को ड्यूटी पर नहीं बुलाया गया
- खदान की खराब स्थिति के कारण उठाया गया यह कदम

### सीजीएम ने मांगा सहयोग

इस मामले को लेकर मेघाहातुबुरु के सीजीएम आरपी सेलबम ने महाप्रबंधक (पीएंडए) विकास दयाल व तमाम मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में मेघाहातुबुरु खदान और लौह अयस्क की स्थिति से अवगत कराते हुए इस विकट स्थिति में सहयोग मांगा. सेलकर्मियों ने भी स्थिति को देखते हुए प्रबंधन को पूरा सहयोग का भरोसा दिया है.

### 10 वर्षों से लीज के लिए प्रयासरत

उल्लेखनीय है कि मेघाहातुबुरु का सेंट्रल व किरीबुरु का साउथ ब्लॉक पहाड़ी का लीज के लिए दोनों प्रबंधन पिछले 10 वर्षों से प्रयासरत है, लेकिन केंद्र सरकार ने सारंडा जंगल में निवास करने वाले वन्यप्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण से जुड़ी वन्यजीव संरक्षण प्लान को लेकर फाइल क्लियर नहीं कर हर बार एक नया सवाल खड़ा कर वापस कर दे रही है. इस कारण दोनों खदानों की स्थिति निरंतर खराब होती जा रही है. खासकर मेघाहातुबुरु खदान की स्थिति दयनीय हो गई है एवं यह खदान बंद होने के कगार पर पहुंच गई है.

### केंद्र बंद करना चाहती है खदान

मजदूर नेता अफताब आलम ने कहा कि केन्द्र सरकार सेल की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु आदि पब्लिक सेक्टर की लाभ वाली खदानों को एक साजिश के तहत बंद करना चाहती है. ताकि इसे प्राइवेट कंपनियों को दे सके. लेकिन हमलोग केंद्र सरकार की ऐसी मंशा को सफल नहीं होने देंगे.

## खूंटी में खुला झारखंड का सबसे बड़ा वाटर पार्क

संवाददाता। खूंटी

खूंटी के बेलाहाथी में झारखंड के सबसे बड़े वाटर पार्क एनडीए एक्वा अम्यूजमेंट पार्क का उद्घाटन शनिवार को सांसद कालीचरण मुंडा ने फीता काटकर किया. इसके पूर्व सांसद के पार्क पहुंचने पर पार्क के संचालकों ने उनका जोरदार स्वागत किया. मौके पर सांसद ने कहा कि खूंटी में झारखंड के सबसे बड़े पार्क का खुलना हर्ष की बात है. उन्होंने कहा कि पार्क के बनने से लोगों का खूंटी में आवागमन बढ़ेगा. इससे इस क्षेत्र में पर्यटन का बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि खूंटी में पर्यटन को बढ़ावा मिले. इसके लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे. एनडीए एक्वा अम्यूजमेंट पार्क के संचालक दीपक कुमार, अंबिका, रमेश महतो, बबलू आदि ने बताया कि पार्क में मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध हैं. इनमें रेन डांस, फैमिली स्लाइड, स्पाइडर स्लाइडर, एमपीडब्ल्यूपीएस, नॉर्मल रील आदि शामिल हैं.

### खास बातें

- सांसद कालीचरण मुंडा ने किया उद्घाटन
- एक्वा अम्यूजमेंट वर्क खुलने से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

# हरियाली का मौसम आया, टप-टप बरसे पानी



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**जब** वर्षा ऋतु का आगमन होता है तो सूना गगन घहराते काले-उजले मेघों से भर जाता है और संतप्त सूखी धरती की छाती शीतल हो जाती है. चराचर जगत चहक उठता है. वर्षा ऋतु यानी प्रकृति के शृंगार का ऋतु, सौंदर्य का ऋतु, प्रीत का ऋतु, मिलन और विरह का ऋतु. चारों और हरियाली का साम्राज्य. शीतल मंद बयार के साथ कभी रिमझिम तो कभी मीठी फुहार तन-मन को आनंद के सागर में निमग्न कर देती है. पावस का दूसरा पक्ष यह भी है कि इसका आगमन सुखी लोगों का सुख और दुखी जनों के दुख में वृद्धि कर देता है. संयोग और वियोग दोनों ही शृंगारों में निखार आ जाती है. संयोगिनी धन्य हो जाती है तो वियोगिनी की तड़प और बढ़ जाती है. यह ऋतु जन मानस को तो प्यार से सहलाती ही है, कवियों को भी गुदगुदाने से बाज नहीं आती. यही कारण है कि आदि कवि वाल्मीकि से लेकर आधुनिक युग के नवगीतकारों तक को वर्षा ऋतु काव्य-सृजन की प्रेरणा देती रही है. संस्कृत साहित्य में कालिदास के वर्षा के सौंदर्य के अप्रतिम चित्रण से प्रायः साहित्यप्रेमी परिचित हैं. हिंदी साहित्य के मध्य युग में गोस्वामी तुलसीदास, सूरदास, जायसी आदि कवियों द्वारा पावस ऋतु के सुंदर और सरस चित्रण ने जनमन को आह्लादित किया है तो आधुनिक हिंदी साहित्य में छायावादी कवियों में प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी, आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री, नागार्जुन और डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र जैसे नवगीतकार आदि ने सरस साहित्य का सृजन किया है. इस कड़ी में रांची की कवयित्री **पुष्पा पाण्डेय** की बारिश की फुहारों से भीगी रचनाएं काव्य प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करने लगी हैं. प्रस्तुत है इनकी सार छंद में रचित यह रचना, जिसका शीर्षक है-बरसात.



हरियाली का मौसम आया, टप- टप बरसे पानी.
पावस लेकर आया है अब, जो ऋतु की है रानी.
उमड़-घुमड़ कर बादल आया, श्याम और कुछ काला-
आसमान में देख मेघ को, धरा हुई दीवानी..
शोर मचाने लगा वारिधर, चपला आंख दिखाती.
दिल की धड़कन बढ़ जाती है, फिर भी मन को भाती.
चली गगन से बरखा रानी, छम- छम पायल करती-
नृत्य करे रम्भा के जैसे, दिल को बड़ी लुभाती..
ओढ़ ओढ़नी धानी धरती, मंद-मंद मुस्काई.
दुल्हन बनी सेज पर बैठी, रात मिलन की आई.
कुदरत तो अब जश्न मनाती, यही सृजन की बेला-
पत्ता-पत्ता बूटा- बूटा, फूल कली इठलाई..
धरा कोख में पड़े बीज अब, छोड़ तमस को आए.
फूट पड़े अब कोमल कोंपल, नये सृजन को पाए.
कल-कल करती नदियां भी अब, चलीं नदीश मिलन को-
पुरवइया भी सरगम छेड़े, मधुर राग में गाए..
मधुर मिलन की ऋतु यह सावन, अमर प्रेम की रातें.
करुं याचना मेघ राज से, संदेशा पहुंचाते.
मुझे डराती रही दामिनी, कैसे रात बिताएं-
अबकी सावन आते साजन, प्रीत अमर कर जाते..

पुष्पा जी की इस रचना में जहां सार छंद के अनुशासन का पूर्णतः पालन किया गया है, वहीं रूपक, उपमा, विरोधाभास, संदेह, अनुप्रास आदि अलंकारों की छटा निराली है. यति, गति और प्रवाह की स्वाभाविक उपस्थिति के कारण यह कविता पाठकों पर हावी और प्रभावी होने में सक्षम है. पुष्पा जी अपनी इस कविता से प्रमाणित करती महसूस होती हैं कि काव्य साहित्य में छंद और अलंकार निरर्थक नहीं होते. यदि कवि में रचनाशीलता हो छंदों के माध्यम से अपने भावों को प्रभावशाली अभिव्यक्ति देना असंभव नहीं है. आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने मन को थोड़ा समझा लें और साधना करें. कुछ ऐसी ही सलाह दे रही हैं जमशेदपुर की कवयित्री **सविता सिंह मीरा**. इनकी कविता का शीर्षक है-मन को थोड़ा समझा लें हम.



मन को थोड़ा समझा लें हम
क्यों करना ऐसा हनन
कैसे उपजे है यह चिंतन
क्यों होना इतना मुंहफट
कर लेते कुछ तो मंथन.
उपालम्भ और आलोचना
जायज है क्या तकरार?
शब्दों से करना छलनी
सच में इसकी है दरकार.
आवरण धारण है मौन का
पर खामोशी में भी शोर है
क्या गरल पीने लगे हो तुम?
यह तुम ही हो या कोई और है.
कुछ क्षण व्यथित रही
और थोड़ी भ्रमित रही
धत तेरी सुन पगली
अब भी तू चकित रही.
विद्वान सर्वत्र पूज्यते
क्यों इसको तू गई भूल
फूल बिछाए राहों पर कौन
लांघते चलो पथ के शूल.
होगा निश्चित पथ प्रशस्त
खुद में रहना तुम आश्वस्त,
एकला चल तू बंधु
इक दिन होना सबका अस्त.

वर्षा ऋतु के सुख से पहले ज्येष्ठ का तपन आता है. अभिप्राय यह कि दुख से घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि दुख के बाद सुख आता ही है. मृगशिरा नक्षत्र में जहां लोग सूर्य के कठिन आतप में तपते हुए शिथिल हो जाते हैं, तब वर्षा के आगमन की आस बंधती है. फिर भी जब धूप सताती है तो भविष्य नहीं वर्तमान ही नजर आता है तो दिल से पुकार उठती है-ऐ धूप अब तो मान जा....अब तो जान छोड़. पलामू के डालटनगंज निवासी कवि **अमित गुप्ता** की कविता से यही भाव अभिव्यक्त हो रहा है.



इनकी कविता का शीर्षक है-ऐ धूप, तू मान मेरी.

ये धूप, तेरा यूं नित्य बढ़ना लाज़मी है मानता हूं मैं,
तेरी तपन तुझको मानवों ने ही दिए, जानता हूं मैं
पर क्या तू भी बन जाओगे निर्मोही और निष्ठुर
तू मान मेरी, कर दे ऐसी सभी नाराजगी तू दूर
मेरी सुन, खामखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है
तेरे तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है .
दर्द तेरा समझता हूं, ऐसे ही नहीं ढा रहा तू ये कहर
इच्छाओं की परिसीमा लांघते गए हम इंसान इस कदर
पेड़ काटे, पर्वत-पहाड़ तोड़े, और क्या-क्या न किए
पर तुझसे तो हमने ना कभी ऐसी उम्मीद की
मेरी सुन, खामखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है
तेरी तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है .
अच्छे, बुरे, लोभी, लालची, मतलबी चाहे जैसे भी
आखिर ये भी तो तेरे संगी हैं, तू रखे चाहे जैसे भी
मान जा, तू जिद न कर, बढ़ तू पर न इस तरह
प्रकृति प्रेमियों के भी आंसू बहे पसीने की तरह
मेरी सुन, खामखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है
तेरे तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है .
नन्हे बच्चों की छुट्टियां अभी-अभी तो खत्म हुई
नई जोश नई उमंग है, पर ये गर्मी से बेहाल हैं
ये तपन उन्हें सताती है, न जाऊंगा स्कूल, कहलवाती है
ये भविष्य कल के, पढ़ कर समझेंगे तेरी वेदना को
मेरी सुन, खामखां तू दिन-ब-दिन बढ़ रहा है
तेरी तपन से पिघल जाए ऐसा कोई दिल नहीं है.

यह सुखद है कि कवि ने समझाया तो धूप की भी समझदारी बढ़ गयी. उसने मेघों की चादर ओढ़ ली. मेघों ने भी किया कमाल. रिमझिम के तराने शुरू हो गये. धरती की छाती जुंड़ा गयी. चराचर जगत के चेहरे खिल उठे. अधरों पर मधुर मुस्कान थिरक उठी. चारों ओर आनंद ही आनंद है. अब तो मुझे आज्ञा दीजिए. जय हिंद! जय झारखंड!!




## सवाल में बवाल

रिंग रोड पर मिल गए नेता जी बलवीर .
कुत्ता उनके साथ था पकड़ रखी ज़ंजीर..
पकड़ रखी जंजीर अल्सेशियन था वह कुत्ता .
नेता से दो गुना भौंकने का था बुत्ता..
हमने पूछा, कहो, आज कैसे हो गुमसुम .
इस गधे को लेकर कहाँ जा रहे हो तुम..
नेता बोले क्रोध से करके टेढ़ी नाक .
कुत्ता है या गधा है, फूट गईं हैं आँख..
फूट गईं हैं आँख, नशा करके आए हो .
बिना बात सुबह-सुबह लड़ने आए हो..
हमने कहा कि कौन आपसे जूझ रहे हैं .
यह सवाल तो हम कुत्ते से पूछ रहे हैं..

**- काका हाथरसी**

# आधुनिक, विकसित मनुष्य की व्यथा





चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**मनुष्य** के हज़ारों, लाखों सालों की विकास यात्रा आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां यह निर्णय करने में भी कठिनाई हो रही है कि सुख क्या है, कहां है! हम भारत के परिपेक्ष्य में बात करें तो कुछ बातें ध्यान देने योग्य हैं. भारत की बड़ी आबादी मूल रूप से दुनिया के अलग क्षेत्रों से यहां आये और हज़ारों सालों से यहां बस गए. अलग भौगोलिक, प्राकृतिक परिस्थिति के अनुरूप उन पूर्वजों ने अपनी सभ्यता, संस्कृति, संस्कार, नियम, कानून और समाज को विकसित किया. फिर ज़मीन को सबसे बड़ी संपत्ति और सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी मानते रहे सदियों तक. यूं तो इतिहास में ऐसे बहुत सारे लोगों के भारत आने का प्रमाण उपलब्ध सबूतों में मिलता है, पर यहां इस बात की चर्चा अप्रासंगिक नहीं है कि सबसे ज्यादा आक्रमणकारी लुटेरा बनकर भारत से सोना और संपत्ति लूटने आया था.हूण-कुषाण और बाद में मुग़ल वंश के लोग यहीं आकर बस गए. सब शासकों का अच्छा -बुरा जो भी शासन रहा उसमें भारतीय मूल ग्रामीण जीवन शैली बहुत वृहत पैमाने पर प्रभावित नहीं हुआ था. अठारहवीं शताब्दी में व्यापारी बनकर भारत में प्रवेश करने वाले यूरोपीय लोगों में कालांतर में इंग्लैंड के लोग तो शासक ही बन बैठे. उन लोगों ने बहुत चतुराई से भारत के लोगों में अपनी भाषा, संस्कृति, लिबास, शिक्षा, स्वास्थ्य, ज्ञान इत्यादि से घृणा करना सिखाया . इसमें अलग अलग समय में धर्म परिवर्तन और सांस्कृतिक परिवर्तन पर भी जोर दिया गया. भारत के लोग अपनी संस्कृति और भाषा से धीरे धीरे दूर ही नहीं होते गए, उस 'यूरोपीकरण ' के दौड़ में पिछड़ने पर दूसरे और तीसरे दर्जे का आदमी बनना मानसिक रूप से स्वीकार कर लिया. फिर आया औद्योगीकरण का दौर, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण पैसा हो गया. गांव के बड़े भूखंड अर्थहीन और निरर्थक हो गए. खेतों में काम करने वाले करोड़ों ग्रामवासी महानगरों के आसपास झुग्गियों में जीवन गुज़ारते हुए फैक्टरी मज़दूर बन गए. उनका मूल श्रम और सोच मालिकों को और अमीर बनाने में लगा रहा! धीरे धीरे उनकी भाषा संस्कृति पीछे छूट गयी. और भाषा छूटने के साथ ही उनका अस्तित्व भी मिटने लगा. ध्यातव्य है कि ईख मज़दूरों और अन्य कुली मज़दूरों के रूप में मॉरीशस, फिजी, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे भारतीय मूल के लोग दो तीन सौ सालों के बाद भी अपनी भाषा, संस्कृति और संस्कार सम्हाले बैठे हैं! इक्कीसवीं सदी में मूल चंपारण का निवासी, पढ़ा लिखा भी दिल्ली के मयूर बिहार में रहने वाले बच्चों से अपनी मातृभाषा में बात नही करता और उसे अपनी संस्कृति ,संस्कार की ज्यादा चीजें घिनौनी और दकियानूसी लग रही हैं.यह एक अलग संक्रमण काल है.

# अद्भुत एवं अद्वितीय है बुद्ध स्तूप



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**बिहार** का वैशाली वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित है, क्योंकि यह एक ओर गौतमबुद्ध की उपदेश भूमि है तो दूसरी ओर जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर की जन्मभूमि है. तीसरी ओर गणतंत्र की जननी, चौथी ओर रामायण कालीन क्षत्रिय राजा विशाल की राजधानी और पांचवीं ओर वैशाली की नगर वधू आम्रपाली की दीक्षा भूमि है. बहुविध चतुर्दिक प्रतिष्ठा प्राप्त कर आज वैशाली वैश्विक धरातल पर अजर अमर हो चुकी है.

वैशाली में अनेक स्तूप बने हुए हैं. यथा आनंद स्तूप, विश्व शांति स्तूप, अशोक स्तूप आदि. उनमें गौतमबुद्ध की स्मृति में बना गौतमबुद्ध स्तूप अद्भुत एवं अद्वितीय है. आज मैं गौतमबुद्ध के अवशेष पर बने बौद्ध स्तूप के संदर्भ में अपने पाठकों को बताना चाहता हूं. कहा जाता है कि गौतमबुद्ध का महापरिनिर्वाण होने पर उनके शरीर का एक भाग लिच्छिवियों को मिला, जिसके ऊपर उन्होंने एक स्मारक खड़ा किया. मार्च 1958 में अभिषेक पुष्पकरिणी के उत्तर हरपुर वसंतपुर गांव के एक टीला की पुरातात्विक खुदाई की गई. खुदाई में गौतमबुद्ध का शरीरावशेष प्राप्त हुआ. उत्खनन कर्ता डॉ. एएस अल्तेकर थे. खुदाई से मिले स्तूप को एक छतरी से ढककर सुरक्षित किया गया और उसे एक सुंदर पार्क से सुशोभित किया गया.




सुप्रसिद्ध चीनी यात्री युवाड-च्वागं ने अपनी पुस्तक यात्रा विवरणी में लिखा है कि राजकीय नगर के 150 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर-पश्चिम की ओर एक संधाराम है, जिसके बगल में एक स्तूप है, उसी स्थान पर तथागत ने 'विमल कीर्ति' सूत्र को व्यक्त किया था. वहीं पर एक कृषक के बेटे रत्नाकर ने छोटा छाता भेंट किया था. उक्त स्तूप के दक्षिण पूरब में एक अंतिम बौद्ध स्तूप है, जिसे वैशाली के राजा ने बनवाया था.

गौतमबुद्ध के निर्वाण के बाद वैशाली के राजा को उनकी राख का एक अंश मिला, जिस पर उनके सम्मान में वहां एक ऊंचा स्तूप बनवाया गया था. सर्वप्रथम उस स्तूप के अंदर भगवान गौतम बुद्ध के शरीरावशेष को एक खोह में 10 भाग अंश सुरक्षित रखा गया था. अपने शासन काल में सम्राट अशोक उसे खुदवाकर नौ भाग ले गये और उसमें एक भाग छोड़ दिया. उसके बाद एक और राजा ने दोबारा उसे खुदवाने का प्रयास किया था, लेकिन वह सफल नहीं हुआ. स्तूप को खुदवाते समय वहां की धरती कांपने लगी और फिर कभी किसी ने उसे खुदवाने का प्रयास नहीं किया.

गौतमबुद्ध के शरीरावशेष को बहुत दिनों बाद बिहार सरकार ने खुदवाया, जो इन दिनों पटना संग्रहालय में संरक्षित है. चीनी यात्री फाहियान के अनुसार वैशाली नगर में आम्रपाली नाम की एक विश्व सुंदरी नर्तकी रहती थी, उसने ही गौतमबुद्ध का वर्तमान स्तूप बनवाया था, जिसे आज भी देखा जा सकता है.

# सबको मालूम है और सबको खबर हो गई




नश्तर

सुधीर राघव

**रामराज्य** का शोर थम चुका है. अब धड़ाधड़ पुल गिर रहे हैं. सड़कें धंस रही हैं. हवाई अड्डों की छत्त गिर रही है. पेपर लीक हो रहे हैं. महंगाई रोज नए मिसाइल टेस्ट कर रही है. उसने गरीबों से युद्ध छेड़ दिया है. टमाटर में नया मूल्यवर्धन इंजन लगाकर उसे हाइपरसोनिक मिसाइल बना दिया गया है. एंटीलिया वालों ने सारे प्लान महंगे कर दिए हैं, ताकि टमाटर सिर्फ उनकी थाली और सलाद में रहे. वे अपने हाथियों को ड्राई-फ्रूट्स के लड्डू खिला रहे हैं. इसलिए ड्राई-फ्रूट्स की मांग बढ़ गई. नेता प्रचार कर रहा है कि देखो देश अमीर हो रहा है.

ड्राई-फ्रूट्स वाले टनों लड्डू रोज हाथियों को खिलाने से बादाम इतने महंगे हो गए हैं. इतने कि अब वे गरीबों के बच्चों के सपने में भी नहीं आते. उधर, हाथी सोच रहे हैं कि भगवान ने हमारी आंतों को कच्ची शाकाएं पचाने के लिए बनाया है तो हमें पका हुआ दलिया और लड्डू क्यों खिलाया जा रहा है. हाथियों को गैस बन रही है.बदहजमी की डकारें आ रही हैं. वे और फूल गये हैं. वजन कम करने के लिए हाथियों



के जोड़े मोहम्मद रफी और सुमन कल्याणपुर का गीत 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर..सबको मालूम है और सबको खबर हो गई...' फुल वॉल्यूम पर लगाकर नाच रहे हैं. गैस फिर भी कम नहीं हो रही. वजन तब भी नहीं घट रहा. इस तरह गरीबों को रौंदने के लिए धनपशु और जंगली पशु एक हो गए हैं. दाल, तरकारी, हींग, तेल, दूध सबके दाम बे-रोकटोक बढ़ रहे हैं. ऐसा लगता है कि दिल्ली के तख्त पर बैठा सुल्तान भूख-प्यास कुछ नहीं समझता. उसे गरीब की रोजी-रोटी से कोई मतलब ही नहीं है. उसे नहीं परवाह कि महंगाई के कारण गरीब के बच्चे को दूध नहीं मिल पा रहा. गरीब का बच्चा चावल के चार दाने डालकर उबाला गया पानी पी रहा है.


विदेश से कोई न्योता नहीं है. नेता आराम कर रहा है. मगर उसकी जुबान चल रही है. काम उसे कोई आता नहीं है, इसलिए करता भी नहीं है. देश को उसने ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दिया है. जो सीमेंट की जगह गोबर से पुल बना रहे हैं. तारकोल की जगह कीचड़ से सड़कें लीप रहे हैं. सरकार इस काम के लिए उन्हें करोड़ों रुपए दे रही है. देश के खजाने की इस खुली लूट को मीडिया इको-फ्रेंडली प्रोजेक्ट बता रहा है. पहले आतंकवादी बम लगाकर पुल गिराते थे. अब पुल अपने आप गिर रहे हैं. बिना आतंकवाद के. अब आतंकवादियों को बम लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती. इस तरह उनके मिशन की लागत शून्य हो गई है. सरकार ने पुल बनाने के ठेके ही आतंकवादियों को दे दिए हैं. नेता प्रचार कर रहा है-हमने आतंकवाद खत्म कर दिया. निजी क्षेत्र में रोजगार बढ़ा दिया. जनता समझदार है. उसे अपनी और अपने बच्चों की जान की फ़िक्र है. इसलिए उसने पुलों का इस्तेमाल करना छोड़ दिया है. बच्चे रस्सी से लटककर नदी पार कर स्कूल जा रहे हैं. लोग केले के तने पर बैठकर धारा पार कर रहे हैं. लकड़ी के तख्ते पर बैठकर जा रहे हैं, गले में ट्यूब डालकर तैरते हुए जा रहे हैं. उन्होंने कसम खा ली है कि वे कभी पुल से नहीं जाएंगे. पुल से गये तो जान गई. और जान है तो जहान है. उधर, मीडिया खबर बना रहा है, दस दिन में सात पुल गिरे मगर कोई जनहानि नहीं. इससे सरकार खुश है, नेता खुश हैं, भ्रष्टाचारी खुश हैं और निस्संदेह आतंकवादी भी खुश हैं. मगर जनता का दुःख बढ़ गया है, जिससे किसी का कोई लेना-देना नहीं.


# शैलजा केडिया की कलाकृतियों में गांव के रहन-सहन





कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार
























**भावनाओं** की अभिव्यक्ति चित्रों के माध्यम से अति प्राचीन काल से होती चली आ रही है. वस्तुतः लिपि के आविष्कार के पूर्व चित्र ही एक -दूसरे के बीच चिह्नित रूपों में संचार माध्यम के साधन थे. स्वाभाविक रूप से हर बुद्धिजीवी के लिए चित्रकार होना अनिवार्य ही होता होगा, लेकिन कालान्तर में मानव सभ्यता के विकास के साथ-साथ चित्रों का स्थान लिपि ने ले लिया. हालांकि चित्रकला सीधे अपने समय से टकराती है. अपने समय के विश्वासों की रक्षा का भार उस पर होता है, उसकी समूची चित्तवृत्ति भी उसी से अभिव्यक्त होती है. समय की धारा के साथ-साथ कला का यह स्वरूप सदैव परिवर्तित होता रहता है. कभी कलात्मकता के आधार पर, कभी राजनीतिक उथल-पुथल के आधार पर, कभी सामाजिकता और विचारों के आधार पर तो कभी रूप रेखा तथा विषय-वस्तु के आधार पर. कला इतिहास के साक्ष्यों के अनुसार हमेशा कलाकार चले आ रहे वादों के प्रतिकूल अपनी-अपनी अभिव्यक्तियों का मूर्त रूप प्रदान करते रहे हैं. तभी एक नई कला का जन्म होता है. आज झारखंड के कई चित्रकारों ने नई पृष्ठभूमि तैयार करने और कला में स्पंदन लाने हेतु अपनी कल्पनाओं को रंगों-रेखाओं के माध्यम से मूर्त रूप दे रहे हैं. इनमें से एक हैं- शैलजा केडिया.

आज भी लोग गांव में रहते हैं, लेकिन विकास ने उनकी चाल ढाल व कार्यशैली और रहन-सहन में बदलाव ला दिया है. धीरे-धीरे ही सही, लेकिन शहरी सुविधाएं अब गांवों तक पहुंच चुकी हैं. एक तरफ ग्रामीण जीवन जीना तो आसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर गांवों में प्रकृति के साथ जीने की जो जीवनशैली थी, अब खत्म होती जा रही है. हालांकि आज भी भारतीय ग्रामीण जीवन शैली लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है, तभी तो शैलजा केडिया जैसे कलाकारों की कलाकृतियों में गांव के लोग, उनके रहन सहन उनके उत्सव से लेकर शहर की गलियों तक के दृश्य दिखते हैं. शैलजा के चित्र सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति है, यही कारण है कि इनके चित्रों की संप्रेषणीयता में कोई रुकावट नहीं है. शैलजा दूसरों के बनाये रास्ते पर नहीं, बल्कि अपने द्वारा बनाये रास्ते पर चलना चाहती हैं. इनमें परंपरागत की जगह अलग हटकर पहचान बनाने की जुनून है. इसलिए इन्होंने कला की नई परिभाषा गढ़ने की हिम्मत जुटाई है. इनकी कलाकृति में एक अलग झलक मिलती है. चित्रों में रंग संयोजन, रेखाओं की उभार और अद्भुत भाव दिखता है. बचपन से ही शैलजा का कला के प्रति लगाव रहा. आगे चलकर इनके अंदर की सुषुप्त कला धीरे-धीरे पल्लवित और विकसित होने लगी. शुरू से ही अपने गहन विचारों को उन्मुक्त भाव से अपनी सुंदर कलाकृतियों के रूप अभिव्यक्त करती आ रही शैलजा ने सत्यम श्री से चित्रकला की बारीकियों को समझकर नई कृतियों का सृजन कर रही हैं और समाज में एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में स्थापित होने को अग्रसर हैं. इनके चित्रों का अपना स्वतंत्र संसार है. पिछले कुछ दिनों से इनके माध्यम में परिवर्तन हुआ है और आज कल ये अधिकतर कलाकृतियां कलम से ही बना रही है और इस माध्यम में ये अपने आपको पूर्ण रूप से व्यक्त कर पाती हैं.



# रथ यात्रा विशेष

# झारखंड में सदियों पुरानी प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा



हिमकर श्याम

**झारखंड में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है. राज्य के ऐतिहासिक महोत्सवों में यह सबसे प्रमुख और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है. राजधानी रांची के अलावा कई जिलों में बड़े धूमधाम से रथ यात्रा निकाली जाती है. ढोल, नगाड़ों, तुरही और शंखध्वनि के बीच भक्तगण प्रभु के रथ को खींचते हैं. मान्यता है कि प्रभु के रथ का रस्सा खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है. रथ यात्रा का उत्सव आस्था के साथ-साथ सम्मिलित विश्वास का भी प्रतीक है. रथ मेले की रौनक देखते बनती है.**



### रांची 333 साल पुरानी परंपरा


रांची में रथयात्रा का शुभारम्भ वर्ष 1691 में हुआ था. तभी से ही यह परंपरा चली आ रही है. रथ यात्रा जगन्नाथपुर मंदिर से लेकर मौसीबाड़ी तक निकाली जाती है. रथ का रूप श्रद्धा के रस से परिपूर्ण होता है. बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल होते हैं. बड़कागढ़ के ठाकुर महाराजा रामशाह के पुत्र ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव ने 25 दिसंबर, 1691 में जगन्नाथ मंदिर का निर्माण करवाया था. मुख्य मंदिर से आधे किमी की दूरी पर मौसीबाड़ी का निर्माण किया गया है.

### खरसावां : सरकार उठाती है खर्च

सरायकेला खरसावां के हरिभंजा में प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलती है. यहां रथ यात्रा की परंपरा लगभग ढाई सौ साल पुरानी है. रथ पर सवार होकर प्रभु जगन्नाथ, प्रभु बलभद्र व देवी सुभद्रा मौसीबाड़ी गुंडिचा मंदिर जाते हैं. कहा जाता है कि सिंहदेव वंश के द्वारा 17 वीं सदी में प्रभु जगन्नाथ के मंदिर की स्थापना की गई थी. आजादी से पूर्व रथ यात्रा में होने वाले सभी खर्च राज परिवार उठाता था. आजादी के बाद यात्रा के आयोजन पर होने वाला सारा खर्च राज्य सरकार उठाती है.

### सिमडेगा : 700 साल पुराना इतिहास

सिमडेगा में प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा का इतिहास करीब सात सौ साल पुराना है. 1326 ई में हटंबर सिंह देव के द्वारा बीरगढ़ के ठाकुरबाड़ी में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई थी. हटंबर सिंह ने ही यहां मंदिर की स्थापना की थी. ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से भी रथ यात्रा निकाली जाती है. 1925 में पहली बार चित्रसेन परिवार के द्वारा रथयात्रा निकाली गई थी. जिले के कोलेबिरा प्रखंड के भंवरपहाड़ गढ़ में लगभग 180 सालों से रथ मेला लगता है. भंवरपहाड़ गढ़ परगना के रणबहादुर सिंह के द्वारा रथयात्रा की परंपरा शुरू की गई थी. रथ यात्रा कोलेबिरा मौसीबाड़ी तक जाती है.



### लोहरदगा : 1754 में हुआ था शुभारम्भ

लोहरदगा में रथ यात्रा का इतिहास 270 साल पुराना है. शहर के गुदरी बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर से 1754 में रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ था. चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरटर के ठाकुरबाड़ी और तिवारी दूरा में स्थित ठाकुरबाड़ी से भी रथयात्रा निकाली जाती है. तेतरटर में 1885 और तिवारी दूरा में 1902 से प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है. वहीं भंडरा प्रखंड के ठाकुरबाड़ी मंदिर 200 साल से रथ यात्रा निकाली जा रही है.

### पलामू : 1840 में हुई थी शुरुआत

पलामू के चैनपुर पुर गढ़ में स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर से मौसी बाड़ी कुसुमदाहा मंदिर तक भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है. कहा जाता है कि चैनपुर स्टेट के छत्रधारी सिंह ने 1840 के आसपास यहां जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया था. तब से रथ यात्रा की परंपरा कायम है. जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शास्त्री नगर में स्थित राम जानकी मंदिर से लगभग सौ वर्षों से रथ यात्रा निकलती है.

### गुमला : नागवंशी राजाओं की परंपरा

गुमला में नागवंशी राजाओं ने रथयात्रा की परंपरा शुरू की थी. सिसई प्रखंड के नागफेनी में कोयल नदी के तट पर अवस्थित जगन्नाथ मंदिर की स्थापना रातू गढ़ के राजा रघुनाथ शाही के द्वारा विक्रम संवत 1761 में हुई थी. नागवंशियों की उप राजधानी रही पालकोट में भी रथ यात्रा मेला का आयोजन किया जाता है. बसिया प्रखंड के नारेकेला गांव के जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा निकाली जाती है. यहां मंदिर 115 वर्ष पुराना है जिसका निर्माण जमींदार रणबहादुर लाल ने कराया था. वहीं करौंदी में 110 वर्षों से रथयात्रा मेला का आयोजन हो रहा है. बड़ाइक देवनंदन सिंह ने करौंदी बगीचा में रथ यात्रा मेला की शुरुआत की थी.

### लातेहार : 191 सालों से चल रही है परंपरा

लातेहार के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर से महंत पूरन दास जी महाराज ने 1833 में रथ यात्रा आरम्भ हुआ था. उस समय यह रथयात्रा प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर धर्मपुर मौसीबाड़ी तक जाती थी. 1995 में लातेहार शहर के मेन रोड में ठाकुरबाड़ी का निर्माण हुआ. तब से ठाकुरबाड़ी से रथ यात्रा निकाली जाने लगी.

*प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है. आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ यात्रा पर निकलते हैं. रथ की यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर मौसी बाड़ी मंदिर तक पहुंचती है. नौ दिनों के बाद वापसी की यात्रा होती है, जिसे घूरती यात्रा कहा जाता है.*



डॉ मयंक मुरारी

# सब मनिसा मोर परजा





**भारत की परम चेतना ने मानव के संपूर्ण विकास को विराट पुरुष के भीतर देखा है. उसमें अनंत मस्तक, अनंत नेत्र, अनंत भुजाएं और अनंत चरण हैं. यह पुरुष धरती के चारों ओर है, जितने मनुष्य हैं, उतने उसके स्वरूप. इस विराट जगत का सनातन स्वरूप ही जगन्नाथ में विद्यमान है. यह भूतल उसके बिंब से बना प्रतिबिंब है. समस्त विकास की श्रेष्ठतम सीमा का बोध जगन्नाथ है. वह दर्शन की प्रखर प्रज्ञा है. उस एक पुरुष के भीतर विश्व का संपूर्ण मानव समाज समाहित है. उनका मूल हमारा भूमंडल है, हमारा भारतवर्ष है.**

## विष्णु का जाग्रत रूप

दुर्गा सप्तशती (1.66,71) में कहा गया है कि जगन्नाथ विष्णु के जाग्रत रूप हैं. जब तक भगवान सोये हुए थे, उनको विष्णु कहा गया, जब योगनिद्रा उनके शरीर से निकली, तब उनको जगन्नाथ कहा गया है. जब भगवती निद्रा रूप थीं, वे वाम थीं, निद्रा त्याग कर जगन्नाथ की क्रिया रूप में आयीं तो दक्षिणा काली हो गयी. जगन्नाथ को दक्षिणाकाली का रूप कहा गया है. काली का प्रतीक नीम के पेड़ की तनाओं से उनका विग्रह बनता है. यह जीवाणु नाशक के रूप में रक्तबीज का नाश करती है. शिव का ज्ञानरूप दक्षिणामूर्ति है. इसके त्रिविध विभाजन में जगन्नाथ का मूर्ति रूप ऋग्वेद, गति रूप यजुर्वेद, ज्ञान रूप सामवेद है. इन सबका स्थिर आधार अथर्व है. जगन्नाथ सहित तीन विग्रह सत चित आनंद और सत श्री आकाल का बोध कराता है. इस त्रिविध स्वरूप को लेकर कहा गया है कि उभय बीच सिय सोहति कैसी. ब्रह्म जीव बीच माया जैसी. उनको स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल लोक का स्वामी कहा गया. वह सदैव ब्रह्मस्वरूप में होते हैं, उनका कार्य, करण और कर्तापन नहीं दिखता है. यह पता नहीं चलता कि इसका संचालक कौन है. इसे जगत के समक्ष बताने के लिए ही जगन्नाथ स्वामी के हाथ नहीं है. जगन्नाथ की शक्ति ब्रह्म की तरह है तीन रूपों में दिखती है-ज्ञान, बल और क्रिया. ज्ञानघन में वह जगन्नाथ, बलरूप में बलभद्र और क्रियारूप में वह सुभद्रा है.

## कब तक ताकेंगे राह

जगन्नाथ का मास आषाढ़ है जब आकाश और धरती का मिलन होता है. यह जगत और जीव के बीच को जोड़ने का अवसर है. आषाढ़ मास आते ही आसमान में मेघ उमड़ने-घुमड़ने लगते हैं. काले-काले मनभावन. जगन्नाथ की गोपियां गीत गाती है कि-लोग पुकारे और जगन्नाथ ना आए. राह हम कब तक ताकेंगे. ऊधोजी कहियों जायें, श्याम यहां कब तक आवेंगे? भक्त बुलाए तो भगवान को निकलना ही पड़ता है. रथ की पालकी बनायी जा रही हैं, सभी भक्त लगे हुए हैं. भगवान को कोई दिक्कत नहीं हो. इसलिए नारियल की कोमल लकड़ी रखी जाती है. लाल, काले, हरा और सभी रंग में हाथ बनाना है. लोग व्याकुल हैं. अब भगवान स्नान करेंगे, फिर सवारी निकलेगी. गंडीचा जाना है.

## काष्ठ में ब्रह्म

जगन्नाथ के इस जगत में वे खुद काष्ठमूर्ति में विराजते हैं. सारे जगत में ऐसा कहीं नहीं देखा गया कि काष्ठ प्रतिमाएं सिद्ध चावल का भोग ग्रहण करती हो, निश्चित तिथि पर अपने कलेवर बदलते हों तथा जिनमें ब्रह्मरूप में प्राण का स्पंदन हो. दारू यानी काष्ठ में ब्रह्म. ये प्रतिमाएं भी अपूर्ण हैं. इनके हाथ और पैर नहीं हैं, मुखमंडल का निर्माण भी पूरा नहीं है. इसके बावजूद जगन्नाथ यानी इस सृष्टि के स्वामी को सगुण स्वरूप दिया जाता है. इस कर्मकांडीय क्रिया के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि जन्म और मृत्यु से कोई वंचित नहीं है, सभी इसके अधीन हैं. चाहे वह देव हो या मानव. वैसे भी जब जगत के स्वामी इस धरती पर आये हैं, तो उनकी क्रिया और कार्यकलाप मानव की तरह ही होना चाहिए. इसलिए समय अंतराल पर एक आनुष्ठानिक क्रिया से ईश्वर को स्वरूप दिया जाता है. यह धार्मिक के साथ हिंदू जनमानस की मानसिक क्रिया है, जो सामूहिक चेतना का प्रकटीकरण करती है. यजुर्वेद में कहा गया है कि ईंशावास्य मिदं... सब कुछ उस ईश्वर का है, तो उसकी अनुभूति के लिए सामूहिक चेतना से उस अवचेतन की यात्रा करनी होगी.

## धरती और मानव शरीर

भगवान जगन्नाथ का नया स्वरूप सदैव ही नीम के तनों से किया जाता है. यह एकमात्र ऐसा पेड़ है जो एंटीफंगल है. शरीर परिवर्तनशील है, लेकिन उसमें रोग लग सकता है. अतएव इससे बचाने की प्रक्रिया जीवन के निर्माण के साथ ही शुरू हो जाती है. भगवान का शरीर भी नीम के तनों से बनता है, जो स्वस्थ और चैतन्य जीवन का वाहक होता है. जगन्नाथ ने इस धरती पर मानव शरीर धारण किया है, तो उनकी दिनचर्या है. वे तैयार होते हैं, उनको भूख लगती है, वे सोते हैं और रोजाना कपड़ा भी बदलते हैं. वह ऋतुओं का आनंद लेते हैं, उत्सव में मग्न होते हैं और अपने परिवार से भी मिलते हैं. उनका स्वरूप भक्तों के लिए एक संदेश है.

## क्षणभंगुरता में शाश्वत की खोज

जगन्नाथ स्वामी का स्वरूप क्षणभंगुरता में शाश्वत की खोज है. उनकी आंखों में भक्तों को मुक्ति का आश्वासन दिखता है. वह जगत के नाथ हैं, तो कुछ भी संभव है. भगवान जगन्नाथ की पलकें, हाथ और पैर नहीं हैं, क्योंकि वे भगवान के अवतार रूप में (मानव स्वरूप) में नहीं बल्कि स्वयं भगवान रूप में इस धरती पर विराजमान हैं. यही कारण है कि अपूर्ण शरीर में भी उनके मुख पर सदा मुस्कान का वास होता है. जगन्नाथ स्वामी सदैव हमारी अपूर्णता और मानवीय दशाओं की अधूरेपन का स्मरण कराते हैं, जो जीवन में दुख, शोक, बीमारी और मृत्यु के रूप में हमको भोगना होता है. इन सब के बावजूद इस जीवन चक्र में ऋतुचक्र की तरह सबकुछ स्थायी नहीं होता है, इस अमर संदेश के साथ जीवन जीना ही भगवान जगन्नाथ की आराधना है.

## सामूहिकता और सामंजस्य का दर्शन

भारतीय परंपरा की संरचना में निर्धारित मूल्यों, विश्वासों, व्यवस्थाओं एवं सामाजिक प्रक्रियाओं का अमूल्य योगदान रहता है. ये मूल्य, विश्वास, प्रक्रिया और व्यवस्थाएं ही हमारी परंपरा की आधारशिला होती हैं. जगन्नाथ रथयात्रा हो या कुंभ स्नान, होली हो या छठोत्सव, इनमें भारतीय परंपरा के अनेक रूप दिखते हैं, जो आपस में विरोधी होते है फिर भी समन्वयवादी स्वभाव और सामूहिक व्यवहार का स्वरूप प्रकट होता है. जिस प्रकार होली में अमीर-गरीब, बड़ा-छोटा सब बराबर रूपों से रंगों में सराबोर होते हैं, इसी प्रकार जगन्नाथ की रथयात्रा में संरचनात्मक विरोधी अनुष्ठान के बाद भी सामूहिकता और सामंजस्य का प्रदर्शन होता है. इस रथयात्रा में क्या राजा, क्या रंक ? सब समान रूप से श्रद्धा के सैलाब में अपनी भागीदारी करते हैं. कोई सड़क को साफ करता है, कोई पानी देकर झाड़ू लगाता है तो कोई निहारता रहता है. यह ऐसा सात्विक भाव और आत्मिक आरोहण का अवसर होता है कि भगवान जगन्नाथ भी अपने एकांत गर्भगृह से बाहर आने का लोभ संवरण नहीं कर पाते हैं. मंदिर के गर्भगृह में गुप्त पूजाविधान को छोड़कर भक्तों के बीच आ जाते हैं. अपने भक्तों, अपने दीन-हीन प्रजा और अपने लोगों की आर्तनाद को सुनने के लिए वह लकड़ी के रथों पर सवार हो जाते हैं, ताकि भक्तों के बीच उनके सुख-दुख का सहभागी हो सके.



## आलू व चीनी रहित प्रसाद

वैष्णव मत में भगवान विष्णु को विशुद्ध और सात्विक गुणों का प्रतिनिधि माना जाता है. जैसे भगवान विष्णु नित्य शुद्ध हैं, वैसे ही उनका प्रसाद भी शुद्ध हैं. जगन्नाथ का प्रसाद और गंगाजल दोनों बराबर है. स्कंध पुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ भी इस तीर्थ में किए गए नैवेद्य का साक्षात भोजन करते हैं. यही कारण है कि जगन्नाथ स्वामी के प्रसाद की महिमा अनंत है. यहां के महाप्रसाद में उच्छिष्टता तथा स्पर्श का दोष नहीं लगता. जगत का जब स्वरूप एक है तो जगन्नाथ के समक्ष क्या ब्राह्मण और क्या छूत. सब एक साथ प्रसाद का भोग लगाते हैं. यही नहीं महाप्रसाद में कुछ भी छोड़ा नहीं जा सकता है. यह भी अनुष्ठान का एक अनूठा तरीका है. महाप्रसाद के लिए रसाई में आज भी लोकायत के तत्वों का समावेश है. महाप्रसाद में आज भी आलू और चीनी का प्रयोग नहीं किया जाता है. जगन्नाथ स्वामी का दैनिक भोज चावल के चोकर की टिकियां और सबसे साधारण उन साग-सब्जियों से बनाया जाता है, जो उड़ीसा के गरीब किसानों द्वारा उपजाया जाता है और खाया जाता है. जगन्नाथ स्वामी एक समय में गजपति राजाओं के देवता थे, बावजूद इसके उनके रथ को न ही हाथी द्वारा खींचा गया और न ही सेनाओं द्वारा या किसी भाड़े के मजदूरों द्वारा ही खींचा गया. उनके रथ को उस समय भी आमजन और भक्तों द्वारा खींचा जाता था, और आज भी भक्तजन ही खींचते हैं. यह सनातन परंपरा का परिचायक है, जिसमें भक्त और भगवान के बीच किसी प्रकार का कोई दुराव या गैप नहीं होता है.

इसी कारण ब्रह्मांड के संरक्षक जगन्नाथ स्वामी अपने भक्तों की प्रार्थनाओं को धैर्यपूर्वक सुनते हैं और फिर उन्हें कई रंग-बिरंगे त्योहारों की खुशी और भोजन की सबसे मनोरम पेशकश करते हैं. ऐसे विशिष्ट भगवान भी इस रथयात्रा में सामान्य जन की तरह अपने पद और महिमा को भुलाकर समानता का प्रदर्शन करते हैं. विशिष्ट जनों का देवता, पवित्र मंत्रों का देवता, राजाओं में राजपद का देवता एक बार सामान्य जन का देवता बन जाता है. यह भारतीय परंपरा की अनूठी व्यवस्था है जो विष्णु राजाओं का राजा है, वह शिव की तरह अघोड़दानी बन जाता है. यह ऐसा अवसर है जब हरेक व्यक्ति अपनी पीड़ा और दुख को अपने तौर-तरीके से जगत के प्रतिनिधि और सूर्य के नियामक देव के समक्ष रख सकता है. जगन्नाथ की शोभायात्रा पूरी तरह विनयशीलता और निःशब्दता की कहानी पर आधारित है, जिसमें भक्त और भगवान के बीच कुछ भी दूरी नहीं होता है. भाव और भावना की भक्ति से भगवान को विशिष्ट से सामान्य बना लिया जाता है.

जगन्नाथ स्वामी और उनकी रथ संस्कृति की मुख्य विशेषता जीवन के प्रति आदरभाव और समाज के प्रति सहकारिता का प्रदर्शन है. भगवान को समर्पित सैकड़ों कथाओं और कविताओं में उनके साथ भावपूर्ण संबंधों एवं अभिव्यक्तियों को दिखाया गया है. उड़ीसा के 17वीं सदी के यायावर भिखारी कवि सरिया विका के प्रार्थना गीत है- ओ थके मन चलें, गोल-गोल आंखें देखें. शंख-नाभि वलय में, दोनों आंख पखारें।। इसी प्रकार वनमाली की प्रसिद्ध भावगीत है- हे जगन्नाथ, नहीं मांगता मैं तुझसे कुछ, न धन और न ही जन, मांगता हूं तुझसे श्रद्धा-बाली में, बस हाथ भर जगह।। जगन्नाथ पूजा कोई हिंदू धर्म का दर्शन, संप्रदाय की मान्यता का भाग नहीं है, बल्कि यह वह सांस्कृतिक अनुष्ठान है जिसमें धर्म व दर्शन से ज्यादा संस्कृति का वृहद रूप और प्रौराणिक कथाओं की परंपरा है, जिसने संकट के समय समाज को आत्मिक जागरण का मूलमंत्र दिया. चाहे समय कितना भी जटिल क्यों न हो, अपने को नवीनीकरण के साथ उसका सामना किया जा सकता है. भारतीय स्वाभिमान की कथाओं में जगन्नाथ की पौराणिक कहानी भी है, जो देश और काल से परे है.

## जनता के बीच जगन्नाथ

रथयात्रा उन भगवान जगन्नाथ को समर्पित है जिनके चरण में संपूर्ण ब्रह्मांड में फैले हैं, जिनकी नाभि असीम है. सभी दिशाएं, जिनके कान हैं, सूर्य एवं चंद्र जिनके नेत्र हैं और स्वर्ग ही जिनका मस्तक है. साल में एक बार भगवान जगन्नाथ चलकर अपने जनता के बीच आते हैं और उनके सुख-दुख में सहभागी होते हैं. जगन्नाथ का उदघोष है कि सब मनिसा मोर परजा (सब मनुष्य मेरी प्रजा है) है, इस कारण वह मनुष्य को ऋतु परिवर्तन के साथ सीख देते हैं. गरमी में व्यक्ति की सहिष्णुता, धैर्य और साहस की परीक्षा लेते हैं. फिर परीक्षा के बाद भगवान जगन्नाथ चलकर जनता के बीच आते हैं उनके सुख दुख में सहभागी होते हैं. उन्हे सांत्वना देते हैं, सलाह देते हैं और साधना के लिए पुनः वह शयन को चले जाते हैं. भगवान जगन्नाथ तो पुरुषोत्तम हैं. उनमें श्रीकृष्ण, श्रीराम, बुद्ध के साथ अद्वैत का ब्रह्म समाहित है. वह अनेक हैं, अनेक में एक हैं. इस कारण वह जगन्नाथ हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी







## अंबानी के संगीत समारोह में क्रिकेटर्स की शान में बजा सांग...लहरा दो...

**मुंबई।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरिमनी में शुक्रवार की रात को क्रिकेट स्टार भी पहुंचे. जब मंच पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान हार्दिक पंड्या और धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहुंचे, तो फिल्म 83 का गाना लहरा दो...बजने लगा. फिर तो एक वक्त के लिए टी20 विश्व कप 2024 के विजेताओं को समर्पित हो गयी.वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि नीता अंबानी अपने सभी सितारों से गले मिलकर उन्हें बधाई देती हैं और आकाश अंबानी भी मंच पर मौजूद रहते हैं. मुंबई इंडियंस के मालिक फैमिली ने गजब उत्साह दिखाया और लहरो दो सॉन्ग पर रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के साथ झूमते नजर आयीं. इस इवेंट में पूर्व कप्तान एमएस धोनी, मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर ईशान किशन भी पहुंचे थे. जहीर खान पत्नी सागिरका घाटगे के साथ पहुंचे थे, जबकि सूर्यकुमार यादव के साथ उनकी पत्नी देविशा शेट्टी थीं.

### ब्रीफ खबरें

### ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ी फिट : दिनशॉ

**नयी दिल्ली।** मशहूर खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने शनिवार को कहा कि भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं. भारतीय ओलंपिक संघ संघ ने पारदीवाला को भारतीय दल का मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया है. पारदीवाला ने कहा, ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अभी पूरी तरह से फिट हैं. कुछ खिलाड़ियों को मामूली परेशानी हो सकती है. मैं किसी खिलाड़ी को लगी किसी विशेष चोट के बारे में चर्चा नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन वे सभी टीम में इसलिए हैं क्योंकि वे सक्षम हैं.

### लंदन टूर्नामेंट में 14वें स्थान पर रही दीक्षा

**लंदन।** भारत की दीक्षा डागर तीसरे और अंतिम दौर के 16वें होल में ट्रिपल बोगी कर बैठी, जिससे वह अरामको टीम सीरीज लंदन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पायी. पेरिस ओलंपिक में खेलने की तैयारी में लगी दीक्षा ने अंतिम दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेला, जिससे वह 14वें स्थान पर रही. यह भारतीय खिलाड़ी एक समय शीर्ष पांच में जगह बनाने की स्थिति में दिख रही थी लेकिन आखिर में की गई गलती उन्हें भारी पड़ी. कट में जगह बनाने वाली एक अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक (75) संयुक्त 48वें स्थान पर रही. लेओना मैगुएर लेडीज यूरोपियन टूर पर जीतने वाली पहली आयरिश महिला बनीं.

### गगनजीत मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे

**रबात (मोरक्को)।** ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए. पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं. भारत के अन्य खिलाड़ियों में रेहान थॉमस (69-73) संयुक्त 15वें, वरुण चोपड़ा (71-74) और राशिद खान (70-75) संयुक्त 39वें तथा वीर अहलावत (70-76) संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं. भारत के केवल पांच खिलाड़ी ही कट में जगह बना पाए.

### वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद पहला ही मैच हार गई टीम इंडिया

# जिम्बाब्वे के सामने फेल हुए आईपीएल के भारतीय धुरंधर

**एजेंसी। हरारे**

टी20 की वर्ल्ड चैंपियन बनने के एक हफ्ते बाद भारतीय टीम पहली बार मैदान पर उतरी. सामने उस जिम्बाब्वे की चुनौती थी, जो टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी थी. भारतीय टीम में वर्ल्ड चैंपियन बनने वाला कोई खिलाड़ी नहीं था, लेकिन आईपीएल के सितारे भरे थे. इसके बाद भी मेजबान टीम ने 5 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले को 13 रनों से अपने नाम किया. शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम 116 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई. इस साल टी20 इंटरनेशनल में भारत की यह पहली हार है. पहले खेलते हुए जिम्बाब्वे ने 9 विकेट पर 115 रन बनाए थे. भारतीय पारी 102 रनों पर सिमट गई.

**अंत तक लड़ते रहे सुंदर :** भारत के लिए वॉशिंगटन सुंदर अंत तक लड़ते रहे. 61 रन पर 7 विकेट गिरने के बाद आवेश खान और वॉशिंगटन सुंदर के बीच 23 रनों की साझेदारी हुई. आवेश 16 रन बनाकर आउट हुए तो सुंदर अकेले पड़ गए. आखिरी तीन ओवर में भारत को 30 रनों की जरूरत थी. 18वें ओवर में 12 रन बने. सुंदर सामने 11वें नंबर का बल्लेबाज होने की वजह से सिंगल भी नहीं ले सकते थे. 19वें ओवर में मुजरबानी ने सिर्फ 2 रन दिए. आखिरी ओवर की 5वीं गेंद पर सुंदर 27 रन बनाकर आउट हो गए.



115 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई भारतीय टीम

**खास बातें**

- जिम्बाब्वे ने पहले टी20 में भारत को 13 रनों से हराया
- हार के साथ शुभमन गिल की कप्तानी की हुई शुरुआत

**गेंद से सुंदर और बिश्नोई चमके :** लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने दबदबा बनाते हुए जिम्बाब्वे की टीम को नौ विकेट पर 115 रन पर रोक दिया. बिश्नोई (13 रन देकर चार विकेट) को ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर (11 रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिससे जिम्बाब्वे की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद उछाल भरी पिच पर कोई मजबूत साझेदारी करने में जूझती नजर आयी. जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की और पावरप्ले में उसने दो विकेट पर 40 रन बना लिये थे. इनोसेंट काइया के मुकेश कुमार की गेंद पर आउट होने के बाद वेस्ली मधेवेरे (21 रन) और ब्रायन बेनेट (22 रन) ने तेजी से 34 रन जोड़े.छठे ओवर में बिश्नोई ने बेनेट को अपनी गुगली पर आउट कर जिम्बाब्वे की पारी का रुख ही बदल दिया. फिर जिम्बाब्वे के तीन और बल्लेबाज पवेलियन लौट गये जिसमें



मधेवेरे के अलावा ब्लेसिंग मुजारबानी और ल्यूक जोंगवे शामिल थे. कप्तान सिकंदर रजा (17 रन) के संयम से टीम ने संभलने की कोशिश की. टीम में हड़बड़ाट साफ दिख रही थी. जोनाथन कैंपबेल (शून्य) रन आउट हो गये. अब जिम्बाब्वे की उम्मीदें कप्तान रजा पर लगी थीं, उन्होंने आवेश पर सिर के ऊपर से छक्का जड़कर उम्मीद जगाई. फिर आवेश ने अतिरिक्त उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए रजा को जल्द ही आउट कर दिया. वाशिंगटन ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटके. उन्होंने मायर्स (23 रन) और वेलिंगटन मास्काद्ज़ा (शून्य) को पवेलियन भेजा.

**टॉप-6 में से 5 दहाई तक भी नहीं पहुंचे**

भारतीय टीम के विकेट गिरने का सिलसिला पहले ही ओवर में शुरू हो गया. अभिषेक शर्मा बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए. तीसरे नंबर पर उतरे रुतुराज गायकवाड़ भी सिर्फ 7 रन ही बना सके. रियान पराग के बल्ले से 2 रन निकले तो रिंकू सिंह का खाता नहीं खुला. पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर 28 रन पर 4 विकेट था. 43 के स्कोर पर ध्रुव जुरेल (7) भी आउट हो गए. 31 रनों की पारी खेलने वाले कप्तान शुभमन गिल जब आउट हुए तो भारत का स्कोर 47 रन था.

## टीम में लगातार बदलाव करना बिल्कुल पसंद नहीं था: द्रविड़

- कोविड के बाद सकारात्मक बात यह रही कि हमने काफी क्रिकेट खेली : राहुल



**भाषा। मुंबई**

राहुल द्रविड़ ने कहा कि भारतीय टीम के मुख्य कोच के अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें टीम में बहुत अधिक काट छांट और बदलाव करना पसंद नहीं था और उन्होंने हमेशा कप्तान रोहित शर्मा के सहायक की भूमिका निभाई ताकि वह अपनी रणनीति के अनुसार चल सके. भारत के टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ ही द्रविड़ का मुख्य कोच का कार्यकाल भी समाप्त हो गया. द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा जारी किए गए वीडियो में कहा, मैं वास्तव में ऐसा व्यक्ति हूं जिसे निरंतरता पसंद है. मुझे बहुत अधिक काट छांट और बदलाव करना पसंद नहीं है. क्योंकि मेरा मानना है कि इससे बहुत अस्थिरता पैदा होती है और बहुत अच्छा माहौल नहीं बनता. मुझे लगता है कि मैं उस टीम का हिस्सा हूं जिसकी जिम्मेदारी सही पेशेवर, सुरक्षित, संरक्षित वातावरण बनाना है जिसमें वास्तव में असफलता का डर न हो, लेकिन लोगों को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त चुनौतियां हों. यह हमेशा मेरा प्रयास रहा है. द्रविड़ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद जब खिलाड़ी बाहर आए तो वह मुश्किल दौर था. हमने काफी क्रिकेट खेला.

## प्रज्ञाननंदा और गुकेश टाईब्रेकर में हारे, कारुआना ने जीता खिताब

**भाषा। बुखारेस्ट (रोमानिया)**

भारत के आर प्रज्ञाननंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया. कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए. प्रज्ञाननंदा




मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे. यदि फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लासिकल दौर की इस बाजी को जीत जाता तो फिर वह कारुआना से आगे निकल जाते और विजेता का फैसला करने के लिए टाइब्रेकर की जरूरत नहीं पड़ती. लेकिन कारुआना हार गए, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने बाजियां ड्रॉ खेली.

## भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी विंबलडन से हो गयी बाहर

**भाषा। लंदन**

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी जर्मनी के केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुएट्ज से तीन सेटों में हारने के बाद विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के दूसरे दौर से बाहर हो गए. भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की और पहला सेट जीतकर बढ़त बनायी, लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और आठवीं वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से 2 घंटे 5 मिनट तक चले मैच में 6-4 4-6 3-6 से हार गए. भांबरी और ओलिवेटी ने पहले दौर में कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको को हराया था. भारत की निगाहें अब



रोहन बोपन्ना पर टिकी हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ जोड़ी बनायी है. ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त यह जोड़ी दूसरे दौर में जर्मनी के हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्स्टेंटिन फ्रैंटजेन से भिड़ेगी. ओलंपिक में जगह बना चुके सुमित नागल और एन श्रीराम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे.

## राजावत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को हराया

**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया. त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई. यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गयी. राजावत ने एंटोनसेन को हरा अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की.

### यूरो 2024 : स्टार फुटबॉलर रोनाल्डो का सपना टूटा

# पुर्तगाल को हराकर फ्रांस सेमीफाइनल में

**एजेंसी। हैम्बर्ग (जर्मनी)**

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया. इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा. दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पायी. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल



पोस्ट से टकरा गया. इसके बाद थियो हर्नांडेज़ ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया. फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी. पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली. वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं. रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया. फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा, जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में मेजबान जर्मनी को हराया.

**स्पेन सेमीफाइनल में मेजबान जर्मनी बाहर**

माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2–1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. दोनों टीम निर्धारित समय तक 1–1 से बराबरी पर थी. जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था, तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई. स्पेन सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना करेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पुर्तगाल पेनाल्टी शूटआउट में हराया.

### महिला क्रिकेट — दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 'करो या मरो' वाला मैच आज

# दूसरे टी20 में वापसी करना चाहेगी भारतीय महिला टीम

**भाषा। चेन्नई**

भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी. भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी.



दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी. शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं. भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान के अनुसार ऋचा को कैच लेने में असफल रहने के बाद गर्दन में दर्द और चक्कर आया, जिससे यह गेंद उनके चेहरे पर लगी.

**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव.

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), तज़मिन ब्रिट्स, मीके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजान कप्प, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, एलिज़-मारी मार्क्स, नॉनकुलुलेको म्लाबा और तुमी सेखुखुने.

**मैच का समय : शाम सात बजे से.**

## ओलंपिक पदक खिलाड़ी की जिंदगी और समाज को बदल देता है: साक्षी

**मुंबई।** रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक का मानना है कि ओलंपिक पदक जीतने से सिर्फ खिलाड़ी की जिंदगी नहीं बदलती बल्कि इसका असर समाज पर भी पड़ता है. साक्षी रियो 2016 में कांस्य से ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान बनी थीं. साक्षी ने शुक्रवार को मुंबई में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, ओलंपिक का सपना सिर्फ खिलाड़ी का सपना नहीं होता बल्कि यह पूरे परिवार का सपना होता है. ओलंपिक पदक जीतने से सिर्फ खिलाड़ी का जीवन नहीं बदलता है, बल्कि उसके परिवार, समाज का जीवन भी बदल जाता है.

## भारत की 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की हुई घोषणा

**भाषा। नयी दिल्ली**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को म्यांमा के खिलाफ यांगून में नौ और 12 जुलाई को होने वाले दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की. मुख्य कोच चाओबा देवी ने एआईएफएफ की विज्ञप्ति में कहा, टीम में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण है. मैं टीम के संयोजन से संतुष्ट हूं. पिछले महीने उज्बेकिस्तान के साथ खेलने के बाद हमने 10 दिन अंदर अपना राष्ट्रीय शिविर शुरू कर दिया. उन्होंने कहा, सभी खिलाड़ी फिट हैं जो अच्छी बात है. खिलाड़ी अपने क्लबों में ट्रेनिंग ले रही थीं.

**भारतीय टीम :** गोलकीपर : श्रेया हुड्डा, एलंगबाम पंथोई चानू, मैबाम लिनथोइंगम्बी देवी. डिफेंडर : लोइटोंगबाम आशालता देवी, हेमम शिल्की देवी, संजू, वांगखेम लिनथोइंगम्बी देवी, अरुणा बाग. मिडफील्डर : नाओरेम प्रियंगका देवी, संगीता बसफोर, कार्तिका अंगमुथु, नेहा, नोंगमाईथेम रतनबाला देवी, मौसमी मुर्मू. फॉरवर्ड : काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, अंजू तमांग, सौम्या गुगुलोथ, संध्या रंगनाथन, करिश्मा पुरुषोत्तम शिरवोइकर, लिंडा कोम सेर्टो, प्यारी खाका, ज्योति, रिम्पा हलधर.

## ब्रीफ खबरें

### पटना को मिलेगा पहला अमृत भारत एक्सप्रेस

**पटना ।** वंदे भारत के बाद पटनावासियों को अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने वाली है. अब पटना के लोगों के लिए दिल्ली जाना और आसान हो जाएगा. इस सुपर फास्ट ट्रेन से 1000 किमी का सफर मात्र 12 घंटे में पूरा होगा. ट्रेन में कुल 22 बोगियां होंगी. इसी साल से लोग अमृत भारत एक्स. ट्रेन का आनंद उठा सकेंगे. रेलवे ने 2024-25 में अमृत भारत के लिए 2605 जनरल कोच और 1470 स्लीपर कोच तैयार किया है. अमृत भारत एक्स. गैर एसी स्लीपर-अनारक्षित श्रेणी की सेवा है.

### पारिवारिक विवाद में पत्नी ने खाया जहर

**गोपालगंज ।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया किलपुर कांटा गांव निवासी एक विवाहिता ने जहर खा लिया, जिससे वह अचेत हो गई. अचेतावस्था में उसे तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है. पीड़िता की पहचान बंधु सिंह की पत्नी रंजीता देवी के रूप में की गई. दरअसल इस संदर्भ में बताया जाता है, की यूपी के कुशीनगर जिले के गौरी शुक्ल थाना क्षेत्र के बरवा पट्टी गांव निवासी रंजीता की शादी दस वर्ष पूर्व गोपालपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया किलपुर कांटा गांव निवासी बंधू सिंह के साथ हुई थी. शादी के बाद 3 बच्चों ने जन्म लिया जिसमें एक पेटी और दो बेटा शामिल है.

### नवादा में करंट लगने से अधेड़ की मौत

**नवादा ।** नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के अकरी गांव में शनिवार को करंट से एक अधेड़ की मौत हो गई. मृतक अकरी निवासी फागु महतो के 48 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है. बताया जाता है कि सुनील बाहर पेशाब करने के लिए निकला और समीप में ट्रांसफार्मर के पास गया. ट्रांसफार्मर के पास स्टेक में बिजली करंट प्रवाहित था. उसकी चपेट में आने के बाद उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी के बाद दल बल के साथ थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे. घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है. स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

# लगातार बारिश से कोसी समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**संवाददाता ।पटना**


कोसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है

बिहार में पिछले 24 घंटे में हुई मूसलाधार बारिश के कारण राज्य के नदी-नाले जहां उफान पर हैं, वहीं कोसी समेत कई नदियों का जल स्तर विभिन्न जगहों पर खतरे के निशान को पार कर चुका है. बिहार के जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार जुलाई से बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गया, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, नालंदा, पटना, नवादा, पूर्णिया, सारण, शेखपुरा, सीवान और वैशाली सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. विभाग के अधिकारियों ने कहा, राज्य के कुछ जिलों में लगातार बारिश के कारण नदियां और नाले उफान पर हैं. इसके अलावा नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण भी कई स्थानों पर नदियां खतरे के निशान को छू रही हैं या उससे ऊपर बह रही हैं. उन्होंने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिलों के कुछ निचले इलाकों के ग्रामीणों को जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है.

डब्ल्यूआरडी की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य के कुछ इलाकों में मध्यम से भारी बारिश के कारण कोसी, बागमती, गंडक, कमला और अड़हरवा जैसी प्रमुख नदियों का जलस्तर पिछले कुछ दिनों से बढ़ गया है. कोसी नदी सुपौल और बसंतपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि खगड़िया और बेलदौर इलाके में भी इसने शुक्रवार को चेतावनी के स्तर को छू लिया. इसी तरह, कमला नदी का जलस्तर मधुबनी, जयनगर और झंझारपुर इलाकों में चेतावनी के स्तर तक पहुंच गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि परमान नदी शुक्रवार को अररिया जिले में खतरे के निशान को पार कर गई है, खगड़िया और बेलदौर में कोसी नदी खतरे के निशान को छू रही है. गोपालगंज और सिधवलिया इलाके में गंडक नदी खतरे को निशान को पार कर गई है. जल संसाधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, लगभग सभी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी है जो अपने किनारे के निचले इलाकों को अपनी चपेट में ले रही हैं.

### वज्रपात की चपेट में आने से नौ लोगों की मौत

**पटना ।** बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान छह जिलों में वज्रपात की चपेट में आकर नौ लोगों की मौत हो गई. मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिवारों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. सीएमओ द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, जहानाबाद में तीन, मधेपुरा में दो, पूर्वी चंपारण, रोहतास, सारण और सुपौल में एक-एक लोगों की वज्रपात की चपेट में आकर मौत हुई. सीएम ने लोगों से आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करने का भी आग्रह किया.

### सुगौली में पोखर में डूबने से दो की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले सुगौली प्रखंड में शनिवार की सुबह पोखर में डूबने से दो किशोर की मौत हो गई. मृतक दोनों किशोर की पहचान पंजिअरवा पंचायत परसौना निवासी उपमुखिया जय प्रकाश गुप्ता के 13 वर्षीय पुत्र दीपांशु कुमार व परसौना गांव के ही चमन साह के 12 वर्षीय पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची अंचल प्रशासन व सुगौली थाना पुलिस दोनों शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया.

### दो दिनों की बारिश में झील बना रक्सौल शहर

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में दो दिनों से रूक-रूक कर हो रही झमाझम बारिश से हर जगह जलजमाव की स्थिति देखने को मिल रही है. भारत-नेपाल का सीमाई शहर रक्सौल में तो स्थिति काफी नारकीय बन गई. नगर परिषद की अकर्मण्यता के कारण शहर के मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भर गया है, जबकि निचले इलाके में लोगों के घरों तक में बरसात का पानी भर गया है. बाजारों में बाढ़ जैसी हालात बन गई है. कई दुकानों में पानी भरने के बाद लोग बाल्टी से पानी निकालते दिख रहे है. जिस कारण पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. भारत नेपाल को जोड़ने वाली मेन रोड सड़क, सब्जी बाजार, मौजे, ब्लॉक रोड, रेलवे कालोनी सहित अन्य मोहल्ले में लोगों के घरों में पानी घुसने के कारण महिलाएं व बच्चे खासा परेशानी का सामना कर रहे हैं.

## एनएच 139 पर औरंगाबाद-हरिहरगंज मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा

# हाइवा ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, पत्नी की मौत, पति चोटिल

**संवाददाता । औरंगाबाद**


घटना के बाद गाड़ियों की लगी लंबी कतारें इनसेट में भीड़ को समझाते पुलिसकर्मी.

एनएच 139 पर औरंगाबाद-हरिहरगंज मुख्य पथ स्थित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिजौली मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार से आ रहे अनियंत्रित हाइवा ने ओवर टेक करने के दौरान बाइक सवार पति-पत्नी को रौंद दिया. इस घटना में घटनास्थल पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई. वैसे पति को हल्की चोट आई है. मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के करमा रोड स्थित वार्ड नं 7 के रामराजनगर मुहल्ला निवासी रामप्रवेश साहू की 60 वर्षीय पत्नी शांति देवी के रूप में हुई है. घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है.

मृतका का पति रामप्रवेश साहू ने बताया कि दोनों पति-पत्नी अपने घर से बाइक पर सवार होकर अंबा स्थित सतबहिनी मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थे. जैसे ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिजौली मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, तभी हरिहरगंज की तरफ से औरंगाबाद जा रही एक अनियंत्रित हाइवा ओवरटेक करने के दौरान दोनों को रौंदती हुई निकल गयी. बताया जाता है कि दुर्घटना इतनी भयावह थी कि महिला के परख्च्चे उड़ गए. महिला का सिर धड़ से अलग हो गया. वहीं महिला का पति रामप्रवेश साहू चोटिल हो गए. घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय लोग हंगामा करने लगे. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी. सूचना पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया.

**परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे :** घटना के कुछ हीं देर बाद परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए. परिजन शव देख चीत्कार उठे. स्थानीय लोग व परिजन मुआवजे व सड़क पर डिवाइडर की मांग को लेकर अड़े रहे. स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई. काफी देर तक समझाने बुझाने का दौर चला. इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई. घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा.

**परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल :** अंततः मुफस्सिल थाना की पुलिस किसी तरह परिजनों व आक्रोशितों को समझा-बुझाकर शव को सदर अस्पताल भेजवाया और भीड़ को नियंत्रित किया. इसके बाद बाधित आवागमन को शुरू कराया गया. परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत मुफस्सिल थाना की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. जैसे हीं शव घर पहुंचा, शव को देखकर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### गिरिराज ने कहा, लालू से कमजोर नेता कोई नहीं

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव के इस बयान पर कि अगस्त के महीने में नरेंद्र मोदी की सरकार गिर जाएगी, भाजपा ने हमला बोला है. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को कहा कि लालू प्रसाद से कमजोर नेता कोई नहीं है. क्योंकि, जो नेता अपने परिवार तक ही सिमट गया उससे बड़ा कमजोर कोई नहीं है. लालू यादव को सलाह देते हुए गिरिराज ने कहा कि लालू को नीतीश कुमार का पैर छूकर प्रणाम करना चाहिए और नीतीश कुमार का फोटो लगा हुए एक लॉकेट गले में धारण करना चाहिए. उन्होंने कहा कि नीतीश से 2015 में एक भूल हुई कि उन्होंने लालू फैमिली को नई राजनीतिक जिंदगी दी.

## ससुराल वालों ने गर्भवती महिला के पेट पर मारी लात

# गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत

**संवाददाता ।पूर्वी चंपारण**

जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है. जहां एक नव विवाहिता के ससुराल वाले ने उसे गर्भावस्था के दौरान पेट पर चोट किया है, जिससे उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत मोतिहारी सदर अस्पताल में हो गई है. गर्भावस्था के दौरान ही ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से भी निकाल दिया है. पीड़िता ने महिला थाने में पति व ससुराल के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराई है.

इस मामले में महिला थानाध्यक्ष ने कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पीड़िता के ससुराल वालों के विरुद्ध छापेमारी की है. हालांकि भनक लगते ही सभी आरोपी फरार बताए जा रहे है. घटना में संबंध दिये आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गोढ़वा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रहने वाले दीपू कुमार के साथ अरेराज के सोमेश्वर महादेव मंदिर में 30 अगस्त 2023 को हुई थी. वहां से विदा होकर अपने ससुराल गई. शादी के बाद मेरे पति के पिता कृष्णा प्रसाद एवं मां के द्वारा कहा गया कि अभी तुम लोगों को पढ़ाई करनी है. इस कारण मोतिहारी में ही भाड़े पर मकान लेकर रहो.

## यूपी के हाथरस हादसे का मामला

# पटना सिविल कोर्ट में दर्ज हुई एफआईआर

**संवाददाता ।पटना**


फाइल फोटो

यूपी के हाथरस में बीते दिनों एक सत्संग के दौरान भगदड़ हुई थी. इस भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई. वहीं, इसको लेकर पटना सिविल कोर्ट में केस दर्ज हुआ है. भोले बाबा पर पटना में मुकदमा दर्ज किया गया है. वहीं, इस मामले में पहले ही यूपी में मामला दर्ज हो चुका है. यूपी पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है. अब पटना में मुकदमा दर्ज होने के बाद भोले बाबा की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं. बता दें कि हाथरस में भगदड़ दो जुलाई को स्वयंभू संत और उपदेशक नारायण साकार हरि उर्फ 'भोले बाबा' के सत्संग के दौरान हुई थी. इसमें 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं. यूपी में दर्ज एफआईआर के अनुसार, कार्यक्रम में 2.50 लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे, जबकि प्रशासन ने केवल 80 हजार लोगों को ही अनुमति दी थी. एफआईआर के अनुसार, सत्संग आयोजकों ने सबूत छिपाकर तथा बाबा के अनुयायियों की चप्पलें और अन्य सामान पास के खेतों में फेंक कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों की वास्तविक संख्या को छिपाने की कोशिश की थी.

## कारोबार

### श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस ने शुरू की योजना

**चेन्नई ।** निजी क्षेत्र की श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने ग्राहकों को एक स्थिर सेवानिवृत्ति आय प्रदान करने के मकसद से एक 'डेफर्ड एन्युटी प्लान' शुरू किया है. यह योजना 60,000 रुपये प्रति वर्ष से शुरू होती है. इस योजना का लाभ 40 से 75 वर्ष की आयुवर्ग के लोग ले सकते हैं. इसमें क्रय मूल्य की वापसी के साथ या उसके बिना भुगतान शामिल है. इसमें आस्थगन अवधि पांच से 10 वर्ष है जिसके बाद वार्षिकी भुगतान शुरू हो जाएगा.

### एयरटेल ने खबरों को खारिज किया

**नयी दिल्ली ।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने अपने ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में सेंध की खबर को खारिज कर दिया. उसने कहा कि इस तरह का दावा ब्रांड की छवि को खराब करने का एक हताश प्रयास है. दूरसंचार कंपनी ने बयान में कहा, एक रिपोर्ट में एयरटेल के ग्राहकों से जुड़ी जानकारी में सेंध का आरोप लगाया गया है. यह निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा एयरटेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का एक हताश प्रयास है. हमने गहन जांच की और हम पुष्टि कर सकते हैं कि एयरटेल में ग्राहकों से जुड़े आंकड़ों में कोई सेंध नहीं लगी है.

### कॉफी डे एंटरप्राइजेज ने भुगतान में चूक की

**नयी दिल्ली ।** कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से लिए गए कर्जों का मूलधन और ब्याज भुगतान में जून तिमाही तक कुल 433.91 करोड़ रुपये की चूक की है. कैफे कॉफी डे श्रृंखला का संचालन करने वाली कंपनी सीडीईएल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को इसकी सूचना दी. उसने कहा कि तरलता संकट की वजह से उसे कर्ज भुगतान में विलंब का सामना करना पड़ रहा है. कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड की भुगतान चूक राशि में कोई बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि कंपनी ने पिछली तिमाहियों में भी इसी राशि की सूचना दी थी. इसकी वजह यह है कि कंपनी वर्ष 2021 से ब्याज को बकाया भुगतान में नहीं जोड़ रही है.

## चीन ने इनर्जी सोल्यूशंस की गैस टर्बाइन बिजनेस को खरीदने के लिए डील की थी

# जर्मनी सरकार ने रोकी गैस टर्बाइन डील

**भाषा ।नयी दिल्ली**



वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का सीधा मुकाबला अमेरिका से है. इसके बाद भारत से है. यही वजह है कि चीन इन देशों को छोड़कर यूरोपीय देशों के साथ व्यापारिक दोस्ती को तवज्जो देता रहा है. लेकिन यहां पर भी उसके लिए मुसीबत खड़ी होने लगी हैं. इसका उदाहरण जर्मनी द्वारा हाल ही में रोका गया एक डील. दरअसल चीन ने दिग्गज ऑटो कंपनी फॉक्सवैगन की एक सहयोगी कंपनी को खरीदने के लिए एक डील की थी. लेकिन जर्मन सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए इस डील को रोक दिया. इस तरह से यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी जर्मनी ने अपने सबसे बड़े ट्रेडिंग पार्टनर चीन को एक और जोर का झटका दे दिया. यह फैसला ऐसे समय आया है जबकि यूरोपीय यूनियन ने हाल में चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ बढ़ा दिया था. चीन ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए यूरोप से होने वाले सुअर के मांस की कीमतों पर जांच शुरू कर दी. इस तरह दोनों पक्षों के बीच विवाद की शुरुआत हो चुकी है.

मिली जानकारी के अनुसार फॉक्सवैगन ग्रुप की कंपनी मैन इनर्जी सोल्यूशंस ने पिछले साल जून में कहा था कि वह अपने गैस टर्बाइन बिजनस को चीन की सरकारी कंपनी सीएसआईसी लौंगजियांग जीएच गैस टर्बाइन (जीएचजीटी) को बेच रही है. जर्मन सरकार ने पिछले साल सितंबर में इसकी समीक्षा शुरू की थी. इसमें आशंका जताई गई है कि चीन गैस टर्बाइन का इस्तेमाल वॉरशिप में कर सकता है. जर्मनी के इकॉनमी मिनिस्टर रॉबर्ट हैबेक ने कहा कि उनका देश विदेशी निवेश का स्वागत करता है लेकिन पब्लिक सिक्योरिटी से जुड़ी टेक्नोलॉजी ऐसे देशों के हाथ नहीं पड़नी चाहिए जिनके आपके साथ हमेशा अच्छे संबंध नहीं रहते हैं. देश की इंटीरियर मिनिस्टर नैंसी फेजर ने सरकार के इस फैसले का स्वागत कर सरकार के कदम के सही ठहरा दिया. वहीं चीन को एक और जोरदार झटका लग गया.

बता दें कि जर्मनी का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर चीन है. पिछले साल दोनों देशों के बीच $275.3 अरब का ट्रेड हुआ. लेकिन हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आई है. जर्मनी स्थानीय मैन्युफैक्चरर्स को बढ़ावा दे रहा है और चीन पर निर्भरता कम कर रहा है. नवंबर, 2022 में जर्मनी ने अपनी एक सेमीकंडक्टर फैक्ट्री की चीन की टेक कंपनी को बिक्री पर रोक लगा दी थी. इसमें भी सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था. चीनी विदेश मंत्रालय ने जर्मन सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह सामान्य कमर्शियल संबंधों के राजनीतिकरण के खिलाफ है.

**लगा झटका**

- जर्मनी का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर चीन
- स्थानीय मैन्युफैक्चरर्स को बढ़ावा दे रहा है जर्मनी

**जर्मन सरकार ने की थी समीक्षा**



फॉक्सवैगन ग्रुप की कंपनी मैन इनर्जी सैल्यूशंस ने पिछले साल जून में कहा था कि वह अपने गैस टर्बाइन बिजनेस को चीन की सरकारी कंपनी सीएसआईसी लोंगजियांग जीएच गैस टर्बाइन कंपनी (जीएचजीटी) को बेच रही है. जर्मन सरकार ने पिछले साल सितंबर में इसकी समीक्षा शुरू की थी। इसमें आशंका जताई गई है कि चीन गैस टर्बाइन का इस्तेमाल वॉरशिप में कर सकता है। कॉनमी मिनिस्टर रॉबर्ट हैबेक ने कहा कि उनका देश विदेशी निवेश का स्वागत किया है.

### रेमंड का शेयर 17 प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**नयी दिल्ली ।** कपड़ा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी रेमंड के शेयर में 17 प्रतिशत से अधिक उछाल आया. रेमंड लिमिटेड के शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने तथा भारतीय संपत्ति बाजार में वृद्धि की संभावनाओं का दोहन करने के लिए अपने रियल एस्टेट कारोबार को अलग करने की घोषणा के बाद कंपनी के शेयर में उछाल आया.

बीएसई पर कंपनी का शेयर 17.30 प्रतिशत बढ़कर 3,450.95 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. एनएसई पर 16.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,434.75 रुपये प्रति पर रहा. कारोबार के दौरान रेमंड के शेयर ने बीएसई और एनएसई पर क्रमशः 3,480.35 रुपये और 3,484 रुपये के अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर को छुआ. इस बीच, 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 357.95 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 79,691.72 अंक पर आ गया. निफ्टी 64.90 अंक या 0.27 प्रतिशत फिसलकर 24,240.05 अंक पर रहा. रेमंड लिमिटेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया था कि उसके निदेशक मंडल ने रेमंड लिमिटेड (अलग हुई कंपनी) और रेमंड रियल्टी लिमिटेड तथा उनके संबंधित शेयरधारकों की व्यवस्था की योजना को मंजूरी दे दी है.

## स्टेनलेस स्टील, एल्युमीनियम के बर्तनों के लिए

# सरकार ने आईएसआई मार्क किया अनिवार्य



**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

सरकार ने स्टेनलेस स्टील और एल्युमीनियम के रसोई के बर्तनों का राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य कर दिया है. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा यह कदम उपभोक्ता सुरक्षा तथा उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है.

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 14 मार्च को गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी कर रसोई के इन बर्तनों के लिए आईएसआई मार्क अनिवार्य कर दिया था. बीआईएस ने भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) चिह्न को निर्धारित किया है. यह उत्पाद की गुणवत्ता तथा सुरक्षा का आश्वासन देता है. बीआईएस के अनुसार, आदेश में ऐसे किसी भी स्टेनलेस स्टील या एल्युमीनियम बर्तनों के विनिर्माण, आयात, बिक्री, वितरण, भंडारण या प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है जिन पर बीआईएस मानक चिह्न न हो.

**आई गिरावट**

## क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट का दावा

# शाकाहारी थाली की कीमत में जून में 10% की बढ़ोतरी

**रिपोर्ट के अनुसार**

शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30 प्रतिशत, आलू में 59 प्रतिशत और प्याज में 46 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है

**एजेंसी ।मुंबई**



शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई. प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही. क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट 'रोटी राइस रेट' के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है. इसमें कहा गया कि शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये प्रति थाली हो गई, जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी. मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी. शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है. रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30 प्रतिशत, आलू में 59 प्रतिशत और प्याज में 46 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है.

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में भारी गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश के कारण आलू की पैदावार कम हुई. कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश के प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में उच्च तापमान के कारण ग्रीष्मकालीन फसल में संक्रमण होने से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35 प्रतिशत कम हुई. रिपोर्ट में कहा गया, इसके अलावा रकबे में कमी के कारण चावल की कीमतों में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप आवक कम रही. प्रमुख खरीफ महीनों में सूखे के कारण दालों की कीमतों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसकी कीमत 60.5 रुपये थी. मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी. इसमें सामग्री शाकाहारी थाली के समान होती हैं, लेकिन दाल की जगह चिकन होता है. रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में करीब 14 प्रतिशत की कमी, अधिक आपूर्ति और चारे की कम लागत के कारण मांसाहारी थाली की लागत में कमी आई है.

# कल्याण ज्वेलर्स का राजस्व 27% बढ़ा, विस्तार की योजना

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



कल्याण ज्वैलर्स का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़ा. भारतीय और पश्चिम एशिया बाजारों में मजबूत प्रदर्शन इसकी मुख्य वजह रही. कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में एकीकृत शुद्ध राजस्व 4,376 करोड़ रुपये था. कल्याण ज्वैलर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत में उसके परिचालन में 29 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बिक्री में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी.

पश्चिम एशिया परिचालन से राजस्व में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसने एकीकृत राजस्व में 15 प्रतिशत का योगदान दिया. कंपनी के अनुसार, इस साल अप्रैल-जून की अवधि में भारत में 13 नए फ्रेंचाइजी-स्व ामित्व - क ं प न ी- स ं च ालित (एफओसीओ) शोरूम खोले गए, जबकि डिजिटल मंच कैनडेयर ने 13 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की. कंपनी ने कहा कि वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद अपने कैनडेयर कारोबार को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी में बदलने की योजना बना रही है. कल्याण ज्वैलर्स का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में 130 से अधिक नए शोरूम शुरू करना है, जिसमें भारत में कल्याण के करीब 40 शोरूम, कैनडेयर के करीब 30 शोरूम और दिवाली तक अमेरिका में पहला शोरूम खोलना शामिल है.



## शादी की धूम

### जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गीतों 'पीचेस' और 'बेबी' से मचाई धूम

**मुंबई ।** मशहूर अंतरराष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुतियों से मनोरंजन जगत और खेल जगत की नामचीन हस्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया. जस्टिन बीबर लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे थे. उन्होंने रात में प्रसिद्ध गानों 'बेबी', 'सॉरी', 'लव योर सेल्फ' और 'पीचेस' से धूम मचा दी. संगीत समारोह में सलमान खान, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अर्जुन कपूर और जाह्नवी कपूर जैसी बॉलीवुड की हस्तियों के अलावा क्रिकेटर एमएस धौनी और टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हार्दिक पांड्या व सूर्यकुमार यादव भी शामिल हुए. सोशल मीडिया पर इस समारोह के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं. मशहूर अंतरराष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर को अनंत और राधिका के संगीत समारोह में प्रस्तुति देने के लिए एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया गया. वह अपनी खास प्रस्तुति देने के बाद मियामी रवाना हो गए.

## ब्रीफ खबरें

### कुलगाम में मुठभेड़ एक सैनिक शहीद

**श्रीनगर ।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के मोडरगाम गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाश अभियान प्रारंभ किया था, इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां चलाईं. उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में भारतीय सेना का एक सैनिक घायल हो गया.

### 17वीं ओडिशा विस का पहला सत्र 22 जुलाई से

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के अभिभाषण के साथ 17वीं ओडिशा विधानसभा का पहला सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और यह 13 सितंबर तक चलेगा. विधानसभा सचिवालय की ओर से शुक्रवार को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में 22 जुलाई को चर्चा शुरू होगी और 24 जुलाई को समाप्त होगी. ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव भी 24 जुलाई को होगा. अधिसूचना के अनुसार, वित्त विभाग का भी प्रभार संभाल रहे हैं.

### भूस्खलन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**गोपेश्वर (उत्तराखंड) ।** उत्तराखंड के चमोली जिले में शनिवार को भूस्खलन के बाद पहाड़ी से गिर रही चट्टानों की चपेट में आने से हैदराबाद के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है. पुलिस ने बताया कि यह घटना बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौचर और कर्णप्रयाग के बीच स्थित चटवापीपल के पास हुई. पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान निर्मल शाही (36) और सत्य नारायण (50) के रूप में हुई है. वे दोपहिया वाहन पर सवार होकर बद्रीनाथ से लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई.

### पेजेशकियन ने जीते राष्ट्रपति पद का चुनाव

**दुबई।** ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पिछले सप्ताह हुए मतदान में शीर्ष स्थान पर रहे दो उम्मीदवारों के बीच सीधे मुकाबले में सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियन ने सईद जलीली को हराकर शनिवार को जीत हासिल कर ली. ईरान में पिछले महीने एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मृत्यु हो जाने के बाद, शुक्रवार को पेजेशकियन और जलीली के बीच मतदान हुआ था. पेजेशकियन एक करोड़ 63 लाख मतों के साथ विजयी घोषित किए गए जबकि जलीली को एक करोड़ 35 लाख वोट मिले.

### छज्जा गिरने से तीन भाई-बहनों की मौत

**फरीदाबाद ।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले में सीकरी गांव में एक मकान का छज्जा गिरने से तीन भाई-बहनों की मौत हो गई. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि वे तीनों छज्जे के नीचे बैठे थे, छज्जा जर्जर था और बारिश होने से ढह गया. उसने बताया कि मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं. मकान की हालत खराब होने के बावजूद उसने मकान किराए पर दिया था. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है.

## बाढ़ का कहर : जम्मू-कश्मीर में हीट वेव, स्कूलों में दे दी गयी छुट्टी

# दिल्ली से लेकर असम तक बाढ़ का कहर

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

झारखंड-बिहार समेत पूरे देश में मॉनसून सक्रिय है. कहीं भारी बारिश से बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है या बाढ़ आ गई है, लेकिन झारखंड, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में मॉनसून आने के बाद अब भी जोरदार बारिश का इंतजार है. हालांकि मौसम विभाग की मानें, तो कम बारिश वाले राज्यों में भी झमाझम बारिश जल्द ही होगी. उधर, एमपी और राजस्थान में भारी बारिश से बाढ़ के हालात हैं. शनिवार को दोनों राज्यों में हुई मूसलाधार बारिश से जगह-जगह बाढ़ आ गई है. जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. असम समेत पूरे पूर्वोत्तर में भारी बारिश के चलते हालात बिगड़ गए हैं. इस दौरान देश में जगह-जगह से हादसों की भी खबरें आई हैं. स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है.

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से में भारी बारिश के कारण आम जीवन प्रभावित है, जबकि असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है. पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ से करीब 22 लाख लोग प्रभावित हैं. उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है. देहरादून में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में पांच साल का बच्चा डूब गया, जबकि हरिद्वार में एक किशोर की नाला में डूबने से मौत हो गई. हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश से 64 सड़कें बंद हैं. क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने अगले 24 घंटों में कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी है.

### पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश



बता दें कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में समेत पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश का दौर जारी है. राजस्थान के टोंक जिले के मालपुरा में 24 घंटे में 176 मिमी बारिश दर्ज की गई. राजस्थान के ही साजनगढ़ (बांसवाड़ा) में 116 मिलीमीटर, तिजारा में 107 मिमी, दानपुर में 101 मिमी, नैनवां (बूंदी) में 102 मिमी, थानागाजी में 97 मिमी, पीपल्दा (कोटा) में 90 मिमी, टपूकड़ा में 88 मिमी और जयपुर के फागी में 82 मिमी बारिश दर्ज की गई. एमपी में भी पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश के साथ-साथ गरज और बिजली गिरने का अनुमान जताया है. विभाग ने अगले चार से पांच दिनों के दौरान भारी बारिश का भी अनुमान जताया है. उत्तराखंड में राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन के कारण 88 ग्रामीण सड़कें, दो सीमा सड़कें, एक राज्य राजमार्ग और बदरीनाथ मंदिर की ओर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है. इस बीच हिमाचल प्रदेश में जुलाई में सामान्य 27.2 मिलीमीटर के मुकाबले 43.2 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य से 59 प्रतिशत अधिक है.

### कश्मीर में हीटवेव
### स्कूलों में 13 दिन की छुट्टी

एक तरफ जहां बाकी देश मॉनसूनी बारिश से सराबोर हो रहा है, वहीं गर्मियों में भी ठंडी रहने वाली कश्मीर घाटी इन दिनों तप रही है. श्रीनगर हो या गुलमर्ग, सोनमर्ग हो या फिर अमरनाथ यात्रा रूट, पहली बार पूरी घाटी लू की चपेट में है. पारा लगातार 32 डिग्री से ऊपर बना हुआ है. श्रीनगर पहली बार बीते 7 दिन से 35 डिग्री से ज्यादा तापमान झेल रहा है. शनिवार को यह 35.7 डिग्री रहा. यह सामान्य से करीब 7 डिग्री ज्यादा है. इससे पहले 9 जुलाई 1999 को श्रीनगर में 37 डिग्री तापमान था. हीटवेव के चलते घाटी के स्कूलों में 17 जुलाई तक गर्मी की छुट्टी घोषित कर दी गई है.

**आईएमडी ने शनिवार के लिए 17 राज्यों** जैसे जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, उत्तरी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, महाराष्ट्र, गोवा में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. 11 राज्यों- हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, केरल में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

### झारखंड में 50% कम बारिश : बादल तो आ रहे लेकिन बारिश का इंतजार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्यभर में मानसून सक्रिय हो चुका है. झारखंड में सामान्य से 50 प्रतितश कम वर्षा अबतक रिकॉर्ड की गई है. सबसे कम वर्षा पाकुड में हुई है. यहां 78 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है. सिमडेगा की स्थिति सबसे बेहतर है. यहां 241 एमएम बारिश होनी चाहिए थी. अभी तक 245 एमएम बारिश हो चुकी है. मात्र 15 प्रतिशत की कमी है. इसके अलावा सभी जिलों में 30 से 78 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है. इधर, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 76 एमएम बारिश गढ़वा के बारडीहा में दर्ज की गई. बता दें कि मॉनसून आने के बाद से झारखंड में बारिश हो रही है, लेकिन कम या न के बराबर. रोजाना बादल छा रहे हैं. कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी या बारिश हो रही, लेकिन बादल छाने के कुछ देर बाद मौसम साफ भी हो जा रहा हा है. राजधानी रांची की बात करें, तो अब तक मॉनसून आने के बाद एक भी दिन मूसलाधार बारिश नहीं हुई है. मौसम विभाग ने बताया है कि रांची में अगले पांच दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना है. दिनभर बादल छाये रहेंगे. वर्षा के कारण न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री गिरावट आ सकती है. मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी में अच्छी वर्षा की संभावना है. उन्होंने कहा कि किसानों को रोपनी की शुरुआत कर देनी चाहिए.

## नीट मामले में सफेद झूठ बोल रही है सरकार : खरगे

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 के मामले में केंद्र सरकार के हलफनामे को लेकर शनिवार को कहा कि लाखों युवाओं से सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है तथा उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है. दरअसल विवादों में घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की बढ़ती मांग के बीच, केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि इसे रद्द करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए, काफी हानिकारक होगा. खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार ने माननीय उच्चतम न्यायालय को बताया है कि नीट-यूजी में कोई पेपर लीक नहीं हुआ है ! लाखों युवाओं से ये सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है. उनके भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है. शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि केवल कुछ जगहों पर अनियमितताएं/चीटिंग हुई हैं. यह गुमराह करने वाली बात है.

### 3डी फिल्म : 'कल्कि 2898 एडी'
## कमाई में 800 करोड़ का आंकड़ा पार किया

**मुंबई ।** निर्देशक नाग अश्विन की 3डी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने वैश्विक स्तर पर 800 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है. निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी. कल्कि 2898 एडी फिल्म का बजट 600 करोड़ रुपये बताया जा रहा है. यह फिल्म 27 जून को छह भाषाओं में विश्व स्तर पर रिलीज हुई थी. वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित 'कल्कि 2898 ई.' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और प्रभास मुख्य भूमिका में हैं.

प्रदर्शन



**सूरत ।** शनिवार को सूरत में फिल्म महाराज के खिलाफ एक विरोध रैली के दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के समर्थक.

## प्रशासनिक चूक से सबक लें नहीं तो दुर्घटनाएं होती रहेंगी : अखिलेश

एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि अगर हाथरस में हुई भगदड़ की घटना में प्रशासनिक चूक से सबक नहीं लिया



गया तो भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं और होंगी. यादव ने अरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार भगदड़ की घटना में मामूली गिरफ्तारियां करके अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है. इस हादसे में 121 लोगों की जान चली गई थी. अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उप्र शासन-प्रशासन हाथरस हादसे में अपनी नाकामी छुपाने के लिए छोटी-मोटी गिरफ़्तारियां दिखाकर सैकड़ों लोगों की मौत से अपनी जिम्मेदारी का पल्ला झाड़ना चाहता है. उन्होंने कहा, अगर ऐसा हुआ तो इसका मतलब ये निकलेगा कि इस तरह के आयोजन में हुई शासनिक-प्रशासनिक विफलता से किसी ने कोई सबक़ नहीं लिया और ऐसी दुर्घटनाएं भविष्य में भी होती रहेंगी. उन्होंने कहा, शासन-प्रशासन किसी ख़ास मंशा से व्यर्थ में ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर रहा है जो मूल आयोजन स्थल से दूर थे और गिरफ्तारी के बाद उनको ही दोषी ठहराये जाने की तैयारी कर रहा है. ये गिरफ्तारियां स्वयं में एक षड्यंत्र हैं.

## यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के विकल्प खुले हैं : व्लादिमीर पुतिन

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है. पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को नाटो के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं. पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है.

## अदालत ने 12 वर्षीय बलात्कार पीड़िता को 26 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दी

एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 12 वर्षीय एक बलात्कार पीड़िता को 26 सप्ताह के भ्रूण का गर्भपात कराने की अनुमति दी है. अदालत ने राज्य सरकार द्वारा संचालित गांधी अस्पताल के अधीक्षक को पीड़िता का गर्भपात 48 घंटे में कराने के लिए आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति बी विजयसेन रेड्डी ने आदेश दिया कि बच्ची के गर्भपात की प्रक्रिया अस्पताल की वरिष्ठतम स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाएगी और डीएनए एवं अन्य जांच के लिए भ्रूण के ऊतक और रक्त के नमूने एकत्र किए जाएंगे. इससे पहले, गांधी अस्पताल के चिकित्सकों ने पीड़िता



की मां (याचिकाकर्ता) से कहा था कि चूंकि पीड़िता को गर्भधारण किए 24 सप्ताह से अधिक समय हो चुका है, इसलिए गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2021 के प्रावधानों के तहत उसका गर्भपात नहीं किया जा सकता. इसके बाद पीड़िता की मां ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था. न्यायमूर्ति रेड्डी ने गांधी अस्पताल के अधीक्षक को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने और पीड़िता का गर्भपात कराने की संभावना का पता लगाने तथा लड़की की पहचान उजागर किए बिना एक सीलबंद लिफाफे में अदालत को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था. याचिकाकर्ता की वकील वसुधा नागराज ने तर्क दिया कि पीड़िता से कई लोगों ने बलात्कार किया था और यदि उसे गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जाता है, तो इससे उसके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा. उन्होंने यह भी तर्क दिया कि न केवल पीड़िता, बल्कि जन्म लेने वाले बच्चे को भी शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा.

## जम्मू से 5,800 तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए 5,800 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था शनिवार सुबह जम्मू के दो आधार शिविर से रवाना हुआ. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भारी बारिश के बीच शनिवार सुबह वाहनों के दो अलग-अलग काफिलों में 1,118 महिलाओं और 18 बच्चों समेत कुल 5,876 तीर्थयात्रियों का नौवां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ. अधिकारियों ने बताया कि 3,759 तीर्थयात्रियों का एक जत्था 134 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ, जबकि 111 वाहनों पर सवार 2,117 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था बालटाल के लिए रवाना हुआ. अमरनाथ यात्रा 52 दिन की है.

### साक्षात्कार | अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनावी दौर से बाहर होने के अटकलों पर लगाया विराम

# 'सर्वशक्तिमान ईश्वर' ही मुझे चुनावी दौड़ से बाहर कर सकता है

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई पहली बहस में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें मुकाबले से बाहर होने के लिए राजी कर सकते हैं. बाइडन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल से साक्षात्कार के दौरान कही. राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडन की लोकप्रियता की 'रेटिंग' गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं



राष्ट्रपति जो बाइडन

की पार्टी (डेमोक्रेटिक पार्टी) के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था. बाइडन ने कहा कि राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी पहली बहस से पहले वह थके हुए और बीमार थे. अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने साथ ही कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं. बाइडन ने दावा किया कि वह दुनिया को चला रहे हैं'' और राष्ट्रपति बनने के लिए उनसे ज्यादा योग्य कोई नहीं है.

### बाइडन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया

दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया. बाइडन ने 'एबीसी न्यूज' से साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव के तहत हुई अपनी पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कहा, मैं थक गया था. मैंने तैयारी के दौरान अपने मन की बात नहीं सुनी. अपनी पहली बहस के बाद किसी टेलीविजन चैनल के साथ उनका पहला साक्षात्कार था. उन्होंने कहा, मैं बीमार था. मैं बहुत अस्वस्थ महसूस कर रहा था. चिकित्सक मेरे साथ थे. मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी कोविड-19 संबंधी जांच की है. वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि मेरे बीमार होने का कारण क्या है. उन्होंने मेरी कोविड जांच की लेकिन मुझे संक्रमण नहीं हुआ था. मुझे बस सर्दी लगी थी. बाइडन ने कहा कि बहस में उनके खराब प्रदर्शन में किसी और की नहीं बल्कि मेरी गलती थी. बाइडन ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के किसी भी प्रमुख नेता ने उनसे चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है. उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से तभी हटेंगे जब सर्वशक्तिमान ईश्वर उनसे ऐसा करने के लिए कहेंगे. उन्होंने कहा, अगर सर्वशक्तिमान ईश्वर धरती पर आकर कहेंगे कि 'जो (बाइडन), दौड़ से बाहर हो जाओ', तो मैं चुनावी दौड़ से बाहर हो जाऊंगा.

### इजराइल का गाजा पर एयर स्ट्राइक
## दो बच्चे समेत छह की मौत

एजेंसी। दीर अल-बलाह (फिलिस्तीन)



इजराइल और गाजा के बीच युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. इजराइल ने एक बार फिर मध्य गाजा के अलग-अलग जगहों पर हवाई हमला किया है. इस हमले में छह लोगों की मौत हो गयी. इसमें संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मी और दो बच्चे भी शामिल है. इस हमले में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है.

फलस्तीनी अस्पताल (अल अक्सा शहीद) के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है. हालांकि इजराइली सेना ने इन हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है. अस्पताल के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजराइल ने गाजा के सलाह अल-दीन मार्ग पर स्थित मघाजी शरणार्थी शिविर के पास हमला किया. जिसमें तीन व्यस्कों की मौत हो गयी. जबकि कई लोग घायल हो गये. इनमें से संयुक्त राष्ट्र का कर्मी बताया जा रहा है. वहीं नुसेरात शरणार्थी शिविर में हुए हमले में भी एक वयस्क और दो बच्चों की मौत हो गयी. इन हमलों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली वार्ताकारों का एक दल हमास के साथ संघर्ष विराम और बंधकों की अदला-बदली के समझौते पर अगले सप्ताह फिर से वार्ता शुरू करेगा.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)